हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com भोपाल, शनिवार 16 दिसंबर 2023

मध्यप्रदेश शासन

# 'पहुंचेंगे हर वंचित तक'



नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री

# विकसित भारत संकल्प यात्रा

प्रधानमंत्री
## नरेन्द्र मोदी
द्वारा
वर्चुअल एवं
## डॉ. मोहन यादव
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश की गरिमामयी उपस्थिति में

# शुभारंभ

16 दिसम्बर, 2023 | अपराह्न 3:00 बजे
दशहरा मैदान, उज्जैन, मध्यप्रदेश



डॉ. मोहन यादव
मुख्यमंत्री

D-11154/23

एमपी के मन में मोदी




- भारत के माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा पांच राज्यों मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना, राजस्थान एवं मिजोरम की प्रचार वेन का हरी झंडी दिखाकर वर्चुअल शुभारंभ
- माननीय प्रधानमंत्री जी का आम जन को संदेश एवं विभिन्न योजनाओं पर आधारित फिल्मों का प्रदर्शन
- केन्द्र एवं राज्य शासन की जनहित योजनाओं का पात्र हितग्राहियों को शत-प्रतिशत लाभ
- प्रचार वेन के माध्यम से योजनाओं की जानकारी आम जन तक पहुंचाना
- **'मेरी कहानी मेरी जुबानी'** यानी लाभार्थियों के अनुभवों से योजनाओं का प्रचार-प्रसार
- शेष बचे पात्र हितग्राहियों का चिन्हांकन
- स्वास्थ्य कैम्प, क्विज़, सांस्कृतिक कार्यक्रम व ड्रोन प्रदर्शन जैसे जागरुकता कार्यक्रम
- ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों की अनेक योजनाएं सम्मिलित

सीधा प्रसारण https://pmindiawebcast.nic.in @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh @Cmmadhyapradesh @jansamparkMP JansamparkMP

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी
आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2023

मध्यप्रदेश शासन

# मोदी जी की गारंटी

## यानी गारंटी पूरी होने की गारंटी

## "हर संकल्प पूरा करने को प्रतिबद्ध" - डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश

### मध्यप्रदेश संकल्प पत्र 2023 में उल्लेखित कुछ प्रमुख संकल्प



#### सशक्त नारी

- पात्र बहनों को आर्थिक सहायता एवं पक्का आवास
- 15 लाख महिलाओं को लखपति योजना में कौशल प्रशिक्षण देकर बनायेंगे लखपति
- लाड़ली लक्ष्मियों को 21 वर्ष तक कुल ₹ 2 लाख
- पात्र बहनों को ₹ 450 में गैस सिलेण्डर
- बीपीएल परिवार की बेटियों को केजी से पीजी तक मुफ्त शिक्षा

#### समृद्ध किसान

- किसानों को पीएम किसान एवं मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना में ₹ 12,000 की प्रतिवर्ष सहायता
- ₹ 2700 प्रति क्विंटल गेहूं एवं ₹ 3100 प्रति क्विंटल धान की खरीद, बोनस भी

#### जनजातीय कल्याण

- ₹ 3 लाख करोड़ से जनजातीय समुदाय का सशक्तिकरण
- तेंदूपत्ता संग्रहण दर बढ़कर होगी ₹ 4,000 प्रति बोरा
- हर एसटी ब्लॉक में एकलव्य विद्यालय
- एसटी बहुल मंडला, खरगोन, धार, बालाघाट एवं सीधी जिले में मेडिकल कॉलेज की स्थापना
- ₹ 100 करोड़ से पूजा स्थलों का विकास एवं नवीनीकरण



डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री

#### सुशासन एवं कानून व्यवस्था

- कमिश्नर प्रणाली भोपाल एवं इंदौर के बाद जबलपुर और ग्वालियर में होगी लागू
- भोपाल में राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय का निर्माण

#### सबका साथ, सबका विकास

- 5 वर्षों तक मिलता रहेगा प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना का लाभ
- प्रधानमंत्री आवास योजना के साथ ही मुख्यमंत्री जन आवास योजना में पक्के आवास
- वरिष्ठ एवं दिव्यांग जन को ₹ 1500 मासिक पेंशन
- गिग वर्कर्स के कल्याण एवं अधिकारों के लिए बोर्ड
- पीएम विश्वकर्मा योजना में पारंपरिक कारीगरों को ₹ 15 हजार की वित्तीय सहायता, ₹ 500 दैनिक भुगतान
- असंगठित श्रमिकों के लिए ई-श्रम पोर्टल, आयुष्मान भारत का 100% पंजीकरण

#### उत्तम शिक्षा एवं सक्षम युवा

- गरीब परिवारों के छात्रों को कक्षा 12 तक मुफ्त शिक्षा
- मिड-डे मील के साथ पौष्टिक नाश्ता भी
- हर संभाग में IIT की तर्ज पर मध्यप्रदेश इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी
- हर परिवार में कम से कम एक युवा को रोज़गार-स्वरोज़गार
- मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना में कौशल प्रशिक्षण एवं ₹ 10 हजार तक स्टाइपेंड
- हर जिले में एक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स

#### स्वस्थ प्रदेश

- आयुष्मान योजना में ₹ 5 लाख से ऊपर खर्च होने पर प्रदेश सरकार उठाएगी इलाज का खर्च
- ₹ 20,000 करोड़ से सुचारु होंगी स्वास्थ्य सुविधाएं
- हर संभाग में एम्स की तर्ज पर मध्यप्रदेश इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस की स्थापना
- हर संसदीय क्षेत्र में मेडिकल कॉलेज एवं 2,000 मेडिकल सीटों की वृद्धि

#### सुदृढ़ आधारभूत संरचना

- क्षेत्रीय विकास के लिए बुंदेलखंड, विंध्य एवं महाकौशल विकास बोर्ड
- अटल गृह ज्योति योजना में ₹ 100 में 100 यूनिट बिजली
- विंध्य एक्सप्रेसवे, नर्मदा पथ, अटल प्रगति पथ, मालवा-निमाड़ पथ, बुंदेलखंड पथ एवं मध्य भारत विकास पथ का निर्माण
- 80 रेलवे स्टेशनों का विश्वस्तरीय आधुनिकीकरण
- वंदे मेट्रो एवं वंदे भारत स्लीपर ट्रेनों का विस्तार
- रीवा, सिंगरौली एवं शहडोल में हवाई अड्डे
- भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर में मेट्रो रेल

#### सांस्कृतिक धरोहर एवं विकसित पर्यटन

- संत शिरोमणि गुरुदेव श्री रविदास जी का स्मारक निर्माण एवं ₹ 150 करोड़ से धरोहर संरक्षण मिशन शुरू करके ऐतिहासिक स्मारकों का नवीनीकरण
- सभी जनजातीय नायकों के भव्य स्मारकों का निर्माण
- 13 सांस्कृतिक लोकों का निर्माण
- नमामि नर्मदे परियोजनाएं शीघ्र होंगी पूर्ण
- ₹ 7,500 करोड़ के निवेश के साथ 2 लाख युवाओं को पर्यटन के क्षेत्र में प्रशिक्षण, रोज़गार तथा स्वरोज़गार के अवसर

#### प्रगतिशील अर्थव्यवस्था एवं औद्योगिक विकास

- अगले 7 वर्ष में प्रदेश को ₹ 45 लाख करोड़ की अर्थव्यवस्था बनायेंगे
- ₹ 20 लाख करोड़ का निवेश लाकर प्रति व्यक्ति आय करेंगे दोगुनी
- एक्सप्रेस-वे के पास औद्योगिक कॉरिडोर का निर्माण कर 4.50 लाख से अधिक युवाओं को रोज़गार और स्वरोज़गार के अवसर
- 10 नए एमएसएमई क्लस्टरों का निर्माण एवं ₹ 5 हजार करोड़ के निवेश के साथ एमएसएमई उद्योगों को न्यूनतम दर पर ऋण

## एमपी के मन में मोदी

D-11154/23

## सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी

आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2023

भोपाल
शनिवार, 16 दिसंबर 2023
अगहन मास शुक्ल पक्ष-04
वर्ष : 10, अंक : 269
पृष्ठ : 14 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 25
न्यून. 13

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi com

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

### मुख्यमंत्री यादव उज्जैन से होंगे भारत संकल्प यात्रा में शामिल, सीएम ने कलेक्टरों से कहा

# विकसित भारत संकल्प यात्रा में आने वाले आवेदनों पर त्वरित 'कार्रवाई' हो

सबसे ज्यादा आवेदनों का निपटारा करने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों को पुरस्कृत किया जाएगा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जनप्रतिनिधियों व सभी कलेक्टरों से कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा में आने वाले आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई होनी चाहिए। पात्र लाभार्थियों को हित लाभ का वितरण होगा। उन्होंने कलेक्टर्स को निर्देश दिए कि आवेदन अपात्र होने की स्थिति में संबंधित व्यक्ति को सूचित अवश्य करें। कहीं से यह शिकायत नहीं मिलनी चाहिए कि उनके आवेदनों पर कार्रवाई के बजाए लीपापोती की गई है।

उन्होंने कहा कि सबसे ज्यादा आवेदनों का निबटारा करने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों को पुरस्कृत किया जाएगा। मुख्यमंत्री यादव शुक्रवार को सुबह करीब 10 बजे सबसे पहले जयपुर पहुंचे। वे राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होकर उनको शुभकामनाएं दी। उन्होंने दीया कुमारी और डॉ. प्रेमचंद बैरवा को भी उप मुख्यमंत्री बनने पर शुभकामनाएं दी। वहां विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्रियों व केंद्रीय नेताओं के ▶▶शेष पेज 4 पर ▶▶पढ़ें पेज 08 भी

*डॉ. यादव ने जयपुर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह और समारोह में मौजूद केंद्र सरकार के अन्य मंत्रियों व राष्ट्रीय नेताओं से सौजन्य भेंट की।*




### मुख्यमंत्री को मिली जेड प्लस सुरक्षा...

केंद्र सरकार ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव की सुरक्षा बढ़ा दी है। उन्हें जेड प्लस सुरक्षा दी गई है। एक दो दिन में सुरक्षा एजेंसियों की ओर से मिली इनपुट के आधार पर सुरक्षा बढ़ाई गई है। उनकी सुरक्षा में तीन दर्जन एनएसजी कमांडो के अलावा राज्य पुलिस के अधिकारी कर्मचारी भी तैनात रहेंगे।


मुख्यमंत्री डॉ. यादव को पुलिस मुख्यालय में जवानों द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।

### मप्र समेत पांच राज्यों में पीएम मोदी आज 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' को वर्चुअली दिखाएंगे हरी झंडी

नई दिल्ली। पीएम नरेंद्र मोदी शनिवार को 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' के तहत पांच राज्यों- मप्र, छग, तेलंगाना, राजस्थान और मिजोरम में सूचना-शिक्षा-संचार वैन को वर्चुअली हरी झंडी दिखाएंगे। यात्रा का शुभारंभ शाम चार बजे से होगा। पीएम वर्चुअल माध्यम से यात्रा के अंतर्गत आयोजित होने वाले कार्यक्रमों से जुड़ेंगे और हितग्राहियों से चर्चा करेंगे। बता दें कि पीएम मोदी ने 15 नवंबर को झारखंड के खूंटी से विकसित भारत संकल्प यात्रा की शुरुआत की थी। इस यात्रा के माध्यम से सरकार अपनी महत्वाकांक्षी पहल और योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने का काम रही है। केंद्र की फ्लैगशिप योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का काम आईईसी मोबाइल वैन के जरिए होगा। इसके जरिए मोदी का संदेश, योजनाओं की जानकारी और योजनाओं से संबंधित चलचित्र प्रदर्शित होंगे। योजनाओं के लाभ लेने के लिए आवेदन, लाभ वितरण भी सुनिश्चित किया जाएगा। योजनाओं को लेकर लिए क्विज, सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे। लाभार्थियों की उपलब्धियों को साझा करने 'मेरी कहानी-मेरी जुबानी' जैसे कार्यक्रम होंगे।

### नंबर-10 की तरह नंबर-7 की जर्सी को भी किया गया रिटायर




बीसीसीआई का बड़ा फैसला... अब भारत के किसी खिलाड़ी को इन दोनों नंबर की जर्सियां नहीं मिल पाएंगी

## धोनी को भी मिला सचिन जैसा सम्मान

एजेंसी ▶▶नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड यानी बीसीसीआई ने भारत के एक महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर के क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद उनकी जर्सी नंबर-10 को रिटायर कर दिया था। अब बीसीसीआई ने भारत के पूर्व महान कप्तान महेंद्र सिंह धोनी के जर्सी नंबर-7 को भी रिटायर कर दिया है। एक रिपोर्ट के मुताबिक बीसीसीआई ने महेंद्र सिंह धोनी के सम्मान में ▶▶शेष पेज 4 पर

#### अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में धोनी के कीर्तिमान

धोनी ने अपने करियर में कुल 90 टेस्ट, 350 वनडे, और 98 टी20 मैच खेले हैं। इन फॉर्मेट में धोनी ने क्रमशः 38.09 की औसत से 4876 रन, 50.57 की औसत से 10,773 रन, और 37.60 की औसत से 1617 रन बनाए थे। इसके अलावा धोनी ने बतौर विकेटकीपर टेस्ट ▶▶शेष पेज 4 पर

### मथुरा शाही ईदगाह सर्वे पर रोक से सुप्रीम कोर्ट का इनकार



## सर्वे पर 'सुप्रीम मुहर'

### मुस्लिम पक्ष को झटका, 9 जनवरी को अगली सुनवाई

एजेंसी ▶▶नई दिल्ली

मथुरा के शाही ईदगाह मामले में सुप्रीम कोर्ट से मुस्लिम पक्ष को कोई राहत नहीं मिली है। अधिवक्ता सर्वे को लेकर इलाहाबाद हाईकोर्ट के फैसले को बरकरार रखा है। अगली सुनवाई 9 जनवरी को होगी। गुरुवार को इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मथुरा स्थित श्रीकृष्ण जन्मभूमि शाही ईदगाह परिसर का अधिवक्ता आयुक्त (एडवोकेट कमिश्नर) से सर्वे कराए जाने की मांग से जुड़ी अर्जी मंजूर कर ली थी। इसके साथ ही शाही ईदगाह के सर्वे कमिश्नर की ▶▶शेष पेज 4 पर

## खबर संक्षेप

### निवेशकों ने कमाए 8.55 लाख करोड़

नई दिल्ली। अमेरिकी सेंट्रल बैंक फेड रिजर्व ने अगले साल ब्याज दरों में कटौती का संकेत दिया है। इससे शेयर बाजार बम-बम हैं। भारत में भी शुक्रवार को लगातार दूसरे दिन इसका असर देखने को मिला। सेंसेक्स और निफ्टी हफ्ते के अंतिम कारोबारी दिन ऑल-टाइम हाई पर पहुंच गए। निवेशकों ने पांच दिन में 8.55 लाख करोड़ रुपए कमाए।



### बेंगलुरु में सॉफ्टवेयर इंजीनियर से गैंगरेप

बेंगलुरु। कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु से एक हैरान कर देने वाली घटना सामने आई है। यहां एक सॉफ्टवेयर इंजीनियर ने आरोप लगाया है कि वह मंगलवार को एक पब में गई थी और जब वह अगली सुबह सोकर उठी तो एक अजनबी के घर में थी। महिला ने अपने साथ गैंगरेप का आरोप लगाते हुए पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है।



### अभिनेता श्रेयस तलपड़े को हार्ट अटैक, हालत में सुधार

मुंबई। अभिनेता श्रेयस तलपड़े को दिल का दौरा पड़ा था। उन्हें मुंबई के अंधेरी स्थित बेलेव्यू अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अस्पताल में वे आईसीयू में हैं, जहां उनकी एंजियोप्लास्टी हुई है। डॉक्टरों ने बताया कि श्रेयस की हालत अब स्थिर है। गुरुवार को मुंबई में एक फिल्म की शूटिंग के बाद उनकी तबीयत बिगड़ गई और वे अचानक गिर पड़े थे।



### मेट्रो के दरवाजे में महिला की साड़ी और जैकेट फंसी

नई दिल्ली। इंद्रलोक मेट्रो पर गुरुवार को एक महिला की साड़ी और जैकेट दरवाजे में फंस गई। इसके बाद ट्रेन चल पड़ी और उसे कई मीटर तक घसीटते हुए आगे बढ़ गई। महिला ट्रैक पर गिर पड़ी और गंभीर रूप से घायल हो गई। महिला को तत्काल सफदरजंग अस्पताल ले जाया गया, जहां उसे न्यूरो सर्जरी के आईसीयू वार्ड में भर्ती कराया गया है।



## भजनलाल ने ली सीएम पद की शपथ




**दीया कुमारी और प्रेमचंद बैरवा ने ली डिप्टी सीएम की शपथ**

जयपुर। भजनलाल शर्मा राजस्थान के नए सीएम बन गए हैं। शुक्रवार को जयपुर के अलबर्ट हॉल में आयोजित भव्य कार्यक्रम में राज्यपाल कलराज मिश्र ने भजनलाल शर्मा को सीएम पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। भजनलाल के साथ दो डिप्टी सीएम ▶▶शेष पेज 4 पर ▶▶पढ़ें पेज 9 भी

#### सीएम के आदेश को धर्म गुरुओं ने पूरा किया

### मुस्लिमों ने खुद उतारा मस्जिद से लाउडस्पीकर, हुआ स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ग्वालियर

ग्वालियर के सिरसोद गांव में नए मुख्यमंत्री मोहन यादव के आदेश को खुद धर्म गुरुओं ने पूरा किया। सीएम यादव ने हाल ही में निर्देश दिए थे कि कहीं भी लाउड स्पीकर का इस्तेमाल नहीं होगा। इसके बाद सिरसोद गांव में धर्म गुरुओं ने खुद ही धार्मिक स्थलों से लाउड स्पीकर उतरवाए। उनके इस कदम ▶▶शेष पेज 4 पर



#### मधुबनी से मुंबई जा रही ट्रेन में आग

### एसी कोच की खिड़की तोड़कर यात्रियों को निकाला गया बाहर

एजेंसी ▶▶मधुबनी

बिहार के मधुबनी जिले के जयनगर में मुंबई जाने वाली ट्रेन पवन एक्सप्रेस के एसी कोच में शुक्रवार को आग लग गई। घटना के बाद स्टेशन पर अफरातफरी मच गई। ट्रेन के अंदर बैठे यात्री घबरा गए। उन्हें खिड़की तोड़कर ट्रेन से बाहर निकाला गया। हालांकि किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। आग की ▶▶शेष पेज 4 पर







### राजगढ़ और पचमढ़ी में 8 डिग्री के नीचे आया तापमान

## उत्तरी हवाओं से बढ़ी ठिठुरन, उमरिया सबसे ठंडा रहा...6.5 डिग्री पर पहुंचा 'तापमान'

प्रदेश में सर्वाधिक अधिकतम तापमान 28.2 डिग्री रतलाम में दर्ज किया गया

*राजधानी समेत प्रदेश में अब रातें भी सर्द*

### गुरुवार-शुक्रवार की रात तेज ठंड रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

उत्तरी हवाओं से मध्यप्रदेश में रात के तापमान में गिरावट होने के साथ ठिठुरन बढ़ा दी है। प्रदेश का उमरिया जिला सबसे ज्यादा ठंडा रहा। यहां रात तापमान 6.5 डिग्री पर पहुंचा गया है। राजधानी समेत प्रदेश में अब रातें भी सर्द हो गई हैं। गुरुवार-शुक्रवार की रात तेज ठंड ▶▶शेष पेज 4 पर





#### यहां 10 डिग्री से नीचे पहुंचा पारा

प्रदेश के कई इलाकों में रात का पारा 10 डिग्री से भी नीचे लुड़क गया। जबलपुर में पारा 9.01, मंडला में 9.02, नोगांव में 8, रीवा में 8.6, सतना में 9.4, सीधी में 9, उमरिया में 7.5, दतिया में 9.5, ग्वालियर में 9.3, पचमढ़ी में 8.4 और रायसेन में 9.4 डिग्री पर पहुंच गया।

# मणिपुरी अंदाज में गीत संगीत से सजी 'काबुई केओईबा' की दी प्रस्तुति

## मणिपुरी नाटक और छाऊ शैली में नृत्य नाटिका के साथ अनुगूंज का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा कला से समृद्ध शिक्षा के तहत आयोजित दो दिवसीय अनूगूंज समारोह का समापन शुक्रवार को नाट्य प्रदर्शन के साथ हुआ। वर्ड क्लासिक्स की केन्द्रीय थीम पर सजे अनुंगूज की समापन संध्या के कार्यक्रमों का शुभारंभ वरिष्ठ नाट्य अभिनेता तथा निर्देशक आलोक चटर्जी तथा स्कूल शिक्षा विभाग की प्रमुख सचिव रश्मि अरूण शमी ने किया। कार्यक्रम में छाऊ नाटिका केसाथ साथ सौरभ अनंत के निर्देशन में नाटक 'काबुई केओईबा' का मंचन किया गया, यह नाटक पूरी तरह गीत संगीत पर आधारित रहा।



रंगबिरंगी वेशभूषा में बैग पाइपर बैंड की प्रस्तुति

रंगकार की अंतिम प्रस्तुती के रूप में मॉडल स्कूल के विद्यार्थियों ने रंगबिरंगी वेशभूषा में बैग पाइपर बैण्ड से विभिन्न धुनों की राग पर दर्शकों को थिरकने के लिए मजबूर कर दिया। समारोह के अंत में क्लोजिंग म्यूजिक पर नाचती ट्रस लाईट्स पर विद्यार्थियों ने एक-दूसरे को अगले वर्ष पुनः मिलने के वादे के साथ विदाई दी। इस दौरान बड़ी संख्या में उपस्थित दर्शकों ने निरन्तंर तालियों के साथ बाल कलाकारों का उत्साह बढ़ाया।

### 'काबुई केओईबा' की कहानी

'काबुई केओईबा' गांव में तंत्र-मंत्र करने वाला एक ओझा है, एक दिन उसने तांत्रिक क्रिया के रूप में खतरनाक प्रयोग किया और बन गया 'काबुई केओईबा' जिसका चेहरा खूंखार शेर का था और बाकी धड़ मनुष्य का। उसी गांव में रहते हैं सात भाई जो अपनी बहुत ही लाड़ली बहन थाबाटन के साथ रहते हैं। एक दिन सातों भाई कामकाज करने पर देश जाने से पहले अकेली अपनी बहन की सुरक्षा के लिए एक मंत्र उसे सुनते हैं। उसे मंत्र को पड़ोस में रहने वाली बुड़िया सुन लेती है। एक दिन केओईबा उनकी बस्ती में शिकार के लिए आता है और बुढ़िया को दबोच लेता है। बुढ़िया अपनी जान बचाने के लिए उसे थाबा का शिकार करने की सलाह देती है। बुढ़िया बिल्कुल भाइयों के अंदाज में मंत्र पढ़ती है। थाबा को लगता है कि उसके भाई आ गए वो दरवाजा खोल देती है, पर सामने खड़ा है। खतरनाक केओईबा और इस प्रकार बेहद ही मुश्किल परिस्थितयों में सातों भाई अपनी बहन की रक्षा करते हैं।



### छाऊ शैली में खास रही चक्रबीहु नृत्य नाटिका

द्वितीय दिवस रंगकार के अंतर्गत छाऊ शैली में चक्रबीहु नृत्य नाटिका में महाभारत के अभिमन्यु युद्ध प्रसंग को विद्यार्थियों ने मंच पर साकार किया। इस नृत्य नाटिका का निर्देशन अतंर्राष्ट्रीय बैले निदेशक दयानिधि मोहन्ता ने किया। इसके बाद मणिपुरी लोक कथा पर आधारित नाट्य प्रस्तुति 'काबुई केओईबा' की मनमोहक प्रस्तुती में 70 विद्यार्थी ठेठ मणिपुरी अंदाज की वेशभूषा और संवाद अदायगी करते नजर आए। इस नाटक का निर्देशक राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त नाट्य निदेशक सौरभ अनंत ने किया।

भोपाल आए सिंगर लक्ष्य कपूर ने बताए अनुभव

# आईआईआईटी छोड़कर बिजनेस संभाला, लेकिन बन गया सिंगर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मेरी इस जर्नी में बहुत सारे उतार-चढ़ाव हैं। सोचा नहीं था कि इस लाइन में आऊंगा, लेकिन जब लोगों ने मुझे सोशल मीडिया में नोटिस किया तो बाय डिफॉल्ट आ गया और आज मैं यहां अपने फेंस की वजह से हूं। यह कहना था, सिंगर लक्ष्य कपूर का, जो संस्कृति विभाग द्वारा आयोजित अनुश्रुति कार्यक्रम में परफॉर्म करने आए थे। हरिभूमि से बातचीत में लक्ष्य ने अपने जीवन से जुड़े पहलुओं पर चर्चा की। लक्ष्य ने बताया कि आईआईआईटी बीच में छोड़कर परिवार के लिए बिजनेस शुरू किया, लेकिन गाने के शौक ने सिंगर बना दिया। आज मेरी पहचान बिजनेसमैन से अधिक सिंगर के रूप में अधिक होती है।

हरिभूमि चर्चा



### लॉकडाउन के करण जौहर सर ने मेरा वीडियो देखा और मुझे ब्रेक दिया

लक्ष्य ने बताया कि उनकी इस जर्नी की शुरुआत लॉकडाउन के समय तब शुरू हुई, जब करण जौहर की एक मूवी के सॉन्ग का वीडियो उन्होंने बनाया था, किसी ने वह वीडियो करण जौहर को भेज दिया था। थैंक टू लॉकडाउन की उनको वह वीडियो देखने का टाइम मिल, उनको मेरी आवाज अच्छी लगी, तब उन्होंने मुझे बुलाया। इसके बाद उनकी कंपनी ने मुझे साइन किया।

### अच्छी अपॉचुनिटी मिली तो करूंगा एक्टिंग

उन्होंने कहा कि आज मैं जिन लोगों के बीच में हूं, वहां मैं जब चाहूं तब एक्टिंग शुरू कर सकता है। मुझे अच्छी अपॉचुनिटी मिलेगी तो मैं जरूर एक्टिंग करूंगा। अभी म्यूजिक वीडियो में एक्टिंग करने का मौका मिलता है। भोपाल में पहली बार परफॉर्म करने आया हूं और भोपाल मुझे काफी पसंद आया।

## खबर संक्षेप

### आरडीसी-2024 मप्र-छग दल के लिए एनसीसी कैडेट्स का चयन

**भोपाल।** अतिरिक्त महानिदेशक मप्र-छग निदेशालय मेजर जनरल एके महाजन और अधिकारियों की एक टीम द्वारा आरडीसी-2024 मप्र-छग दल के लिए एनसीसी कैडेटों का चयन किया गया। चयन भोपाल स्थित मैनिट कैंपस में 1 एमपी सीटीआर एनसीसी ग्रुप भोपाल द्वारा चलाए जा रहे प्री आरडीसी कैंप में किया गया। चयनित कैडेटों ने ड्रिल, फ्लैग एरिया और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में असाधारण कौशल का प्रदर्शन किया।

### रामायण की थीम पर मनाया जाएगा स्कूल का वार्षिक उत्सव

**भोपाल।** भोपाल माइलस्टोन पब्लिक स्कूल कोलार का वार्षिक उत्सव शनिवार को मनाया जाएगा। इस दौरान विशेष रूप से रामायण की थीम पर आयोजित होगा। एलएनसीटी ऑडिटोरियम कोलार में शाम 4 बजे से वार्षिक उत्सव का शुभारंभ होगा।

### दादाजी धाम मंदिर में स्वास्थ्य शिविर का अयोजन

**भोपाल।** राजधानी के रायसेन रोड के पास पटेल नगर स्थित दादाजी धाम मंदिर में शुक्रवार को दादाजी गुरुदेव की 13वीं पुण्यतिथि मनाई गई। इस अवसर पर अभिषेक, पूजन, हवन, आरती में सभी भक्तों उपस्थित थे। दादाजी गुरुदेव के मार्गदर्शन से सहगल हॉस्पिटल के डॉक्टर्स के मार्गदर्शन में मुख एवं दांत परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में भक्त ने दांतों का परीक्षण कराया।

### नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल पर आवेदन अब 31 तक

**भोपाल।** शैक्षिणिक वर्ष 2023-24 के लिए शिक्षा हेतु वित्तीय सहायता योजना में लाभ प्राप्त करने के लिए पात्र प्री-मैट्रिक छात्र-छात्राओं को नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल पर आवेदन करने की अंतिम तिथि में वृद्धि कर 31 दिसंबर कर दिया है। योजना में प्रदेश के बीड़ी, चूना पत्थर एवं डोलोमाइड और लोह मैंग्नीज आयस्क खदान श्रमिकों के मान्यता प्राप्त शैक्षिणिक संस्थाओं में अध्ययनरत पूत्र-पूत्रियों को वित्तीय सहायता योजना में कक्षा -एक से उच्च शिक्षा गृहण करने पर अधिकतम 25 हजार रूपये स्वीकृत की जाती है।

अनुश्रुति के तहत रवींद्र भवन में हुआ अयोजन, लोकगायकों ने दी प्रस्तुति

# मैहर बैंड के सुमधुर संगीत, बुंदेली गीत और एक से बढ़कर एक गजलों ने किया श्रोताओं को मंत्रमुग्ध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

## अनुश्रुति में गूंजे रमता जोगी..., केसरिया तेरा इश्क...., अपना बना ले पिया.... जैसे गीत

मध्यप्रदेश शासन, संस्कृति विभाग द्वारा नवीन मासिक श्रृंखला अनुश्रुति के तहत प्रथम आयोजन रवीन्द्र भवन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम से पहले पूर्वरंग का आयोजन किया गया, जिसमें विदिशा से पधारे लोकगायक परमानन्द केवट एवं साथियों ने बुंदेली गीतों की प्रस्तुति से वातावरण को सुरीला बनाया। तत्पश्चात हंसध्वनी सभागार में शासकीय संगीत महाविद्यालय, मैहर द्वारा मैहर बैंड की प्रस्तुति से सुमधुर संगीत प्रस्तुत किया। इस प्रस्तुति के तहत उन्होंने राग किरवानी से शुरुआत की। इसके बाद रघुपति राघव राजाराम...., गांधी जी के अन्य भजन एवं निमाड़ी धुन की प्रस्तुति दी। गौरतलब है की मैहर बैंड विश्व का पहला शास्त्रीय संगीत का बैंड है।

### अगर तलाश करूं कोई मिल ही जाएगा...



इस प्रस्तुति के बाद वाणी राव एवं साथी, भोपाल द्वारा गजल प्रस्तुति दी गई। हरफनमौला युवा गायिका ने अपनी गजलों के गुलदस्ता के साथ प्रथम प्रस्तुति अपने गुरु की स्वर रचित डॉ. बशीर बद्र की गजल अगर तलाश करूं कोई मिल ही जाएगा... को सुना कर माहौल को खुशनुमा कर एक से बढ़ कर एक गजलें सुना कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। आगे उन्होंने शायर फैज अहमद फैज, नासिर साहब, फैयाज हाशमी, ताहिर फराज ,अहमद फराज बड़े-बड़े शायरों की गजलें सुना कर मौशिकी के रंग भर दिए। उनके साथ संगतकार सिंथसाइजर पर श्री साहिद मासूम, वायलिन पर श्री रईस और तबले पर शहनाज हुसैन ने संगत दी।

### लक्ष्य कपूर ने बिखेरा अपनी मिठास भरी आवाज का जादू

अंतिम प्रस्तुति के रूप में कार्यक्रम के आकर्षण लक्ष्य कपूर एवं साथी, मुम्बई द्वारा सुगम संगीत की प्रस्तुति दी गई। उन्होंने अपनी प्रस्तुति की शुरूआत रमता जोगी....गीत से की। अपनी मिठास भरी आवाज के साथ उन्होंने पहले ही गीत से श्रोताओं को बांध लिया। इसके बाद केसरिया तेरा इश्क...., अपना बना ले पिया...., सांसों की माला...., छैया छैया.... जैसे कई सुपरहिट गीत प्रस्तुत किए।

युवा उत्सव में हिस्सा लेने भोपाल आए अवध ओझा ने कहा

# बिना कोचिंग का सहारा लिए विद्यार्थी परीक्षा पास ही नहीं कर सकता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आईएएस, आईपीएस समेत किसी भी प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के लिए कोचिंग करना जरूरी नहीं है। कोचिंग संचालक और उद्योगपतियों द्वारा ऐसा महौल निर्मित किया गया है कि बिना कोचिंग का सहारा लिए विद्यार्थी कोई परीक्षा पास ही नहीं कर सकता, जबकि ऐसा नहीं हैं। कोचिंग से एक सिस्टम और अनुशासन मिलता। इसके साथ ही उसे शिक्षकों के अनुभव का सीधा लाभ मिलता है पर ऐसा नहीं है कि कोचिंग किए बिना या सेल्फ स्टडी से वह कोई परीक्षा नहीं निकाल सकता। यह कहना है शिक्षाविद् और मोटीवेशनल स्पीकर अवध ओझा का। आरएनटीयू द्वारा विश्वरंग के अंतर्गत आयोजित युवा उत्सव में हिस्सा लेने भोपाल आए अवध ओझा ने हरिभूमि से चर्चा में कहा कि आज इतिहास के पाठ्यक्रम में बदलाव की बात हो रही है, जो सही नहीं। वास्तविक इतिहास चाहे मुगलों का हो या अंग्रेजों का, राज्य संचालन और सत्ता चलाने के गुर, राजनीति, कूटनीति, विदेश नीति आदि उन्हीं से बेहतर तरीके से सीखी जा सकती है।

हरिभूमि चर्चा



### एग्जाम की तैयारी हो या अन्य कोई काम, पहले रिसर्च करना फिर करना

यूपीएससी की तैयारी में कई बच्चे अपने जीवन के 6-8 साल दे देते हैं। अंत में सिलेक्शन न होने पर उनके कॅरियर में कुछ करने को नहीं रह जाता है। मैं किसी को यूपीएससी की तैयारी करने से मना नहीं करता, लेकिन उन्हें सिर्फ दो अटेंप्ट ही देना चाहिए। एग्जाम की तैयारी हो या जीवन का अन्य कोई भी काम, पहले रिसर्च करना और स्थिति को समझना जरूरी है। आज स्टार्टअप्स का दौर है, युवा सेल्फ डिपेंडेंट और क्रिएटिव बनने का प्रयास करें।

### जब एग्जाम नहीं निकाल पाया तो तानों की बरसात हुई

किसी भी आम स्टूडेंट की तरह मेरा जीवन भी स्ट्रगल से भरा रहा है। परंतु मेरे पिताजी ने उत्साह और हिम्मत मुझे शुरुआत से दी थी। मैं दिल्ली तैयारी करने गया था, लेकिन जब एग्जाम नहीं निकाल पाया तो तानों की बरसात हुई। मुझे गांव में 'कमिश्नर कहा जाता था, लेकिन आज वे ट्रांसफर सहित अपने दूसरे कामों के लिए मुझे याद करते हैं। जब भी कुछ बड़ा करने का प्रयास करोगे या लंबी छलांग मारोगे तो दो ही नतीजे होंगे। जीत गए तो नीरज चोपड़ा और हार गए तो रोहित शर्मा। आज का यूथ ताली सुनने को तैयार है, लेकिन गाली के लिए नहीं।

### जो भी सत्ता में आता है वह चाहता है, समाज उसका दर्शन फॉलो करे

इतिहास पर काफी बहस होती है, लेकिन जो भी सत्ता में आता है वह चाहता है समाज उसका दर्शन फॉलो करे। यदि कल के दिन वामपंथी सत्ता में आ गए तो एमएन रॉय इस देश के हीरो बन जाएंगे। हिस्ट्री सही या गलत नहीं होती, क्योंकि उसे कोई न्यूट्रल पर्सन नहीं लिखता। इतिहास विजेताओं के द्वारा लिखा जाता है। मुगलों ने देश को जीता और राज कायम किया। उनकी कुछ चीजें सीखने लायक हैं।

# मिट्टी बचाएं- जीवन बचाएं पर आधारित अस्थायी प्रदर्शनी का उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

क्षेत्रीय प्राकृतिक विज्ञान संग्रहालय द्वारा मिशन लाईफ के अंतर्गत मिट्टी बचाएं-जीवन बचाएं नामक अस्थाई प्रदर्शनी का लोकार्पण शुक्रवार को किया गया। डॉ. संजय श्रीवास्तव, प्रधान वैज्ञानिक, भारतीय मृदा विज्ञान संस्थान (आईसीएआर) कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे। प्रदर्शनी में मृदा अर्थात मिट्टी- एक खजाना, मिट्टी का निर्माण, मिट्टी के घटक, मिट्टी के प्रकार, मिट्टी का पार्श्व, मिट्टी के



कार्य, मिट्टी की गुणवत्ता में कमी का कारण, मिट्टी की गुणवत्ता में कमी के परिणाम, मृदा संरक्षण की विधियां मिट्टी-टिकाऊ भविष्य की कुंजी, मिट्टी बचाने के लिए हम क्या कर सकते हैं आदि को पैनल के माध्यम से दर्शाया गया। संग्रहालय के वैज्ञानिक-सी श्री मानिक लाल गुप्त इस कार्यक्रम के समन्वयक थे।

### समन्वय भवन में लक्ष्मीकांत प्यारेलाल की संगीतमयी शाम कल

**भोपाल।** रविवार को समन्वय भवन सभागार टीटी नगर भोपाल में संगीतकार लक्ष्मीकांत प्यारेलाल के संगीत पर आधारित फिल्मी गीतों का कार्यक्रम होने जा रहा है। स्वरांजलि म्यूजिकल ग्रुप के आयोजक किरण दिघे और आकाश दिघे ने बताया कि इस कार्यक्रम में शहर के स्थापित कलाकार अशोक दुबे, राजेंद्र मालवीय, हेमंत मोर्य व ललिता मौर्य आदि भाग ले रहे हैं। यह कार्यक्रम लाइव ऑर्केस्ट्रा पर आधारित होगा।

अखिल भारतीय साहित्य परिषद की मासिक गोष्ठी

# बच्चे पढ़ेंगे, तभी बाल साहित्य लिखने की सार्थकता है: ऋषिकुमार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

विश्वरंग एवं वनमाली सृजन पीठ के विशेष सहयोग से अखिल भारतीय साहित्य परिषद की मासिक गोष्ठी बाल साहित्य पर आधारित विश्वरंग में बालरंग का आयोजन हुआ, जिसकी अध्यक्षता ऋषि कुमार मिश्रा महामंत्री अखिल भारतीय साहित्य परिषद ने की। कार्यक्रम का मुख्य आतिथ्य संतोष चौबे, विशिष्ट आतिथ्य मुकेश वर्मा, सारस्वत





अतिथि डॉ. साधना बलवटे निदेशक निराला सृजन पीठ थीं। ऋषिकुमार मिश्र ने कहा कि बच्चों को साहित्य की ओर लाने के लिए वातावरण निर्माण करने की आवश्यकता है क्योंकि बच्चे पढ़ेंगे तभी तो बाल साहित्य लिखने की सार्थकता है।

# निर्भया दिवस पर सुरक्षाः संवाद एवं संकल्प कार्यक्रम आज

**भोपाल।** मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड द्वारा महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से 'महिलाओं हेतु सुरक्षित पर्यटन स्थल का संचालन प्रदेश में किया जा रहा है। परियोजना का मुख्य उद्देश्य प्रदेश में आने वाले महिला पर्यटकों को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना है।

विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी निर्भया दिवस पर मध्यप्रदेश पर्यटन बोर्ड और पुलिस विभाग सामुदायिक पुलिसिंग योजना के समन्वय से सुरक्षाः संवाद एवं संकल्प कार्यक्रम का आयोजन होटल पलाश रेसीडेन्सी में 16 दिसंबर को दोपहर 3 बजे से किया जाएगा। कार्यक्रम में सेफ ऑटो ड्राईवर, बेस्ट परफार्मेंस-चेंज मेकर्स तथा अन्य पुरस्कारों का वितरण किया जाएगा साथ ही परियोजना अन्तर्गत पर्यटन बोर्ड एवं पुलिस विभाग द्वारा प्रशिक्षित युवतियों के माध्यम से आत्मरक्षा प्रशिक्षण विधा का प्रदर्शन किया जाएगा।

### हिंदी भवन में वरिष्ठ विमर्श आज

**भोपाल।** मप्र राष्ट्रभाषा प्रचार समिति द्वारा प्रतिमाह के दूसरे शनिवार को आयोजित की जाने वाली नियमित श्रृंखला वरिष्ठ विमर्श का आयोजन शनिवार 16 दिसंबर हिंदी भवन में होने जा रहा है। वरिष्ठ विमर्श में इस बार मप्र की नई सरकार से अपेक्षाएं विषय पर विचार विमर्श किया जाएगा। कार्यक्रम शाम 4 बजे से हिंदी भवन के वीरेन्द्र तिवारी कक्ष में होगा। विमर्श के संयोजक महेश सक्सेना ने बताया कि समाज में विमर्श का वातावरण बने इस मंशा से समिति द्वारा यह आयोजन किया जाता है।

मिसरोद स्थित स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी में होगा आयोजन

# विश्वरंग के अंतर्गत युवा उत्सव व टैगोर चिल्ड्रंस पेंटिंग कॉम्पीटिशन आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रबीन्द्रनाथ टैगोर यूनिवर्सिटी एवं स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी के तत्वावधान में आयोजित होने वाले विश्वरंग के अंतर्गत युवा उत्सव का आयोजन 16 दिसंबर को मिसरोद स्थित स्कोप ग्लोबलस स्किल्स यूनिवर्सिटी परिसर में किया जा रहा है। कार्यक्रम का आगाज चारबैत की प्रस्तुति से होगा, जिसे महिला कलाकार वृंद द्वारा प्रस्तुत किया जा रहा है। इसके बाद उद्घाटन एवं व्याख्यान सत्र प्रारंभ होगा, जिसमें देश के जाने माने शिक्षाविद् और मोटिवेशनल स्पीकर अवध ओझा शामिल होंगे। इस दौरान वे मातृभाषा और भविष्य की तैयारी विषय पर बात करेंगे। इसके बाद दोपहर 12.30 बजे से रेडियो पॉडकास्ट और कॅरियर पर विशेष सत्र का आयोजन होगा, 1.30 बजे से मीडिया और चुनौतियां विषय पर चर्चा सत्र का आयोजन होगा, जिसमें वरिष्ठ पत्रकार रंजन कुमार श्रीवास्तव और शैफाली पांडे शामिल होंगी।

## राजधानी



# क्षेत्रीय शिक्षा संस्थानः जनजातीय कार्य विभाग के 200 शिक्षकों मिला मास्टर ट्रेनर प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जनजातीय कार्य विभाग द्वारा श्यामला हिल्स स्थित क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान में शिक्षकों को मास्टर ट्रेनर प्रशिक्षण दिया गया। इसमें 8 विभिन्न बैच में गणित, भौतिकी, जीव विज्ञान, विज्ञान, रसायन विज्ञान और अंग्रेजी के शिक्षकों को 4 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

सीबीएसई की मूल्यांकन पद्धति एवं शिक्षाशास्त्र विषय पर आयोजित इस प्रशिक्षण में प्रदेश के विभिन्न जिलों से लगभग 200 शिक्षकों ने हिस्सा लिया। विभाग द्वारा संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, कन्या शिक्षा परिसर, आदर्श आवासीय विद्यालय, सीएम राइज विद्यालय एवं ज्ञानोदय विद्यालय के 9वीं से 12वीं कक्षा के शिक्षक इस प्रशिक्षण में शामिल हुए। प्रशिक्षण में प्रयोगशाला गतिविधियों को सुव्यवस्थित कर मजबूत करने के बारे में बताया गया। इसका उद्देश्य शिक्षकों का ऐसा समूह तैयार करना है, जो गुणात्मक मूल्यांकन पत्र तैयार कर मूल्यांकन मानदंडों के उत्कृष्ट उदाहरण स्थापित कर सकें।

### मन की दुर्बलता से दुखी है व्यक्ति अमित गुणा

**भोपाल।** श्री आदिनाथ जैन श्वेतांबर तुलसी नगर मंदिर प्रांगण में पांच दिवसीय प्रतिष्ठा महोत्सव का समापन हुआ। श्रद्धालुओं जय करो उसके साथ प्रतिमा को विराजमान किया विधि विधान से धार्मिक अनुष्ठान हुए। श्रद्धालुओं सो साध्वी अमित गुणा ने कहा कि मनुष्य अपनी परिस्थिति के कारण नहीं मन की दुर्बलता के कारण दुखी है। मन चंचल है तो मैन बलवान भी है इंद्रिय और मन की पूर्ण विराम के बाद ही चेतना जागती है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

300 से ज्यादा युवक-युवतियों ने शादी के लिए दिया अपना परिचय



# कलचुरी कलार समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन में 6 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे

**भोपाल।** वरिष्ठ नागरिक मंच, कलार समाज द्वारा द्वितीय निःशुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन व युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन शुक्रवार को कोलार रोड स्थित निजी विश्वविद्यालय के सभागार में आयोजित किया। इस सम्मेलन में 6 जोड़ों का निःशुल्क विवाह किया गया। वहीं विवाह योग्य युवक- युवतियों के परिचय सम्मेलन के लिए लगभग 300 से ज्यादा युवक-युवतियों ने मंच के माध्यम से अपना परिचय दिया। इस अवसर पर कलचुरी दर्पण वैवाहिक पत्रिका का विमोचन भी किया। 6 जोड़ों के विवाह के बाद आयोजकों की और से पलंग, पेटी, घर की जरूरत का सामान उपहार से रूप में भेंट किया।

# शुक्र हुआ अस्तः खरमास लगने से 14 जनवरी तक नहीं होंगे विवाह

## 2024 में कुल 76 विवाह मुहूर्त श्रेष्ठ रहेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शुक्र के अस्त होने व शनिवार से खरमास से शुरू हो गए। जो 14 जनवरी तक चलेंगे। इस एक महीने विवाह समारोह नहीं होंगे। ज्योतिषियों के अनुसार वर्ष 2024 में कुल 76 विवाह मुहूर्त श्रेष्ट रहेंगे। इस वर्ष मई और जून माह में शुक्र अस्त होने के कारण विवाह आयोजन नहीं होंगे। वहीं शुक्र के उदित होने के बाद ही जुलाई में मुहूर्त शुरू होंगे।

ऐसी स्थिति साल 2000 में भी बनी थी। तब भी मई और जून में विवाह मुहूर्त नहीं थे। दरअसल यहां बता दें वर्ष-2023 में 81 दिन विवाह मुहूर्त थे, जबकि आगामी साल 2024 में मांगलिक कार्यों के लिए कुल 76 दिन शुभ मुहूर्त हैं। पंडित रामजीवन दुबे ने बताया कि दिसंबर महीने में सिर्फ नौ दिन ही श्रेष्ठ मुहूर्त थे। अब इस महीने विवाह नहीं होंगे। खरमास 16 दिसंबर से 14 जनवरी तक रहेगा। इस वजह से विवाह आदि मांगलिक कार्य नहीं होंगे। नए वर्ष में सबसे ज्यादा मुहूर्त फरवरी महीने में हैं। इस महीने में कुल 20 दिन विवाह के लिए श्रेष्ठ रहेंगे। वहीं सबसे कम अप्रैल में है। अप्रैल महीने में सिर्फ छह दिन मांगलिक कार्य होंगे। विवाह आयोजनों को लेकर जिलेभर में तैयारियां की जा रही हैं। इसके चलते क्षेत्र के व्यापार में भी काफी तेजी देखने को मिल रहा है। व्यापारियों ने भी विवाह आयोजन से अच्छे कारोबार की उम्मीदें लगाई हैं।

7 पीएम उत्कृष्टता महाविद्यालय करेगा विद्यार्थियों के व्यक्तित्व का सर्वांगीण...



8 विकसित भारत संकल्प यात्रा कर्मकांड नहीं, सभी जिलों में अधिक...





बैरसिया थाना क्षेत्र के गोड़िया सनखेड़ा टर्निंग पर हुआ हादसा, ग्रामीणों ने एंबुलेंस से घायलों को अस्पताल पहुंचाया

# शादी में शामिल होने जा रही महिलाओं से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटी, दो की मौत, डेढ़ दर्जन घायल, विधायक विष्णु खत्री और एसडीएम अस्पताल पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बैरसिया थाना क्षेत्र स्थित गांव कचनारिया गोडिया सनखेड़ा के बीच टर्निंग पाइंट पर ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर पलट गई। घटना शुक्रवार सुबह करीब पौने 12 बजे के आसपास की है। इस हादसे में दो महिलाओं की ट्रॉली में दबने से मौत हो गई, जबकि डेढ़ दर्जन महिलाएं घायल हुई हैं। घायल महिलाओं को ग्रामीणों ने एंबुलेंस और निजी वाहनों से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बैरसिया में भर्ती कराया है।

वहां कुछ महिलाओं को चोट अधिक होने के कारण निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जबकि कुछ महिलाओं को कम चोट होने के कारण इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई। हादसे के समय सभी महिलाएं शादी में शामिल होने के लिए जा रही थी। तभी एकाएक हादसा हो गया।



*टर्निंग पाइंट पर ट्रैक्टर की रफ्तार कम किए बिना ही ड्राइवर ने मोड़ दिया था*

### डॉक्टर ने दो महिलाओं को मृत घोषित किया



हादसे की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची एम्बुलेंस और अन्य ग्रामीणों के वाहनों की मदद से सभी महिलाओं को इलाज के लिए बैरसिया अस्पताल पहुंचाया गया। वहां गंभीर रूप से घायल गांव गोड़िया सनखेड़ा निवासी केशरबाई पत्नी रामचरण गुर्जर (60) और चतरबाई पत्नी भगवत सिंह गुर्जर (36) को डॉक्टर ने प्राथमिक जांच में ही मृत घोषित कर दिया। दोनों के शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिए गए है।

### मृतक के परिजन को मुआवजा राशि देने के निर्देश



हादसे की सूचना मिलते ही बैरसिया विधायक विष्णु खत्री बैरसिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे थे। अस्पताल में पुलिस और एसडीएम विनोद सोनकिया भी पहुंच गए थे। विधायक विष्णु खत्री मृतकों के परिजन से बातचीत की और एसडीएम विनोद सोनकिया को निर्देश दिया कि मृतक के परिजन को उचित मुआवजा राशि प्रदान की जाए।

पुलिस के अनुसार ग्राम गोड़िया सनखेड़ा गांव की करीब डेढ़ दर्जन महिलाएं शुक्रवार सुबह ग्राम भैसोंदा में आयोजित एक शादी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए ट्रैक्टर-ट्रॉली से निकली थी। शुक्रवार सुबह करीब पौने 12 बजे के आसपास ट्रैक्टर ट्राली ग्राम कचनारिया-गोड़िया सनखेड़ा के बीच टर्निंग पाइंट पर पहुंची थी। टर्निंग पाइंट पर ट्रैक्टर की रफ्तार कम किए बिना ही ड्राइवर ने ट्रैक्टर मोड़ दिया।

जिससे ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खेत में जा घुसा। सड़क और खेत के बीच पांच फीट की गहराई थी। दरअसल, सड़क नई बनने के कारण उसकी ऊंचाई करीब पांच फीट के आसपास है। ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटकर करीब पांच फीट नीचे खेत में जा पहुंची थी। इस हादसे में महिलाओं को गंभीर चोट आई है। दो महिलाओं की ट्रैक्टर-ट्रॉली में दबने के कारण मौत हो गई।

## गैर लाइसेंसी और दुकानों पर खुले रखे मांस-मछली बेचने वालों पर सबसे बड़ी कार्रवाई

# निगम के 19 जोन में एक साथ की मांस-मछली दुकानों पर कार्रवाई, किराना दुकानों पर अंडे बेचते मिले दुकानदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश सरकार द्वारा खुले में मांस मछली व अंडे पर रोक लगाने के बाद शुक्रवार को नगर निगम के सभी 19 जोन कार्यालयों में एक साथ कार्रवाई की गई। इस कार्रवाई में उन दुकानों पर स्पॉट फाइन किया गया, जो लाइसेंस होने के बाद भी मांस और मछली खुले में बेच रहे थे। जबकि जिन लोगों के पास लाइसेंस नहीं मिले उनके खिलाफ चालानी कार्रवाई की गई। मछली की दुकानें सड़क किनारे जमीन पर कपड़ा बिछाकर बेची जा रहीं थीं, जबकि कई दुकानों के बाहर टेबल लगाकर अंडे बेचे जा रहे थे, उन्हें भी चेतावनी दी गई कि इन्हें दुकान के अंदर रखें।

कलेक्टर ने निगम कमिश्नर फ्रैंक नोबल ए को इस संबंध में अभियान चलाने को कहा था। पूर्व में हुई बैठक में निर्देश के पालन के लिए मीट एवं मछली विक्रेताओं ने एक सप्ताह का समय मांगा, जिस पर सहमति दी गई। नगर निगम ने गुरुवार को कुल 17 दुकानदारों पर कार्रवाई कर 10 हजार रुपए से अधिक का जुर्माना भी किया था। शुक्रवार को बड़े स्तर पर कार्रवाई कर 13 दुकानदारों से 6 हजार 700 रुपए वसूले गए, जबकि करीब 12 दुकानदारों को चेतावनी दी गई कि वे अपनी दुकानों में पर्दे लगाए और मांस मछली को ढ़ंककर रखें। किराना स्टोर व अन्य जगहों पर बेच रहे अंडे वालों को भी चेतावनी देकर छोड़ दिया गया।

*स्पॉट फाइन और चेतावनी देने के साथ ही पूरे शहर में अनाउंस कर दुकानों में पर्दे लगाने और सामान को ढंकने दी चेतावनी*





### ये हैं सरकार के आदेश

सरकार के आदेश में मीट एवं मछली के विक्रय के समस्त प्रतिष्ठानों में अपारदर्शी कांच दरवाजा एवं साफ-सफाई की संपूर्ण व्यवस्था होना अनिवार्य है। इसके साथ ही किसी भी धार्मिक स्थल के मुख्य द्वार के सामने 100 मीटर की दूरी के भीतर उक्त सामग्री का विक्रय या प्रदर्शन प्रतिबंधित है।

### यह कार्रवाई लगातार चलेगी

शासन के आदेश पर अमल करने के लिए निगम आयुक्त के निर्देश पर शुक्रवार को खुले में मांस मछली बेचने वालों के खिलाफ सख्ती से कार्रवाई की गई। यह कार्रवाई और चेतावनी लगातार चलती रहेगी।

**रणवीर सिंह**, एसीपी नगर निगम

### धार्मिक स्थलों से निकालना शुरू हुए ध्वनि विस्तारक यंत्र

शासन के आदेश का पालन कराने के लिए कलेक्टर द्वारा धर्मगुरुओं को दिए गए निर्देश और एक हफ्ते का समय देने के बाद शहर के कई धार्मिक स्थलों से शुक्रवार को ध्वनि विस्तारक यंत्र लाउडस्पीकर अभी पूरी तरह से उतरना शुरू नहीं हुए हैं। कोकता, बैरसिया रोड, मिसरोद व कोलार रोड के धार्मिक स्थलों पर लाउडस्पीकर की संख्या कम कर दी गई।



#### बैठक में यह दिए थे निर्देश

कलेक्टर द्वारा धर्मगुरुओं के साथ धार्मिक स्थलों व अन्य स्थलों पर लाउडस्पीकर, डीजे के ध्वनि सीमा स्तर से संबंधित शासन द्वारा जारी निर्देशों से अवगत कराया गया था। इसमें यात्रा जुलूस, में निर्धारित ध्वनि सीमा स्तर में ही लाउडस्पीकर, डीजे का किस तरह से उपयोग किया जाना है की जानकारी दी गई थी।

#### भाजपा नेताओं ने कलेक्टर से की चर्चा

## मीट-मांस सहित सभी दुकानें बंद करने का नियम एक हो



जिला प्रशासन व नगर निगम द्वारा खुले में व बिना लाइसेंस के मांस-मछली बेचने वालों के खिलाफ भले ही कार्रवाई शुरू की जा रही हो, लेकिन पुराने शहर में शासन व जिला प्रशासन के आदेश का पालन नहीं किया जा रहा है। यहां पूरी रात मांस-मछली की दुकान खुली रहती हैं।

इसको लेकर भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष और पूर्व महापौर आलोक शर्मा ने शुक्रवार को कई कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों के साथ कलेक्टर आशीष सिंह से मिलकर चर्चा की और पत्र सौंपा।

#### नए शहर में दुकानें रात 10 बजे बंद होती है

कलेक्टर को बताया कि न्यू मार्केट, एमपी नगर, जुमेराती, हनुमानगंज, चौक बाजार, सराफा बाजार, हमीदिया रोड, बिट्टन मार्केट, बैरागढ़, कोलार रोड समेत शहर के अन्य इलाकों में रात 10 बजे तक दुकानें बंद हो जाती हैं। जबकि काजी कैंप, लक्ष्मी टॉकीज, बुधवारा, चार बत्ती, इमामी गेट, इतवारा, जहांगीराबाद, जिंसी चौराहा आदि में दुकानें रातभर खुली रहती हैं। इन स्थानों पर आसामाजिक तत्वों का जमावड़ा बना रहता है। इससे युवा पीढ़ी को नशे की लत लग रही है।

#### महापौर ने किया चलित रसोई का निरीक्षण

# ये दाल है या पानी, सब्जी का स्वाद भी बहुत खराब



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अशोका गार्डन स्थित परिहार चौराहा पर चलित दीनदयाल रसोई का औचक निरीक्षण महापौर मालती राय ने किया। महापौर ने चलित दीनदयाल रसोई में खराब क्वालिटी का खाना मिलने पर अधिकारियों को फटकार लगाई। उन्होंने दाल पर नजर डाली तो उसमें सिर्फ पानी था। साथ ही सब्जी का भी स्वाद बेहद खराब था। महापौर ने वहां भोजन कर रहे लोगों से भी चर्चा की और रोजाना समय पर चलित दीनदयाल रसोई आ रही है, या नहीं के बारे में पूछा।

दरअसल, शुक्रवार को महापौर मालती राय को चलित रसोई के बारे में शिकायत मिली थी। इसके पहले भी इसके उन्होंने औचक निरीक्षण की बात कही थी। महापौर ने कहा कि राजधानी में चलित दीनदयाल रसोई का औचक निरीक्षण किया है। इस दौरान एक जगह पर उन्हें खराब खाना मिला। वहीं खाना खा रहे लोगों ने भी खाने के बारे में बताया। जिसके बाद उन्होंने संबंधित अधिकारियों को फटकार लगाई। साथ ही उन्हें क्वालिटी सुधारने के निर्देश दिए।

### अधिकारियों को लगाई फटकार

बता दें कि हाल ही में दीनदयाल रसोई योजना के तहत 10 लाख से अधिक जनसंख्या वाले नगर निगम इंदौर, भोपाल, जबलपुर और ग्वालियर में चलित रसोई केंद्र शुरू किए गए थे। जिसके अंतर्गत जरूरतमंदों को 5 रुपए में अच्छी गुणवत्ता का भोजन उपलब्ध कराया जाना है। महापौर मालती राय चलित दीनदयाल रसोई के भोजन की जांच पर निकली थीं। निरीक्षण के दौरान अशोका गार्डन स्थित परिहार चौराहा पहुंची तो वहां पर उन्होंने चलित दीनदयाल रसोई का औचक निरीक्षण किया। जहां उन्होंने देखा कि यहां जरूरतमंदों को मिलने वाले भोजन की क्वालिटी खराब थी। दाल में पानी मिला हुआ था, साथ ही आलू-बैंगन की सब्जी और खिचड़ी में भी सिर्फ पानी था। रोटियां भी जली हुई पाई गईं, जिसके बाद उन्होंने संबंधित अधिकारियों को फटकार लगाई और जल्द से जल्द कार्यवाही करने के निर्देश भी दिए।

रेल ट्रैफिक बढ़ा तो ट्रेनें फिर होने लगी लेट

# कोहरे का असर: भोपाल आने वाली शताब्दी सहित एक दर्जन ट्रेनें घंटो देरी से पहुंची

*आने वाले दिनों में बढ़ सकती है यात्रियों की परेशानी*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कोहरे की वजह से देशभर में ट्रेनों की आवाजाही पर असर पड़ाने लगा है। इसके चलते भोपाल आने वाली एक दर्जन ट्रेनें 40 मिनट से लेकर सवा घंटे की देरी से पहुंची। इसमें शताब्दी एक्सप्रेस सहित कई प्रमुख ट्रेनें हैं।

अभी तक भोपाल रेल मंडल के बुदनी-बरखेड़ा सेक्शन के अलावा देश के विभिन्न मंडलों में काम चलने की वजह से बड़ी संख्या में प्रमुख ट्रेनें निरस्त चल रही थीं। इसलिए ट्रैफक कम था, ट्रेनें कोहरे के इस सीजन में भी समय पर आ रही थी। अब जैसे ही ट्रेनें फिर से चलने लगी। रेल ट्रैफिक बढ़ते ही कोहरे के सीजन में ट्रेनें लेट होने लगी है। शुक्रवार को शताब्दी एक्सप्रेस, जीटी एक्सप्रेस सहित कई ट्रेनें देरी से भोपाल पहुंची। इस सर्दी के सीजन में पहली बार है, जब कोहरे की वजह से ट्रेनें घंटो की देरी से पहुंची।

### यह ट्रेनें पहुंची देरी से

- 12002 शताब्दी एक्सप्रेस 1.10 घंटे लेट आई
- 12616 जीटी एक्सप्रेस 1.15 घंटे लेट आई
- 12191 श्रीधाम एक्सप्रेस 0:50 मिनट देरी से आई
- 12716 अमृतसर नांदेड एक्सप्रेस :53 मिनट की देरी से आई
- 12920 मालवा एक्सप्रेस 040 मिनट देरी से आई
- 12138 पंजाब मेल 0:40 मिनट लेट आई

#### दो दिवसीय कार्यशाला

# एम्स में आज से इंडियन सोसाइटी का सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानरी के एम्स में शनिवार से इंडियन सोसाइटी ऑफ रेडियोग्राफर्स एंड टेक्नोलॉजिस्ट्स का दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। सम्मलेन में अंतरराष्ट्रीय स्तर के छह जबकि राष्ट्रीय स्तर के 27 वक्ता शामिल होंगे। सम्मलेन में लगभग 600 से अधिक प्रतिनिधियों के शामिल होने की उम्मीद है। इस दो दिवसीय संगोष्ठी का मुख्य विषय रेडियोलॉजिकल सेवाओं के क्षेत्र में प्रौद्योगिकी की महत्वपूर्ण भूमिका से संबंधित है। रेडियोलॉजी में तकनीकी प्रगति के विषय को अपनाते हुए, सम्मेलन का उद्देश्य तकनीकी सेवाओं में नवाचारों का पता लगाना, उभरते तौर-तरीकों पर गहराई से विचार करना और प्रौद्योगिकीविदों द्वारा अपनाई जाने वाली लगातार विकसित हो रही तकनीकों को उजागर करना है।

# सात साल का वंश डाइलेटेड कार्डियोमायोपेथी से पीड़ित, तत्काल हार्ट ट्रांसप्लांट नहीं किया तो जान का खतरा

बेटे के इलाज के लिए पिता ने बेची प्रॉपर्टी, फिर भी इलाज के लिए कम पड़ रहे रुपए

हार्ट ट्रांसप्लांट के लिए आएगा 20 लाख रुपए का खर्च

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हृदय की गंभीर बीमारी के चलते जीवन और मृत्यु के बीच संघर्ष कर रहे राजधानी के सात वर्षीय मासूम को हार्ट ट्रांसप्लांट और अन्य महंगे इलाज के लिए आर्थिक मदद की सख्त आवश्यकता है। राजधानी में वकील राजू करण के बेटे वंश करण को डाइलेटेड कार्डियोमायोपेथी की शिकायत है। वंश का मुंबई स्थित को कि ला बे न धीरूभाई अंबानी अस्पताल में इलाज चल रहा है और उसके लिए तत्काल हार्ट ट्रांसप्लांट की जरूरत बताई गई है।



### अस्पताल ने की अपील

वंश के इलाज के लिए कम से कम बीस लाख रुपए की जरूरत है और अस्पताल ने लोगों से बच्चे की जान बचाने के लिए आर्थिक मदद की अपील की है। अस्पताल की डॉ. तनूजा कारंडे ने बताया कि इस विषय में अधिक जानकारी एवं मदद देने के लिए अस्पताल के नंबर 76663 55683 एवं 022- 42699895 पर संपर्क किया जा सकता है। वंश की आर्थिक मदद हेतु मांडके फॉउंडेशन के नाम से चेक एवं डिमांड ड्राफ्ट जारी किए जा सकते हैं। साथ ही इच्छुक लोग मदद के लिए अस्पताल के फंड में भी राशि जमा कर सकते हैं।

## शाहजहांनाबाद स्थित संजय नगर में दिनदहाड़े घर में घुसे बदमाश

# बेटी को बाथरूम में बंधक बनाया, मां पर चाकू अड़ाकर नकदी समेत जेवरात ले गए बदमाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शाहजहांनाबाद थाना क्षेत्र स्थित संजय नगर में घर में घुसे चार नकाबपोश बदमाशों ने महिला से मारपीट की और चाकू अड़ाकर घर से नगदी समेत जेवरात लेकर फरार हो गए। घटना के समय घर में महिला और उनकी पंद्रह साल की बेटी अकेली थी। आरोपियों ने बेटी को बाथरूम में बंद कर दिया था। महिला के घर से बदमाशों को कुल कितनी नकदी और जेवरात हाथ लगी है इसका पुलिस पता लगा रही है।

दरअसल, घटना के बाद से ही महिला तबीयत बिगड़ गई थी और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। 11 दिसंबर की सुबह हुई इस वारदात की शिकायत 14 दिसंबर की रात की गई। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है।



*मारपीट से दहशत में महिला चार दिन बाद शिकायत दर्ज कराई*

### परिवार के सभी लोग इज्तिमा गए थे, मां-बेटी ही घर पर थी

*पुलिस के अनुसार आयशा बी पति मोहम्मद शौकीन (38) संजय नगर शाहजहांनाबाद में रहती हैं। आयशा बी गृहणी हैं, जबकि पति मोहम्मद शौकीन मस्जिद में नमाज पढ़ाते हैं। परिवार में दंपती के अलावा पंद्रह साल की बेटी, सात साल का बेटा और 18 साल का भतीजा है। 11 दिसंबर को मां-बेटी घर पर थी, जबकि सभी लोग ईंटखेड़ी में आयोजित इज्तिमा में दुआ की नमाज के लिए गए थे। सुबह करीब पौने 8 बजे बेटी बाथरूम में थी, तभी चार नकाबपोश बदमाश घर में घुस आए। बदमाशों ने आयशा बी के बाल पकड़कर सिर दीवार से टकरा दिया। इस बीच एक बदमाश ने थप्पड़ा मारा और गले पर चाकू अड़ाकर अलमारी और पेटी की चाबियां मांगने लगे।*

*उनकी चीख सुनकर बेटी ने आवाज लगाई तो बदमाशों ने बाथरूम के दरवाजे की कुंदी बाहर से बंद कर दी। चाबी लेने के बाद बदमाशों ने अलमारी और पेटी में रखी नकदी और सोने चांदी के जेवरात निकाल लिए। बाथरूम में मौजूद बेटी ने शोर मचाना शुरू किया तो आरोपी मौके से भाग निकले।*

### दहशत में हैं आयशा बी

*बदमाशों के भागने के बाद आयशा बी ने बाथरूम की कुंदी खोली थी। बेटी बाहर आई और उसने आसपास देखा, लेकिन बदमाश भाग चुके थे। बेटी ने घटना की जानकारी आसपास की महिलाओं को दी। इसके बाद मां को लेकर अस्पताल पहुंची। हादसे के बाद आयशा बी की हालत बिगड़ गई थी। वे कुछ कह नहीं पा रही थी। गुरुवार को तबीयत में सुधार होने के बाद परिजन ने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने उक्त मामले में बलपूर्वक घर में घुसकर चोरी करने का मामला दर्ज किया है। पुलिस का कहना है कि बदमाश उनके घर से कितने का सामान ले गए हैं यह अभी फरियादी बता नहीं सके हैं।*



# 34वीं राष्ट्रीय सीनियर क्याकिंग एवं केनोइंग चैम्पियनशिप आज से

**स्व, संजीव सिंह (आई.पी.एस.) की स्मृति में छोटे तालाब पर आयोजन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय क्याकिंग एवं केनोइंग संघ व मध्य प्रदेश कयाकिंग एवं केनोइंग संघ के संयुक्त तत्वाधान में स्व, संजीव सिंह (आई.पी.एस.) की स्मृति में 34वीं राष्ट्रीय सीनियर महिला एवं पुरूष चैम्पियनशिप का आयोजन दिनांक 16 से 19 दिसम्बर 2023 तक छोटे तालाब जल कीडा केन्द्र पर आयोजित किया जा रहा है।

प्रतियोगिता में 200, 500, 1000, 5000 मीटर की महिला, पुरुष, सीनियर, मिक्स व मास्टर्स वर्ग की क्याक-1, क्याक-2 क्याक-4, केनो-1 केनो-2, केनो-4, इवेंट्स की रेसेस कराई जावेगी। भारतीय क्याकिंग एवं केनोइंग संघ के अध्यक्ष प्रशांत कुशवाह ने बताया कि भारतीय क्याकिंग एवं केनोइंग संघ व आई.सी.एफ. (इंन्टरनेशनल केनो फेडरेशन) के द्वारा भोपाल में क्याकिंग एवं केनोइंग प्रशिक्षकों का ऐजुकेशन कोर्स 17 से 22 दिसंम्बर तक आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण शिविर, कोचेस ऍजुकेशन कोर्स कनाडा के चीफ कोच द्वारा भारत के चयनित 10 पुरुष प्रशिक्षक तथा 10 महिला प्रशिक्षक कुल 20 प्रशिक्षकों को होमगार्ड के मीटिंग हॉल में वर्कशाप का आयोजन तथा तालाब में खेल की बारीकियों की तकनीकी जानकारी दी जायेगी।प्रतियोगिता के अध्यक्ष जयदीप प्रशाद (आईपीएस) ने बताया कि इस 34वीं राष्ट्रीय केनो स्प्रिंट प्रतियोगिता में देश के 24 राज्य व ईकाइयो के करीब 450 खिलाड़ी, प्रशिक्षक, मैनेजर व तकनीकी अधिकारी भाग लेंगे, जिसमें अंन्तराष्ट्रीय व राष्ट्रीय पदक विजेता खिलाडी प्रतियोगिता में भाग ले रहे हैं।

जैसा कि विदित है कि मध्य प्रदेश क्याकिंग केनोइंग संघ भोपाल में लगातार कई वर्षो से क्याकिंग एवं केनोइंग के इवेन्टस की राष्ट्रीय एवं अंन्तराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताएं आयोजित कराई जा चुकी है। प्रतियोगिता संम्बन्धी सभी तैयारियों का जायजा भारतीय क्याकिंग एवं केनोइंग संघ के अध्यक्ष श्री प्रशांत कुशवाह व प्रतियोगिता के अध्यक्ष श्री जयदीप प्रशाद (आई.पी.एस.) मयंक ठाकुर आयोजन सचिव, प्रशिक्षकों व तकनीकी अधिकारियो के द्वारा अवलोकन किया गया।

पी एस. बुन्देला अध्यक्ष एम.पी.ए.के.सी.ए. ने बताया कि भोपाल क्याकिंग एवं केनोइंग खेलो में अभी अब्वल है। भोपाल म.प्र. के खिलाड़ियों ने विगत माह में आयोजित ऐशियन गेम्स केनो स्प्रिंट में भारत को एक कास्य पदक प्राप्त हुआ जिसके पदक विजेता अर्जुन सिंह व सलाम सुनील भी इस प्रतियोगिता में भाग ले रहे है। साथ ही साथ पैरा केनो ऐशियन गेम्स में म.प्र. की खिलाडी प्राची यादव ने एक गोल्ड एक सिल्वर, मनीष कौरव ने एक कास्य व गजेन्द्र सिंह ने एक कास्य पदक प्राप्त किया।

## भोपाल की सौम्या तिवारी के नेतृत्व मे मप्र ने गोवा को दी करारी शिकस्त

अनुष्का के साथ की 136 रन की पार्टनरशिप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



बीसीसीआई द्वारा आयोजित महिला 23 टूर्नामेंट के अंतर्गत वी सी ए ग्राउंड सिविल लाइननागपुर में खेले गए तीसरे मैच में मध्य प्रदेश ने गोवा को हरा दिया। मध्य प्रदेश ने पहले बैटिंग करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 2 विकेट पर 165 रन का स्कोर खड़ा किया। इसमें कनिष्क ठाकुर 9 रन और आयुशी शुक्ला 7 रन के जल्दी आउट होने के बाद क्रीज पर आईं मप्र को कप्तान सौम्या तिवारी ने 35 बॉल पर 5 चौकों की मदद से नाबाद 45 रन बनाए। वहीं अनुष्का शर्मा ने 65 गेंदों में 100 रन बनाए। दोनों के बीच एक बार फिर 136 रन की नाबाद पाटनरशिप हुई। लक्ष्य का पीछा करने उतरी गोवा की टीम के बल्लेबाज एक के बाद एक आउट होते चले गए और निधारित 20 ओवर में 109 रन के स्कोर पर ढेर हो गई।गोवा की ओर से इबतिशम शेख ने 34, पुरबिया बेडेकर ने 19, पूरविजा ने 12 रनों का योगदान दिया। सौम्या ने बल्ले के बाद गेद से कमाल दिखाने के बाद 4 ओवर में 2 खिलाड़ियों को पैवेलियन लौटाया। सौम्या 22 रन दिए। वहीं क्रांति गोड़ ने 2, धानी बूचड़े ने 1, सच्ची उपाध्याय ने 1 और वैष्णवी शर्मा ने 2 खिलाड़ियों को पैवेलियन भेजा। मप्र की टीम ने यह मैच 56 रन से जीत लिया।

## अस्तित्व और एनडीपीएल के बीच खिताबी मुकाबला आज

**भोपाल।** बाबे आली मैदान में खेली जा रही राजा अली टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता के तहत कारपोरेट ग्रुप का फाइनल मुकाबला अस्तित्व और एनडीपीएल की टीमों के बीच खेला जाएगा। शुक्रवार को खेले गए सेमीफाइनल मुकाबले में अस्तित्व की टीम ने यूस लोकेटर टीम को 59 रन से पराजित कर खिताबी मुकाबले में जगह बनाई है। पहले खेलते हुए अस्तित्व की टीम ने 15 ओवर में छह विकेट के नुकसान पर 189 रन का स्कोर बनाया। उसकी ओर से मोहित झावा ने 67, शुभम चौहान ने 35 रन की पारी खेली। जवाब में उतरी यूस लोकेटर की टीम 15 ओवर में 130 रन बनाकर पवेलियन लौट गई। उसकी ओर से धर्मेंद्र ने सर्वाधिक 43 रन की पारी खेली। गेंदबाजी करते हुए अस्तित्व की ओर से हृदेश द्विवेदी ने तीन, जामरान जावेद और जीशान अली ने दो-दो विकेट अपने नाम किए।


**कार्यालय कार्यापालन यंत्री लोक निर्माण विभाग, संभाग विदिशा (म.प्र.)**

- :: निविदा सूचना :: -

निविदा सूचना क्रमांक 144 से 146 /2023-24 विदिशा, दिनांक 11/12/2023

निम्नलिखित कार्यो हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्रं. | टेण्डर क्रमांक | जिला | कार्य का प्रकार | कार्य का नाम | आमंत्रण क्र. | कार्य की अनु. राशि (रू.लाख में) | ई.एम.डी. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | 2023_PWDRB _318437_1 | विदिशा | समतीकरण कार्य | एल.बी.एस. कॉलेज सिरोंज के खेल मैदान का समतलीकरण कार्य | द्वितीय | 12.69 | 25380.00 |
| 2 | 2023_PWDRB _318444_1 | विदिशा | मार्ग निर्माण कार्य | विदिशा अशोक नगर मार्ग से नागपिपरिया मार्ग निर्माण कार्य लंबाई 1.00 किमी.। | प्रथम | 66.96 | 66930.00 |
| 3 | 2023_PWDRB _318605_1 | विदिशा | मार्ग निर्माण कार्य | विदिशा बैरसिया ढ़ोलखेड़ी से विदिशा अशोकनगर मार्ग निर्माण लंबाई 1.20 | प्रथम | 89.73 | 89730.00 |
| | | | | योग | | 169.38 | |

उपरोक्त वेबसाईट आनॅलाईन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाईट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि 27.12.2023 (17:30) बजे निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाईट में देखा जा सकता है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाईट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

दो पहिया वाहन पर तीन सवारी ना बैठाएं सतर्क रहें, सुरक्षित रहें ।

कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग संभाग विदिशा

जी-21706/23


## 80 से अधिक खिलाड़ियों ने हिस्सा

# एलएनसीटी यूनिवर्सिटी इंटर कॉलेज एथलेटिक्स मीट का

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



एलएनसीटी विश्वविद्यालय के तत्वाधान में एलएनसीटी खेल विभाग के द्वारा एलएनसीटी यूनिवर्सिटी इंटर कॉलेज एथलेटिक्स मीट 2023-24 का आयोजन एलएनसीटी कैंपस रायसेन रोड भोपाल में किया गया, जिसमें विश्वविद्यालय के 8 विभागों के एग्रीकल्चर, बीकॉम, बीबीए, बीपीटी, बीटेक, एमबीए, बीपीईएस, एमपीईएस, नर्सिंग के लगभग 80 से अधिक खिलाड़ियों ने विभिन्न स्पर्धाओ में भाग लिया, जिसमें 100 मीटर महिला वर्ग में बीपीईएस, की हिमांशी मांडवी ने प्रथम, एग्रीकल्चर की अंबिका ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। 200 मी महिला वर्ग में बीपीईएस की रेनू ने प्रथम, बीकॉम की शिवानी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। 400 मी महिला वर्ग में बीपीईएस की प्रिया ठाकुर ने प्रथम, एमपीईएस की रुक्मणी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। 5000 मी महिला वर्ग में बीपीईएस की प्रिया ठाकुर ने प्रथम, नर्सिंग की नीलम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। 1500 मी महिला वर्ग में बीपीईएस की ज्योति शर्मा ने प्रथम, शीतल मिश्रा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

## पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय क्रं. 2 में वार्षिक खेलकूद दिवस का

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय क्र. 2, भोपाल में वार्षिक खेलकूद दिवस का आयोजन किया गया । इसमें सभी बच्चों ने पूरे उत्साह और उल्लास के साथ हिस्सा लिया। बच्चों के लिए विभिन्न वर्गों में 100 मीटर, 200 मीटर रेस, बैक रेस आदि प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। योगेश शर्मा, अक्षिता गौतम, कार्तिक, गौरी, साद आली, वंदना, देवांश, वंशिका, रामानन्द, दर्शिता, लव, हितांश, आराध्या भारती ने जीते स्वर्ण पदक।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि केन्द्रीय विद्यालय संगठन क्षेत्रीय कार्यालय भोपाल की सहायक आयुक्त निर्मला बुडानिया रहीं। उन्होंने कहा कि खेल शिक्षा का ही नहीं जीवन का महत्त्वपूर्ण अंग है। फिट इंडिया की शुरुआत फिट बच्चों और युवाओं से ही होगी। हर व्यक्ति को अपने स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहना चाहिए ।

## पेज एक का शेष

### विकसित भारत...

साथ उनकी काफी देर तक चर्चा हुई। मुख्यमंत्री शाम करीब 4 बजे भोपाल पहुंचे। भोपाल पहुंचते ही सबसे पहले उन्होंने एमवीएम (मोतीलाल नेहरू विज्ञान कॉलेज) का निरीक्षण किया। उन्होंने शिक्षकों व छात्रों के साथ मुलाकात में कहा कि उनकी शिक्षा भी एमवीएम कॉलेज में हुई है। उन्होंने अपने पुराने दिनों की यादें भी ताजा की। एमवीएम कॉलेज से वे सीधे मंत्रालय पहुंचे। उन्होंने मंत्रालय से ही वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए जनप्रतिनिधियों व सभी जिलों के कलेक्टरों से भारत संकल्प यात्रा की तैयारियों आदि को लेकर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने कलेक्टरों से कहा कि यात्रा के दौरान सभी तरह के इंतजाम होने चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा में अच्छा काम करने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों के नामों का प्रकाशन कर उन्हें सम्मानित करेंगे।

**योग्य प्राध्यापक और ट्रेनर की नियुक्ति की जाएगी:** डॉ. यादव ने एमवीएम कॉलेज में कहा कि नई शिक्षा नीति को क्रियान्वित करने में मप्र अग्रणी राज्य रहा है। इस नीति के अनुसार महाविद्यालयीन शिक्षा के साथ वोकेशनल सब्जेक्ट, व्यक्तित्व विकास, योग शिक्षा और संगीत सहित विभिन्न विषयों की शिक्षा दी जाएगी। योग्य प्राध्यापक और ट्रेनर की नियुक्ति की जाएगी। प्लेसमेंट सेल के जरिए विद्यार्थियों को उनकी योग्यता अनुसार रोजगार प्राप्त होगा। मुख्यमंत्री ने प्राध्यापकों और विद्यार्थियों से संवाद करते हुए उन्हे प्रोत्साहित किया। यादव ने छात्रों से नई शिक्षा नीति, डिजी-लॉकर, जैसे विषयों पर संवाद किया।

**मप्र में यात्रा को हर जिले व गांव तक पहुंचाने की व्यवस्था:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार 16 दिसंबर को भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ वर्जुअली करेंगे। इस दौरान वे शुभारंभ अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित भी करेंगे। मप्र में यात्रा को हर जिले व गांव तक पहुंचने की व्यवस्था की गई है। मप्र में इस यात्रा का शुभारंभ उज्जैन से होगा। इस मौके पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव खुद हरी झंडी दिखाकर यात्रा का शुभारंभ करेंगे। इस यात्रा के लिए 366 रथ वैन मप्र भेजने की व्यवस्था केंद्र सरकार ने की है।

### धोनी को भी मिला...

उनके लोकप्रिय और आइकोनिक जर्सी नंबर-7 को रिटायर कर दिया है। इससे पहले बीसीसीआई ने सचिन तेंदुलकर की जर्सी नंबर-10 को 2017 में रिटायर किया था। रिपोर्ट के मुताबिक भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि बीसीसीआई ने सभी खिलाड़ियों को पहले ही यह सूचना दे दी है कि अब उनके पास नंबर-10 के साथ-साथ नंबर-7 की जर्सी पहनने का भी विकल्प नहीं बचा है। भारतीय क्रिकेट टीम के वर्तमान खिलाड़ियों और नए आने वाले सभी युवा खिलाड़ियों को बीसीसीआई ने सूचित कर दिया है कि महेंद्र सिंह धोनी के ऐतिहासिक जर्सी नंबर-7 को उपयोग ना करें। बीसीसीआई ने धोनी के द्वारा भारतीय क्रिकेट को दिए गए योगदान के कारण उनके जर्सी नंबर को रिटायर करने का निर्णय लिया है।

### अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट...

में 256 कैच, और 38 स्टंप आउट किए थे। वहीं, वनडे में धोनी ने 321 कैच, और 123 स्टंप आउट किए थे, जबकि टी20 में उन्होंने 57 कैच और 34 स्टंप आउट किया था।

### सर्वे पर 'सुप्रीम...

नियुक्ति, सर्वे के तौर-तरीकों और शर्तों पर सुनवाई के लिए 18 दिसंबर की तारीख तय कर दी थी। मुस्लिम पक्ष ने कोर्ट कमिश्नर नियुक्त करने के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी। सुप्रीम कोर्ट ने इस पर कहा कि यदि हाईकोर्ट के आदेश से कोई परेशानी होगी तब आप सर्वोच्च न्यायालय आ सकते हैं। शीतावकाश में भी सुप्रीम कोर्ट आ सकते हैं। हिंदू पक्ष की ओर से यह तर्क दिया गया था कि कटरा केशव देव की 13.37 एकड़ जमीन श्रीकृष्ण विराजमान की है और इसे लेकर 12 अक्टूबर 1968 को हुआ समझौता अवैध है।

### दीया कुमारी और प्रेमचंद...

दीया कुमारी और प्रेमचंद बैरवा ने भी शपथ ली। खास बात ये है कि भजनलाल का शुक्रवार को जन्मदिन भी था। शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री मोदी ने उन्हें बधाई दी। समारोह में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, पीयूष गोयल शामिल हुए। इसके अलावा मप्र के नए सीएम मोहन यादव, यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ, गुजरात के सीएम भूपेंद्र पटेल, महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे, राजस्थान के पूर्व सीएम अशोक गहलोत, वसुंधरा राजे, अर्जुनराम मेघवाल, गोवा के सीएम प्रमोद सावंत, त्रिपुरा के सीएम मणिक साहा, उत्तराखंड सीएम पुष्कर सिंह धामी, यूपी के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य समेत तमाम नेता पहुंचे।

### मुस्लिमों ने खुद उतारा...

को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने धर्म गुरुओं का फूल मालाओं से सम्मान और स्वागत किया। इस मौके पर गांव के लोगों ने भी उनके सम्मान में तालियां बजाईं। दूसरी ओर, एक शिव मंदिर पर लगा लाउड स्पीकर भी धर्म गुरुओं ने खुद हटाया। ग्वालियर एसपी राजेश चंदेल ने धर्म गुरुओं के साथ बैठक की। इस बैठक में सभी के साथ धार्मिक स्थलों से लाउड स्पीकर हटाने को लेकर चर्चा की गई। यह चर्चा भी की गई कि अब केवल प्रशासन से विधिवत अनुमति लेकर ही लाउड स्पीकर लगाए जा सकेंगे। इस बैठक के बाद फिर थाना हस्तिनापुर में एसडीओपी बेहट संतोष पटेल, एसडीएम इसरार खान और थाना प्रभारी राजकुमार राजावत ने भी बैठक की। इस बैठक में सिरसोद गांव के मुस्लिम समुदाय ने भाग लिया। इसके बाद धर्म गुरुओं ने सरकार के आदेश का समर्थन किया। वे खुद लाउड स्पीकर हटाने आगे आए। गौरतलब है कि, मस्जिद के आसपास प्राथमिक स्कूल है। यहां आवाज की वजह से बच्चों की पढ़ाई भी प्रभावित होती है। गांव के बेहतर भविष्य को देखते हुए समाज के इस नवाचार की लोगों ने खूब प्रशंसा की। दूसरी ओर, छारी मोहल्ले के शिव मंदिर में लगा लाउड स्पीकर भी धर्म गुरुओं ने स्वेच्छा से उतारा।

### एसी कोच की खिड़की...

वजह शॉर्ट सर्किट बताई जा रही है। शुक्रवार दोपहर में पवन एक्सप्रेस ट्रेन जयनगर स्टेशन के प्लेटफॉर्म पर लगी थी। ट्रेन खुलने का समय दोपहर एक बजे था। यात्री अंदर चढ़कर बैठ गए। ट्रेन के अंदर साफ-सफाई का काम चल रहा था। ट्रेन खुलने से पहले ही एसी कोच बी1 में अचानक आग लग गई। यात्रियों ने हल्ला मचाना शुरू कर दिया।

**आग बुझने पर ली राहत की सांस:** आनन-फानन में रेलवे कर्मचारी बोगी के पास पहुंचे। उन्होंने एसी कोच की खिड़की का शीशा तोड़ा और अंदर फंसे यात्रियों को बाहर निकाला। इसके बाद पाइप के जरिए खिड़की से पानी की बौछार की गई। आग के बुझने पर सभी ने राहत की सांस ली। मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद ही असली वजह सामने आएगी। हालात सामान्य होने पर ट्रेन को रवाना कर दिया गया। बता दें कि पवन एक्सप्रेस बिहार से मुंबई रूट पर चलने वाली एक प्रमुख ट्रेन है। बड़ी संख्या में अप्रवासी कामगार इसमें यात्रा करते हैं। मधुबनी, दरभंगा, समस्तीपुर, मुजफ्फरपुर, वैशाली, सारण जिले के यात्री इसमें सफर करते हैं।

### उत्तरी हवाओं से बढ़ी...

रही। खासकर राजगढ़, पचमढ़ी और उमरिया में तापमान 8 डिग्री के नीचे पहुंच गया है। उमरिया में शुक्रवार की रात को तापमान 6.5, पचमढ़ी में 7.2 डिग्री रहा। हालांकि, दिन के तापमान में जरूर मामूली बढ़ोतरी हुई है, लेकिन उत्तर से सर्द हवाएं आने से ठिठुरन बनी हुई है। प्रदेश में सर्वाधिक अधिकतम तापमान 28.2 डिग्री रतलाम में दर्ज किया गया। वहीं, राजधानी भोपाल में रात का पारा 10.8 डिग्री सेल्सियस रहा। फिलहाल, मौसम में खास बदलाव के आसार नहीं है। तापमान गिरने से प्रदेश के अधिकांश इलाकों में जनजीवन ठंड से प्रभावित हो गया है। सुबह घने कोहरे के साथ ही ओस की परत जम रही है। हवा का रुख उत्तर-पूर्वी बना हुआ है, जिससे तापमान में उतार चढ़ाव देखने को मिल रहा है और ठिठुरन बढ़ने लगी है। फिलहाल तीन-चार दिन तक मौसम का मिजाज इसी तरह बना रह सकता है।

**ठंड से नए साल का:** मौसम वैज्ञानिक वेद प्रकाश ने बताया कि आगे भी मौसम साफ रहेगा। ग्वालियर, दतिया, टीकमगढ़, छतरपुर और निवाड़ी जिले में हल्का कोहरा छाएगा। अगले सप्ताह से उत्तरी हवाओ के बढ़ने से ठंड में बढ़ोतरी होने की संभावना बनी हुई है। नए साल में दिन और रात का तापमान कम होने से मौसम का मिजाज और बदलेगा।





हरिभूमि क्लासीफाइड

संपर्क सूत्र : 9407279644


## राशिफल

**मेष** मन प्रसन्न रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। माता का सानिध्य मिलेगा। भाग-दौड़ अधिक रहेगी। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं।

**वृष** आत्मसंयत रहें। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। नौकरी में कार्यभार में वृद्धि हो सकती है। आय में भी वृद्धि होगी। वस्त्रों पर खर्च बढ़ेंगे।

**मिथुन** आत्मसंयत रहें। आय में वृद्धि होगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें।

**कर्क** आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। नौकरी में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। कार्यक्षेत्र में भी परिवर्तन होगा। ऑफिस में उच्चाधिकारियों का सहयोग रहेगा।

**सिंह** मन परेशान रहेगा। संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। किसी पैतृक सम्पत्ति से धन की प्राप्ति हो सकती है। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**कन्या** परिवार का साथ मिलेगा। कुछ पुराने मित्रों से भेंट हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ेगी। भाइयों का सहयोग रहगा।

**तुला** आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। शैक्षिक कार्यों में अड़चनें आ सकती हैं।

**वृश्चिक** धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। वाहन के रख-रखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे।

**धनु** वाणी में मधुरता रहेगी। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। कार्यभार में भी वृद्धि होगी। धनलाभ के अवसर मिलेंगे।

**मकर** दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। नौकरी में विदेश जाना हो सकता है। वाहन सुख में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। सेहत का ध्यान रखें।

**कुंभ** क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। मन परेशान हो सकता है। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं, परन्तु स्वास्थ्य का ध्यान भी रखें।

**मीन** नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। खर्च भी बढ़ेंगे। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु संयत रहें।


**Medical Help Line**

विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644



स्वयं की वर्षो की रिसर्च 100% कारागर इलाज

सफेद दाग CURE CENTRE

Timing 10:30 am to 8:00 pm

Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC

कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें। M : 9425006131

5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंज़िल पुरानी कज़ियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल

हरिभूमि रनिंग क्लासीफाइड उठावना, शोक संदेश, जन्मदिन, आमसूचना आम/कोर्ट नोटिस


**नाम परिवर्तन**

मैं इशरत जहा ISHRAT JAHA पत्नि श्री अनवर खान ANWAR MOHAMMAD KHAN मेरे पासपोर्ट क्र. J6564233 में अंग्रेजी वर्ड ISHARAT JAHAN एवं पति का नाम ANABAR MOHAMMAD त्रुटिवश अंकित हो गया है। मेरे आधार कार्ड एवं अन्य दस्तावेजों में मेरा नाम इशरत जहा ISHRAT JAHA पत्नि अनवर मोहम्मद खान ANWAR MOHAMMAD KHAN अंकित है। अतः भविष्य में मुझे इशरत जहा ISHRAT JAHA पत्नि अनवर मोहम्मद खान ANWAR MOHAMMAD KHAN के नाम से जाना व पहचाना जावे। नि.- म.नं. 300/8 गली नं. 06, आरिफ नगर बैरसिया रोड भोपाल (म.प्र.)


**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे। - व्यावस्थापक


## शब्द पहेली - 5365



**बाएँ से दाएँ**

1. बादलों की गड़गड़ाहट-4
3. नीरस, रस विहीन-4
8. नेपाल की इस नायिका ने फिल्म 'सौदागर' से अपना कैरियर शुरु किया था-3,4
10. कंठस्थ करना-3
11. जुड़वा-3
13. उक्ति, काव्य कृति-3
15. आने वाला दिन-2
17. पर, पराया, दूसरा-2
18. हाथ-2
19. कविता लिखने वाल-2
21. बजाने वाला-3
25. कक्ष, रूम-3
26. ठिकाना, नीड़-3
27. हमारे देश के पूर्व प्रधानमंत्री-5,2
30. अभिप्राय-4
31. आतंकित होना-4

**ऊपर से नीचे**

2. तरुणाई, लड़कपन-3
4. सहायता, आधार-3
5. बीताना, यापन करना-4
6. दिखावा, पाखंड-4
7. जरुरत, स्वार्थ-3
8. राजी करना-3
9. योग्य-3
12. मसलना-3
13. इस चौथ को सुहागिन पति की रक्षा हेतु उपवास रखती हैं-3
14. सुगंध, लास-3
16. रोकड़ राशि-3
20. रुकना, स्थिर होना-3
22. विजय दशमी -4
23. भोर, सवेरा-3
24. सना हुआ, तर-4
25. छल, धोखा-3
28. अनुकृति-3
29. श्रंगार -3

**शब्द पहेली - 5364 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | ति | आ | व | श्य | क | | का | रा | वा | स |
| ज | ल | | र | | म | छ | ली | | र | मा |
| र | | अ | दा | का | र | | न | र | | धा |
| अ | र | मा | न | | बं | द | | ज | मी | न |
| म | | न | | म | द | म | स्त | | रा | |
| र | ज | त | प | ट | | क | र | म | ज | ला |
| | प | | ट | क | रा | ना | | स | | ल |
| मु | ना | दी | | ना | ग | | द | ल | ह | न |
| ला | | प | री | | गा | ड़ी | वा | न | | पा |
| का | का | | त | न | य | | घ | | न | ल |
| त | र | सा | ना | | न | ग | र | भ | व | न |

## सूडोकु नवताल - 5375

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | | | | | 1 | 8 |
| | | | 6 | 7 | | | | 2 |
| | | | 8 | | | | | |
| | 8 | 5 | | | | | | |
| | 2 | | | 1 | | | 7 | |
| | | | | | | 3 | 5 | |
| | | | | | 5 | | | |
| 1 | | | | 4 | 7 | | | |
| 9 | 6 | | | | | | | 4 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5374 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 9 | 7 | 4 | 8 | 6 | 2 | 3 | 5 |
| 4 | 5 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 6 | 8 |
| 2 | 6 | 8 | 7 | 3 | 5 | 9 | 1 | 4 |
| 5 | 3 | 1 | 2 | 7 | 9 | 4 | 8 | 6 |
| 9 | 2 | 4 | 8 | 6 | 1 | 5 | 7 | 3 |
| 7 | 8 | 6 | 5 | 4 | 3 | 1 | 9 | 2 |
| 3 | 4 | 9 | 6 | 2 | 7 | 8 | 5 | 1 |
| 6 | 7 | 2 | 1 | 5 | 8 | 3 | 4 | 9 |
| 8 | 1 | 5 | 3 | 9 | 4 | 6 | 2 | 7 |

## खबर संक्षेप

### बैंक लॉकर एग्रीमेंट रिन्यू की तिथि 31 तक

**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने 31 दिसंबर 2023 की अंतिम तारीख के साथ बैंक लॉकर एग्रीमेंट के लिए फेज में रिन्यूवल प्रोसेस अनिवार्य कर दी है। जिन अकाउंट होल्डर्स ने 31 दिसंबर 2022 को या उससे पहले बैंक लॉकर एग्रीमेंट जमा किया था, उन्हें एक रिवाइज एग्रीमेंट साइन करके अपनी संबंधित बैंक ब्रांच में जमा करना होगा। लॉकर एलॉटमेंट के समय, बैंक ग्राहक के साथ एक एग्रीमेंट करते हैं, जिस पर दोनों पक्ष साइन करते हैं। बैंक ऑरिजिनल एग्रीमेंट को उस ब्रांच में रखता है जहां लॉकर स्थित है, जबकि लॉकर किराए पर लेने वाले को एक डुप्लिकेट कॉपी देता है।



### सीआईआई-एक्सकॉन की शुरुआत

**बेंगलुरु ।** सीएनएच इंडसट्रियल के अग्रणी ब्रांड सीएएसई कंस्ट्रक्शन इक्विपमेंट ने इंटरनेशनल इक्विपमेंट और कंस्ट्रक्शन टेक्नोलॉजी ट्रेड फेयर सीआईआई-एक्सकॉन 2023 के 12वें संस्करण की रोमांचक शुरुआत की। कंपनी ने अपने बैकहो लोडर-770 एनएक्स प्लस और सॉइल कॉम्पेक्टर 1107 एनएक्स-पीडी को प्रदर्शित करते हुए बीएस (सीईवी) वी अनुपालन के लिए अपनी तैयारी की घोषणा की।

### केप्री ग्लोबल को मिला कॉर्पोरेट एजेंसी लाइसेंस

**नई दिल्ली।** केप्री ग्लोबल कैपिटल लिमिटेड ने भारतीय बीमा नियामक और विकास प्राधिकरण (आईआरडीएआई) से एक समग्र कॉर्पोरेट एजेंसी लाइसेंस प्राप्त किया है, जिसके जरिए वह जीवन, सामान्य और स्वास्थ्य बीमा उत्पादों को वितरित कर सकता है। यह सीजीसीएल को उसके उत्पाद प्रस्तावों को और विविध बनाने और उसकी शुल्क आय को मजबूत करने में मदद करेगा।

### बिमटेक में पीजीडीएम के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू

**नई दिल्ली।** ग्रेटर नोएडा में बिड़ला इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट टेक्नोलॉजी (बिमटेक) ने अपने दो साल के पूर्णकालिक पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन मैनेजमेंट 2024 कार्यक्रमों के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी है। भारतीय विश्वविद्यालय संघ द्वारा एमबीए कार्यक्रम के समकक्ष डिप्लोमा, एआईसीटीई द्वारा अनुमोदित और नेशनल बोर्ड ऑफ एक्रीडेशन द्वारा मान्यता प्राप्त है। बिमटेक को अमेरिका स्थित अंतरराष्ट्रीय मान्यता प्राप्त निकाय, एसोसिएशन टू एडवांस कॉलेजिएट स्कूल ऑफ बिजनेसद्वारा भी मान्यता प्राप्त है।

### एआई-जनरेटेड रिव्यू हाइलाइट्स लांच

**बेंगलुरु।** अमेजन.इन ने एआई-जनरेटेड रिव्यू हाइलाइट्स के लांच की घोषणा की। यह नया फीचर उत्पाद विवरण पृष्ठ पर एक छोटा पैराग्राफ प्रदान करता है जो लिखित समीक्षाओं में अक्सर उल्लिखित उत्पादों की विशेषताओं और ग्राहक के रुझान को उजागर करता है। यह नवोन्मेष ग्राहकों को बेहतर उत्पाद अंतर्दृष्टि के साथ सशक्त बनाता है, जिससे वे अधिक आसानी और आत्मविश्वास के साथ खरीदारी संबंधी निर्णय ले सकते हैं।

### टैली सोल्युशंस ने टैली प्राइम4.0 लांच किया

**मुंबई।** एमएसएमई की बदलती ज़रूरतों को पूरा करने के लिए भारत के प्रमुख बिज़नेस मैनेजमेन्ट सॉफ्टवेयर प्रोवाइडर टैली सोल्युशंस ने आज टैलीप्राइम4.0 के ग्लोबल लांच की घोषणा की है। बिजनेस मालिकों और कस्टमर्स को बेजोड़ एवं उत्कृष्ट अनुभव प्रदान करने के उद्देश्य के साथ टैली ने यह लांच किया है। कंपनी अगले 2-3 सालों में कस्टमर बेस में 50 फीसदी और सीएजीआर में 40 फीसदी बढ़ोतरी का लक्ष्य तय किया है। तेजस गोयंका, मैनेजिंग डायरेक्टर ने कहाकि कुछ साल पहले टैली प्राइम के लांच के साथ हम बिजनेस मैनेजमेंट को आसान बनाने के लिए निरंतर काम कर रहे हैं।

# मोहन सरकार के फैसले का चौतरफा स्वागत
# डीजे-लाउडस्पीकर पर पूर्णतः प्रतिबंध लगे

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

डीजे और लाउडस्पीकर की ऊंची आवाज लोगों के लिए परेशानी का सबब बने हुए हैं। डबल आवाज में डीजे की गूंज से दिल की धड़कन बढ़ जाती है,तो तेजी ध्वनि से कानों की सुनने की शक्ति कम होती है, दीमागी तनाव बढने से दिल धक-धक करने लगता है। डीजे-लाउडस्पीकर तेज ध्वनि से हार्ट अटैक की मरीज, बुजुर्ग की नींद हराम होती है तो नवजातों शिशुओं, किशोरों के मस्तिस्क पर बहुत बुरा प्रभाव पड़ रहा है। अतः मध्यप्रदेश सरकार द्वारा ध्वनि प्रदूषण यंत्रों में खासकर डीजे-लाउडस्पीकर के ध्वनि प्रदूषण पर प्रतिबंध लगाने का निर्णय स्वागत योग्य है। नए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के इस फैसले का भोपाल सहित प्रदेश की जनता खुश है क्योंकि मोहन सरकार के इस फैसले पर प्रशासन अगर सख्ती से अमल किया तो अब आम जनजीवन सामान्य होगा। यह कहना है कि व्यापार जगत, उद्योग जगत और विभिन्न सामाजिक संस्थाओं से जुड़े लोगों और प्रतिनिधियों का।

इन लोगों के अनुसार मध्यप्रदेश सरकार ने अब ध्वनि प्रदूषण यंत्रों के सीमित उपयोग के जो आदेश जारी किए है प्रदेश की जनता इसकी मांग पिछले कई वर्षों से कर रही थी। परंतु शासन की नींद अब खुली, ध्वनि प्रदूषण यंत्रों के अनियंत्रित उपयोग से और उनकी तेज आवाज से घरों आराम कर रहे बीमार और बुजूर्गों की धड़कने बढ़ती है तो विद्यार्थियों के पढ़ाई बाधित होती है। धार्मिक स्थलों के साथ-साथ मीटिंग और सार्वजनिक आयोजन पर ध्वनि प्रदूषण यंत्रों पर पूर्णतः प्रतिबंध लगना चाहिए।

बोले- डीजे और लाउडस्पीकर गूंज से बढ़ जाती है धड़कन



### ध्वनि प्रदूषण यंत्रों पर प्रतिबंध लगाना जनमानस के हित में

मध्यप्रदेश सरकार का नया आदेश स्वागत योग्य है। सरकार का यह आदेश सभी को समानभाव के अनुकूल है। अतः ध्वनि प्रदूषण को नियंत्रित करने पाबंदी लगाना अनिवार्य है। डीजे या लाउडस्पीकर जैसे ध्वनि प्रदूषण यंत्रों पर प्रतिबंध लगाना जनमानस के हित में है। अतः सरकार के इस फैसले का पुरजोर स्वागत है।

**प्रमोद जैन (हिमांशु)** अध्यक्ष, सकल दिगंबर जैन समाज, भोपाल

### डीजे या लाउडस्पीकर की तेज आवाज सामान्य लोगों के साथ ही हार्ट पेशेंट के लिए बेहद खतरनाक



डीजे या लाउडस्पीकर की तेज आवाज लोगों की सेहत के लिए बेहद खतरनाक है। खासकर उन लोगों के लिए जो हार्ट पेसेंट हैं और डीजे के नजदीक जाते हैं। अचानक से बढ़ता शोर से दिल की धड़कन को बिगाड़ सकती है। ऐसी स्थिति को मेडिकल साइंस की भाषा में एट्रियल फिब्रिलेशन भी कहा जाता है।

**डॉ. गुणवंत राव अड़लक**
वरिष्ठ ,चिकित्सक

### फरमान का स्वागत, डीजे हो या लाउडस्पीकर बिना मापदंड के बजाए जाते हैं



सुप्रीम कोर्ट ने साउंड सिस्टम की आवाज को लेकर सख्त आदेश दिया है, लेकिन आदेश का पालन होता दिखाई नहीं दे रहा है। 65 डेसिबल से ज्यादा साउंड में डीजे बजाया जा रहा है। डीजे हो या लाउडस्पीकर बिना मापदंड के बजाए जाते हैं। बारात एवं जुलूस और धार्मिक स्थलों में साउंड सिस्टम दोगुने आवाज में बजते हैं। अतः ध्वनि प्रदूषण को नियंत्रित करने मध्यप्रदेश में नए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव में जो नया फरमान जारी किया है वह स्वागत योग्य है।

**शैलेन्द्र गुप्ता**
संचालक, सुरभी ट्रेडर्स

### फैसले का स्वागत, आम जनमानस को ध्वनि प्रदूषण से निजात मिलेगी



घने व्यापारिक क्षेत्रों में विभिन्न धार्मिक स्थलों पर लगे हुए लाउस्पीकरों की तेजी आवाज से व्यापार में भी व्यावधान उत्पन्न होता है। अतः अग्रवाल समाज और व्यापारी समाज मोहन सरकार के इस निर्णय का स्वागत करता है। इस निर्णय से निश्चित ही आमजन मानस के साथ व्यापारी समुदाय को ध्वनि प्रदूषण से निजात मिलेगी।

**नवनीत अग्रवाल, सराफा व्यापारी**

### शासन का निर्णय उचित



मध्यप्रदेश में धार्मिक स्थल और अन्य स्थानों पर मध्यप्रदेश कोलाहल नियंत्रण अधिनियम, ध्वनि प्रदूषण विनियमन और नियंत्रण नियम 2000 के प्रावधानों तथा सर्वोच्च न्यायालय तथा उच्च न्यायालय द्वारा समय-समय पर जारी दिशा-निर्देशों के अनुक्रम में राज्य शासन ने यह निर्णय लिया है। लाउडस्पीकर एवं अन्य ध्वनि विस्तारक यंत्रों के तेज आवाज और उपयोग पर पूर्णत प्रतिबंधित करना उचित है।

**रोहित श्रोती**, वरिष्ठ एडवोकेट

## कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल ने
# प्रोस्टेट कैंसर पर इलाज के लिए प्रस्तुत की क्रांतिकारी एचआईएफयू टेक्नोलॉजी

क्रांतिकारी तकनीक की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुंबई

कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल, मुंबई ने प्रोस्टेट कैंसर के मरीज़ों के लिए आधुनिकतम इलाज विकल्प के रूप में हाई-इन्टेन्सिटी फोकस्ड अल्ट्रासाउंड (एचआईएफयू) क्रांतिकारी तकनीक प्रस्तुत करने की घोषणा की है। इस आधुनिकतम इलाज में प्रोस्टेट कैंसर कोशिकाओं को टारगेट करके, नष्ट करने के लिए हाई-फ्रीकेंसी ध्वनि तरंगों को इस्तेमाल में लाया जाता है। शरीर पर कम से कम घाव देते हुए की जाने वाली इस तकनीक में 'फोकल एब्लेशन' का इस्तेमाल किया जाता है। कैंसर मरीज़ों की देखभाल में यह बहुत बड़ा कदम उठाया गया है। यह तकनीक अत्यंत सटीक है, इसमें मरीज़ की पूरी देखभाल करते हुए, प्रोस्टेट कैंसर जहां हुआ है उस जगह पर इलाज करने का टारगेटेड दृष्टिकोण अपनाया जाता है।

*प्रभावकारी इलाज दिलाने में कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल अग्रणी है यह हमारे लिए बुहत ही गर्व की बात है :डॉ.संतोष शेट्टी*




### पूरी प्रक्रिया के दौरान मरीज को आराम रहता

एचआईएफयू के मरीजों को कई अलग-अलग लाभ मिलते हैं। कम से कम इन्वेसिव होने की वजह से पारंपरिक सर्जिकल प्रक्रियाओं में संभवतः होने वाली जटिलता की जोखिम कम होती है। एचआईएफयू में साधारण एनेस्थेशिया दिया जाता है, इससे पूरी प्रक्रिया के दौरान मरीज को आराम रहता है। यह टेक्नोलॉजी अत्यंत सटीक होने की वजह से आसपास के टिश्यू का नुकसान नहीं होता, लंबे समय तक रहने वाले साइड इफ़ेक्ट होने की जोखिम कम होती है और मरीज की जीवन गुणवत्ता में सुधार होता है। इस इलाज में मरीज को दर्द और असुविधा कम से कम होती है, इलाज के बाद कुछ ही दिनों में अपनी दैनिक गतिविधियों को फिर से शुरू कर सकते हैं। प्रोस्टेट कैंसर के अन्य उपचारों के साथ होने वाले असंयम और नपुंसकता जैसे दुष्प्रभावों की जोखिम एचआईएफयू में कम होती है।

### मरीजों को कैंसर के खिलाफ लड़ने में मदद करना हमारा लक्ष्य

कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल, मुंबई के सीईओ और एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर डॉ.संतोष शेट्टी ने बतायाकि शरीर का नुकसान कम से कम हो और इलाज के ज़्यादा से ज़्यादा परिणाम मिले, इस तरह से अत्यन्त सटीक इलाज की सहायता से हमारे मरीजों को कैंसर के खिलाफ लड़ने में मदद करना हमारा लक्ष्य है। इसके लिए एचआईएफयू बहुत ही मददगार है। इसके ज़रिए हमने कैंसर पर इलाज का और एक विकल्प दिया है इतना ही नहीं, हमारे मरीजों को इलाज से मिलने वाले अच्छे और सरल अनुभव में भी वृद्धि हई है। हमारे मरीजों को सबसे उन्नत और प्रभावकारी इलाज दिलाने में कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल अग्रणी है यह हमारे लिए बुहत ही गर्व की बात है।

### कैंसर कोशिकाओं को नष्ट किया जाता है

कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल, मुंबई में रोबोटिक सर्जरी के हेड और सर्जिकल ऑन्कोलॉजी के कंसलटेंट डॉ. युवराज टी बी ने कहाकि कैंसर पर पारंपरिक इलाज के लिए नॉन-इन्वेसिव विकल्प के रूप में एचआईएफयू लोकलाइज्ड प्रोस्टेट कैंसर के मरीजों के लिए आदर्श है। फोकल एब्लेशन में जहां कैंसर घाव या ट्यूमर है, सिर्फ उसी जगह पर ध्यान केंद्रित और लक्षित करके, अत्यधिक तापमान का उपयोग करके कैंसर कोशिकाओं को नष्ट किया जाता है। प्रोस्टेट ग्लैंड के अन्य हिस्सों में सामान्य कोशिकाओं को नुकसान होने से बचाया जाता है। रेडिएशन जैसे पहले इलाज के बाद बचाव, इलाज लेना चाहने वाले मरीजों के लिए भी एचआईएफयू लाभकारी है। प्रोस्टेट कैंसर भारत में पुरुषों को सबसे ज़्यादा होने वाले 10 कैंसर में से एक है।

## एसबीआई का लोन हुआ महंगा
# शीर्ष बैंक ने बेस रेट में 15 बीपीएस तक की बढ़ोतरी की

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

एसबीआई का लोन महंगा हो गया है। भारतीय स्टेट बैंक ने अपनी एमसीएलआर और बेस रेट में बढ़ोतरी की है। एसबीआई की वेबसाइट के मुताबिक नई दरें प्रभावी हैं। एमसीएलआर वह न्यूनतम ब्याज दर है, जिस पर कोई बैंक किसी ग्राहक को लोन दे सकता है। अब एसबीआई से लोन लेना महंगा हो गया है। स्टेट बैंक ने अपना बेस रेट पहले के 10.10 फीसद से बढ़ाकर 10.25 फीसदी कर दिया है। दिसंबर 2023 के लिए नवीनतम एसबीआई एमसीएलआर एमसीएलआर-आधारित दरें अब 8 फीसदी और 8.85 फीसदी के बीच होंगी।

ओवरनाइट एमसीएलआर दर 8 फीसदी है, जबकि एक महीने और तीन महीने के लिए एमसीएलआर दर 8.15 फीसदी से बढ़कर 8.20 फीसदी हो गई है।छह महीने की एमसीएलआर को 10 बीपीएस बढ़ाकर 8.55 फीसदी कर दिया गया है। एक साल का एमसीएलआर जो कई कंज्यूमर लोन से जुड़ा हुआ है, अब 10 बीपीएस बढ़कर 8.55 फीसदी से 8.65 फीसदी हो गया है। दो साल और तीन साल की अवधि के लिए एमसीएलआर को क्रमशः 10 बीपीएस बढ़ाकर 8.75 फीसदी और 8.85 फीसदी कर दिया गया है। बेंचमार्क प्राइम लेंडिंग रेट (बीपीएलआर) बेंचमार्क प्राइम लेंडिंग रेट (बीपीएलआर) 15 दिसंबर 2023 से प्रभावी 14.85 फीसदी से 25 बीपीएस बढ़कर 15.00 फीसदी प्रति वर्ष हो गया है।

### होम लोन पर छूट 31 दिसंबर 2023 तक

अपने विशेष उत्सव अभियान ऑफर के दौरान भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) होम लोन की ब्याज दरों पर 65 आधार अंक तक की आकर्षक छूट देता है। यह रियायत नियमित होम लोन, फ्लेक्सीपे, एनआरआई, वेतनभोगी, विशेषाधिकार पर लागू है। होम लोन पर यह छूट 31 दिसंबर 2023 तक है। हालांकि, बैंक 8.4 फीसदी वार्षिक ब्याज दरों पर होम लोन ऑफर कर रहा है।

## बिजनेस न्यूज

### 110 दिव्यांगों को निःशुल्क अंग लगवाएगी भोपाल उत्सव मेला समिति



**भोपाल।** भोपाल उत्सव मेला समिति द्वारा एंव भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम के सौजन्य से दो दिवसीय विशाल निःशुल्क अंग विहीन कटे हुए हाथ पाव दिव्यांगों के कृत्रिम अंग के लिए नाप शिविर का आयोजन दशहरा मैदान टीटी नगर में आयोजित हुआ। जिसमें प्रदेश के विभिन्न स्थानों सागर, छतरपुर, इंदौर, गाडरवारा, देवास, रतलाम, रायसेन, विदिशा, आष्टा, मंडीदिप से दिव्यांगों ने आकर अपनी जांच करवाई। जिसमें बच्चे, पुरूष एंव महिलायें सभी शामिल हुए। जिनमें 11 महिलाएं एंव 99 पुरूष कुल 110 दिव्यांगों के नाप लिए गए। जिनमें अंग बनकर जनवरी माह भोपाल उत्सव मेला, दशहरा मैदान टी टी नगर में प्रत्यारोपित कर दिये जायेंगे। इस शिविर को सफल बनाने में मुख्य संयोजक विजय अग्रवाल, संयोजक सुनील जैनाविन के साथ कैम्प को-आर्डिनेटर डॉ.महेश गुप्ता, ड.योगेन्द्र मुखरैया, ओम प्रकाश खुराना, प्रदीप गोल्डन एंव वीरेन्द्र जैन का निरंतर सहयोग प्राप्त हुआ। स्वास्थ्य शिविर स्थल पर श्याम मंगल, विमल भंडारी, अजय सोगानी, मोहन कुशवाह, सुमित गर्ग, कमलजैन श्वेता, नारायण सिंह कुशवाह एंव सुखदेव राज अठोत्रा, राज कुमार जौहरी, विजय राठी, संजीव पालीवाल सहित समिति के पदाधिकारी आदि इस सेवा कार्य में उपस्थित हुए (सहयोगी बने)। इस अवसर पर मेले परिसर में कार्यालय में भगवान श्री गणेश अर्चना के साथ शिविर का शुभारंभ डॉ. प्रभाकर तिवारी सीएमएचओ भोपाल द्वारा किया गया।

### युवा उत्सव और टैगोर चिल्ड्रंस पेंटिंग कॉम्पीटिशन का होगा भव्य आयोजन

**भोपाल।** रबीन्द्रनाथ टैगोर यूनिवर्सिटी एवं स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटीके तत्वावधान में आयोजित होने वाले विश्वरंग के अंतर्गत युवा उत्सव का भव्य आयोजन 16 दिसंबर को मिसरोद स्थित स्कोप ग्लोबलस स्किल्स यूनिवर्सिटीपरिसर में किया जा रहा है जो कि चर्चा, संवाद, विमर्श और गीत संगीत से गुलजार होगा।

कार्यक्रम का आगाज सुबह 10.30 बजे चारबैत की प्रस्तुति से होगा जिसे महिला कलाकार वृंद द्वारा प्रस्तुत किया जा रहा है। यह आयोजन मध्य प्रदेश उर्दू अकादेमी, संस्कृति विभाग के सहयोग से होगा। इसके बाद 11 बजे से उद्घाटन एवं व्याख्यान सत्र प्रारंभ होगा जिसमें देश के जाने माने शिक्षाविद् और मोटिवेशनल स्पीकर अवध ओझा जी शामिल होंगे। इस दौरान वे मातृभाषा और भविष्य की तैयारी विषय पर बात करेंगे। इसके बाद दोपहर 12.30 बजे से रेडियो पॉडकास्ट और करियर पर विशेष सत्र का आयोजन होगा जिसमें आरजे वेद, आरजे अर्श और आरजे पीहू अपने अनुभव और करियर की संभावनाओं से युवाओं को रूबरू कराएंगे। सत्र में वरिष्ठ कला समीक्षक एवं उद्घोषक विनय उपाध्याय जी का सानिध्य होगा। 1.30 बजे से मीडिया और चुनौतियां विषय पर चर्चा सत्र का आयोजन होगा जिसमें वरिष्ठ पत्रकार रंजन कुमार श्रीवास्तव और शैफाली पांडे शामिल होंगी। कार्यक्रम का समापन म्यूजिक बैंड की परफॉर्मेंस से होगा। यह आयोजन दोपहर 3 बजे से होगा। प्रवेश निशुल्क है। विश्वरंग 2023 की अगली कड़ी में 17 दिसंबर में स्कूली छात्रों की रचनात्मकता को मंच प्रदान करने टैगोर चिल्ड्रंस पेंटिंग कॉम्पीटिशन का आयोजन किया जाएगा जिसमें विभिन्न कैटेगरीज में 3 से 12 कक्षा के छात्र हिस्सा ले सकेंगे और अपनी चित्रकला के टैलेंट को दिखा सकेंगे। यह आयोजन स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटीपरिसर में रविवार को सुबह 11 बजे से 1 बजे तक होगा।

### फनस्कूल ने लांच की खास खिलौनों और गेम्स की रेंज

**चेन्नई।** फनस्कूल इंडिया ने इस छुट्टियों के मौसम में दो इलेक्ट्रॉनिक उत्पाद सहित 13 उत्पाद लांच किए हैं। नवोन्मेषी और दिलचस्प खिलौने और गेम्स जो नई आकर्षक पैकिंग में आते हैं। 3 वर्ष से अधिक के बच्चों के लिए उपयुक्त हैं। फनस्कूल इंडिया लिमिटेड के सीईओ आर जसवंत ने नवीनतम रेंज के लांच के संबंध में अपनी टीम की कड़ी मेहनत पर प्रकाश डालते हुए बड़े उत्साह के साथ कहाकि हम हमेशा ऐसे खिलौने और गेम्स लाने के इच्छुक रहे हैं जो बच्चों को सोचने-विचारने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। नवीनतम पेशकश भी इससे अलग नहीं है। ये उत्पाद गहन अनुसंधान और विकास का परिणाम हैं। हमारे मनोरंजक एवं शिक्षाप्रद खिलौने और गेम्स निश्चित रूप से न केवल बच्चों, बल्कि उनके माता-पिता को भी लुभाएंगे। फनस्कूल के उत्पाद खरीद कर, माता-पिता अपने बच्चों के लिए सही खिलौने चुनने के संबंध में आश्वस्त हो सकते हैं। नए लॉन्च किए गए गेम्स में टॉरनेडो फ़ोर्स शामिल है जो एक इलेक्ट्रॉनिक गेम है और 6 साल से ऊपर के बच्चों के लिए उपयुक्त है। यह गेम 'वास्तविक-हवा' बनाता है और भेड़ों के झुंड को बचाने के बारे में है।

### विदेशों में दौड़ेगी डब्ल्यूटीआई कैब्स प्रीमियम कैब्स सर्विस की बढ़ रही मांग



**मुंबई।** प्रीमियम कैब्स सर्विसेज प्रदान करने वाली अग्रणी कंपनी वाइस ट्रैवल इंडिया लिमिटेड वाहन चालकों को स्वरोजगार देते हुए अच्छी वृद्धि दर प्राप्त कर रही है। कंपनी ने 2009 में अपना परिचालन शुरू किया था और आज भारत के 250 से अधिक शहरों में मजबूत आधार के साथ कार्पोरेट सेक्टर को संपूर्ण ट्रांसपोर्ट सॉल्यूशन प्रदान कर रही है। वाइस ट्रैवल इंडिया लिमिटेड ने अब विदेशों में विस्तार करते हुए बड़े अंतर्राष्ट्रीय शहरों में परिचालन शुरू करने की योजना बनाई है। वाइस ट्रैवल इंडिया लिमिटेड के संस्थापक एवं सीईओ अशोक वशिष्ठ ने बताया कि कंपनी को दुबई में रेंट-ए-कार लाइसेंस मिल गया है और जल्द दुबई में व्यवसाय शुरू किया जाएगा।

### सहगल अस्पताल ने आयोजित की निःशुल्क मुख एवं डेंटल चेकअप कैंप



**भोपाल।** श्री श्री 1008 श्री दादाजी गुरुदेव चैरिटेबल ट्रस्ट भोपाल एवं सहगल अस्पताल के डॉ.रितेश सहगल सहित अस्पताल के विशेषज्ञ एवं सहयोगी द्वारा राजधानी के रायसेन रोड के पास पटेल नगर भोपाल स्थित दादाजी धाम मंदिर में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी शुक्रवार को श्री दादाजी गुरुदेव की 13 वीं पुण्यतिथि मनाई गई। दादाजी गुरुदेव के पुण्यतिथि पर सहगल अस्पताल और क्लीनिक द्वारा निःशुल्क मुख एवं डेंटल चैकअप कैंप का आयोजन किया गया। गौरतलब है कि पुण्यतिथि के इस मौके पर पंडित द्वारा सभी भगवान की पूजन के बाद श्री दादाजी गुरुदेव सांईखेड़ा वाले का अभिषेक, पूजन, हवन, आरती कर प्रसाद वितरण किया गया। और दोपहर में श्री दादाजी दर्शन पत्रिका 14 वें अंक का विमोचन कर भंडारे का आयोजन किया गया।

### ईडीआईआई ने किया थॉट सेमिनार और थीमैटिक फैशन शो का आयोजन

**मुंबई।** भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान (ईडीआईआई) ने एक थॉट लीडरशिप सेमिनार और थीमैटिक फैशन शो का आयोजन किया। वर्ल्ड ट्रेड सेंटर, कोलाबा मुंबई में एचएसबीसी द्वारा समर्थित प्रोजेक्ट हैंडमेड इन इंडिया के तहत एक प्रदर्शनी का आयोजन किया। भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान अहमदाबाद हैंडमेड इन इंडिया परियोजना में कार्यान्वयन भागीदार है। छह क्लस्टर-असम में कामरूप, उड़ीसा में बरगढ़, गुजरात में भुज और सुरेंद्रनगर, मध्यप्रदेश में महेश्वर और तमिलनाडु में सेलम को हैंडमेड इन इंडिया परियोजना के तहत समर्थन और सहायता प्रदान की जा रही है। प्रदर्शनी में शामिल छह समूहों के उत्पाद प्रदर्शित किए गए।

### एचडीएफसी बैंक और इंडियन डेंटल एसोसिएशन का समझौता



**मुंबई।** एचडीएफसी बैंक और इंडियन डेंटल एसोसिएशन (आईडीए) ने नए स्नातक दंत चिकित्सकों को अपनी दंत चिकित्सा पद्धतियां स्थापित करने के लिए निर्बाध और परेशानी मुक्त फंडिंग की पेशकश करने के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। इससे देश में मौखिक स्वास्थ्य देखभाल के बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी। इस पहल के तहत दिए गए ऋण की गारंटी सूक्ष्म और लघु उद्यमों के लिए क्रेडिट गारंटी फंड ट्रस्ट (सीजीटीएमएसई) द्वारा दी जाएगी, जो भारत सरकार के सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) मंत्रालय और भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (सिडबी) की एक संयुक्त पहल है।

## ऑल-टाइम हाई पर सेंसेक्स और निफ्टी
# बैंकिंग, फाइनेंशियल और आईटी शेयरों में रही तेजी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिकी सेंट्रल बैंक फेड रिजर्व ने अगले साल ब्याज दरों में कटौती का संकेत दिया है। इससे पूरी दुनिया के शेयर बाजार बम-बम हैं। भारत में भी आज लगातार दूसरे दिन इसका असर देखने को मिला। विदेशी बाजारों से आ रहे पॉजिटिव संकेतों के दम पर सेंसेक्स और निफ्टी हफ्ते के अंतिम कारोबारी दिन आज ऑल-टाइम हाई पर पहुंच गए। बीएसई सेंसेक्स 970 अंक यानी 1.37 परसेंट की तेजी के साथ 71,484 अंक पर बंद हुआ जबकि एनएसई का निफ्टी 274 अंक यानी 1.29 परसेंट की तेजी के साथ 21,456 अंक पर पहुंच गया। बैंकिंग, फाइनेंशियल और आईटी शेयरों में सबसे ज्यादा तेजी रही। बीएसई लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैप शुक्रवार को 2.76 लाख करोड़ रुपए बढ़कर 357.78 लाख करोड़ रुपए पहुंच गया।

### शेयरों में भी तेजी

सेंसेक्स के शेयरों में सबसे ज्यादा तेजी एचसीएल टेक, टीसीएस और इन्फोसिस में रही। इन शेयरों में 5 से 6 फीसदी तेजी आई। एसबीआई, टाटा स्टील, टेक महिंद्रा, एनटीपीसी और विप्रो के शेयरों में भी तेजी रही।

## एक्सिस बैंक की इंडिया इकॉनमिक एंड मार्केट आउटलुक 2024 रिपोर्ट पेश
# भारत के जीडीपी का पूर्वानुमानों से बढ़कर प्रदर्शन होगा, मुद्रास्फीति लक्ष्य पर लौटेगी

एजेंसी ▶▶ मुंबई

एक्सिस बैंक के मुख्य अर्थशास्त्री नीलकंठ मिश्रा ने बैंक की भारत आर्थिक और बाजार आउटलुक 2024 रिपोर्ट में कहा है कि ऐसे पॉजिटिव सरप्राइज लगातार दिए जाते रहेंगे, जो ट्रेंड-विकास धारणाओं को नए सिरे से ऊपर उठाने में सहायक होंगे और भारत के जीडीपी पूर्वानुमानों से बढ़कर प्रदर्शन होगा। दुनिया की प्रतिकूल परिस्थितियां बढ़ने से वित्त वर्ष 2025 में विकास में गिरावट आ सकती है।

मिश्रा और सह-लेखक तनय दलाल एवं प्रतीक अंचा ने भी आगाह किया है कि जहां मुख्य मुद्रास्फीति में कमी आई है, वहीं अस्थिर खाद्य मुद्रास्फीति बने रहने की संभावना है। एक्सिस बैंक को उम्मीद है कि मुख्य मुद्रास्फीति धीमी गति से बनी रहेगी, क्योंकि महामारी से पहले के मुकाबले जीडीपी का अंतर कम हो रहा है, लेकिन अभी भी 1.3 साल की वृद्धि दर पर है। सेवा मुद्रास्फीति में नरमी श्रम बल में कमी को दर्शाती है, जो कि इस प्रवृत्ति का प्रमाण है।

राजकोषीय अनुशासन, बुनियादी ढांचे का निर्माण और पूंजीगत व्यय में बढ़ोतरी भी समय के साथ योगदान देगी। कोर, वर्तमान में 4 फीसदी लक्ष्य से काफी नीचे एनुअलाइज कर रहा है।

**पश्चिम मध्य रेल**

शुद्धिपत्र–01

दिनांकः 13.12.2023

मुख्य परियोजना प्रबंधक, गति शक्ति यूनिट जबलपुर के द्वारा आमंत्रित निविदा क्रमांक–सीपीएम–जी.एस.यू.–जबल–ई.पी.सी.1–2023 दिनांक 08.12.2023 में निम्न संशोधन किया जाता है। **प्रकाशितः** निविदा खुलने की अंतिम तिथि एवं समय 16:00 बजे 26.01.2024, **संशोधितः** निविदा खुलने की तिथि एवं समय 16:00 बजे 01.02.2024, निविदा का सम्पूर्ण जानकारी वेबसाइट https://ireps. gov.in पटल पर उपलब्ध है एवं यथावत रहेगी।

उप.मुख्य अभियंता, जी.एस.यू., पमरे, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

## चिंतन

# जजों की कमी से कोर्टों में बढ़ रहे लंबित केस

सर्वोच्च न्यायालय को हमारे संविधान निर्माताओं ने संविधान का संरक्षक इसलिए कहा था क्योंकि वे चाहते थे कि देश की जनता को किसी प्रकार की तकलीफ न हो, शासन सुचारू रूप से चले, सबके मौलिक अधिकार सुरक्षित रहें, धर्म-जाति के नाम पर विवाद न हों। किसी भी देश में न्याय पर आधारित समाज की स्थापना में उस देश की न्यायपालिका की अहम भूमिका होती है। धर्म-निरपेक्ष एकीकृत भारत में सामाजिक और सांस्कृतिक विविधता को अक्षुण्ण व आर्थिक विकास के अवसर को निरंतर बनाए रखना आवश्यक है, किन्तु आज यह सबसे अधिक चुनौतीपूर्ण कार्य बन गया है। ऐसे में न्यायपालिका की भूमिका पहले से कहीं ज्यादा व्यापक हो गई है, जिसमें न्यापालिका का कार्य एक विवाद निवारक तंत्र से कहीं अधिक बढ़ गया है। लेकिन अहम सवाल है कि क्या बदली हुई जरूरतों के हिसाब से न्यापालिका बदल पाई है? हमारा समूचा न्याय तंत्र इन्फ्रास्ट्रक्चर से लेकर मानव संसाधन तक की भारी कमी से गुजर रहा है। देश की अदालतों में जजों की काफी कमी है, अदालतों का काम करने का तरीका औपनिवेशिककालिक है, अदालतों के बुनियादी ढांचे आधुनिक नहीं हो सके हैं, न्यायपालिका और कार्यपालिका के मध्य टकराव बढ़ता ही गया है, ऐसे अनेक प्रश्न हैं, जिनसे हमारी न्यायपालिका जूझ रही है। केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने लोकसभा में आवाम को बताया है कि देश की अदालतों में एक दिसंबर तक पांच करोड़ से अधिक (5,08,85,856) मामले लंबित हैं, जिनमें उच्चतम न्यायालय में 80 हजार मामले पेंडिंग हैं। सभी 25 उच्च न्यायालयों में 61 लाख से अधिक और जिला व अधीनस्थ अदालतों में 4.46 करोड़ से अधिक मामले लंबित हैं। कानून मंत्री ने यह भी बताया कि न्यायपालिका में न्यायाधीशों की कुल स्वीकृत संख्या 26,568 है, शीर्ष अदालत में न्यायाधीशों की स्वीकृत संख्या 34 है, वहीं उच्च न्यायालयों में यह आंकड़ा 1,114 न्यायाधीशों का है। जिला और अधीनस्थ न्यायालयों में न्यायाधीशों की स्वीकृत संख्या 25,420 है। आज भारत की अदालतों में 6 हजार से ज्यादा जजों की कमी है। इनमें से 5 हजार जजों की कमी निचली अदालतों में है। देश में 10 लाख की आबादी पर सिर्फ 19 जज हैं। भारत में जज-आबादी का अनुपात 19.46 प्रति 10 लाख है। कोर्ट में लंबित केस व जजों की कमी के आंकड़े सरकार वर्ष दर वर्ष संसद में जारी करती रही है, पर जजों की भर्ती की प्रक्रिया सुस्त ही रही है। अगर जज ही पर्याप्त नहीं रहेंगे, तो मामलों की तेजी से सुनवाई कैसे होगी? सरकार को पता है कि देश की अदलातों में जजों की संख्या में भारी कमी है और पांच करोड़ से अधिक केस पेंडिंग हैं, इसके बावजूद अगर सरकार जजों की नियुक्ति पर जोर नहीं दे रही है, तो यह चिंता की बात है। सुप्रीम कोर्ट के पूर्व मुख्य नयायाधीश टीएस ठाकुर जब सेवारत थे, तब उन्होंने जजों की कमी का उल्लेख करते हुए एक भावनात्मक भाषण दिया था। न्यायमूर्ति ठाकुर ने तब कहा था कि लंबित मामलों की भारी संख्या के निपटारे के लिए देश को 70 हज़ार से अधिक न्यायाधीशों की ज़रूरत है। उन्होंने अमेरिका का उदाहरण देते हुए कहा था कि अमेरिका में 9 जज पूरे साल में 81 केस सुनते हैं जबकि भारत में एक जज 2600 केस सुनता है। विदित हो कि 1987 में ही विधि आयोग ने सुझाव दिया था कि लंबित मामलों की समस्या से प्रभावी तरीके से निपटने के लिए 44 हज़ार न्यायाधीशों की जरूरत है। भारतीय न्यायिक व्यवस्था पिछले करीब 36 वर्षों से जजों के अपर्याप्त संख्याबल से ही काम चला रही है। 'जस्टिस डिलेड इज़ जस्टिस डिनाइड', इसलिए जजों की कमी अविलंब दूर की जानी चाहिए, ताकि लंबित केसों की संख्या में भी कमी आए और नए केसों का अंबार भी नहीं लगे। भारत को एक व्यापक न्यायिक सुधार की आवश्यकता है।

## सारा संसार



विश्व प्रसिद्ध काशी विश्वनाथ मंदिर वाराणसी में स्थित है। काशी विश्वनाथ मंदिर भगवान शिव के 12 ज्योतिर्लिंगों में से एक है। इस मंदिर को विश्वेश्वर के नाम से भी जाना जाता है। इस शब्द का अर्थ है 'ब्रह्मांड का शासक'। यह मंदिर 15.5 मीटर ऊंचा है। वर्तमान मंदिर का निर्माण महारानी अहिल्या बाई होल्कर ने वर्ष 1780 में करवाया था। बाद में महाराजा रणजीत सिंह ने 1853 में 1000 किलो शुद्ध सोने से इसे बनवाया था। अभी वहां नया कोरिडोर बन रहा है।

## परम्परा

डॉ. मोनिका शर्मा



# सादगी से विवाह का संदेश

हाल ही में चर्चित अभिनेता रणदीप हुड्डा और लिन लैशराम की परंपरागत रीति-रिवाज से हुई शादी की तस्वीरें सोशल मीडिया में छा गईं। चमक-दमक से परे इन छवियों में हमारे देश के एक हिस्से के सुंदर रंग नजर आए। बिग फैट इंडियन वेडिंग के दौर में अपने देश में, अपनों के बीच हुए इस वैवाहिक समारोह की मोहक छवियां कई मायनों में अहम रहीं। इस आयोजन में जड़ों से जुड़े रहने और परम्पराओं को पोसने का भाव नजर आया। हालिया बरसों में जब फिल्मों और खेल की दुनिया के चेहरे महंगी शादियों को प्राथमिकता दे रहे हैं, रणदीप और लिन की मणिपुर की सांस्कृतिक विवाह रस्म मैतई के जरिये संपन्न हुई शादी की तस्वीरों में दिखते भाव-चाव आम लोगों को बेहद मोहक लगे। यह समारोह विवाह योग्य युवक-युवतियों और उनके परिजनों में संदेश भी गया। दरअसल, एक नामी-गिरामी चेहरे की शादी से जुड़ा सरल सा आयोजन परंपरागत जीवन से जोड़ने के साथ ही सहजता को भी पोसने वाला कहा जाएगा। बीते कुछ बरसों से हमारे यहां शादियों की फिजूलखर्ची को सामाजिक और आर्थिक रुतबे से इस कदर जोड़ दिया गया है कि आम परिवारों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। जाने-माने चेहरों की चलाई दिखावे की रीत कमोबेश समाज के हर तबके तक जा पहुंची। इसके चलते बने सामाजिक-मनोवैज्ञानिक दबाव ने इस मानसिकता को कम करने के बजाय और बढ़ावा ही दिया। पहले से आर्थिक विषमता के हालात से जूझते हमारे देश में वैवाहिक इंतज़ामों के खर्चे आम परिवारों के लिए बड़ी परेशानी बन गए। ऐसे में सफ़ेद धोती-कुर्ता पहने रणदीप और मणिपुरी दुल्हन के परंपरागत वैवाहिक परिधान पोटलोई पहने लिन का शानो-शौकत दिखाने के बजाय साधारण ढंग शादी करने के अंदाज़ ने इस शुभ कारज को और असाधारण बनाया। एक समय था जब शादी समारोह समाज को जोड़ने वाले परम्परागत आयोजन भर हुआ करते थे। परिवार और रिश्तेदारों से घिरे दूल्हा-दुल्हन और हंसते-खिलखिलाते परिजन। धीरे-धीरे रीति-रिवाज की जगह एक अजब-गजब धूम धड़ाके और सहज जुड़ाव का स्थान महंगी शादियों से जुड़े रुतबे ने ले लिया। इस फेर में रिश्तों में औपचारिकता और धन के प्रदर्शन को उकसावा ही मिला। सगे-संबंधियों के मेलजोल को पोसने वाले आयोजन महंगी सजावटों और बनावटी बर्ताव तक सिमट गए। हालिया बरसों में किसी सेलिब्रिटी ने विदेशी धरती पर भव्य आयोजन कर चर्चा में रहने का रास्ता चुना तो किसी ने देश में ही आर्थिक समृद्धि का दिखावा किया। इस दिखावे का आम लोगों की मानसिकता भी गहरा असर पड़ता है। ऐसे में नामी-गिरामी हस्तियों के घरों में शादी के कार्यक्रम का सहज आयोजन करना वाकई सराहनीय है। ऐसे समारोह सीधे-सीधे आमजन की मनःस्थिति पर असर डालते हैं। आर्थिक सम्पन्नता की चमक दिखाने का प्रयोजन बनने के बजाय परंपरागत जीवन से जोड़ने वाले उत्सव बन जाते हैं। यही वजह है कि इन दिनों हुए ये सादगी भरे वैवाहिक समारोह कई मोर्चों पर आमजन के लिए भी मिसाल बन गए हैं।

(लेखिका फ्रीलांसर हैं ये उनके अपने विचार हैं।)



एनसीआरबी रिपोर्ट

योगेश कुमार गोयल

एनसीआरबी की नवीनतम रिपोर्ट में एक बार फिर महिलाओं के प्रति बढ़ते अपराधों की चिंताजनक तस्वीर उभरकर सामने आई है। इस रिपोर्ट के अनुसार देशभर में 2022 में महिलाओं के विरुद्ध आपराधिक घटनाओं के 4,45,256 मामले दर्ज किए गए जबकि 2021 में यह आंकड़ा 4,28,278 और 2020 में 3,71,503 था। महिलाओं के विरुद्ध आपराधिक घटनाओं के ये मामले 2021 की तुलना में करीब चार प्रतिशत ज्यादा हैं। उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र और राजस्थान में महिलाओं के खिलाफ अपराध सबसे ज्यादा बढ़े हैं, जबकि दिल्ली में महिलाओं के खिलाफ अपराध की दर सर्वाधिक बताई गई है।

# आधी आबादी की सुरक्षा का सवाल

राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो(एनसीआरबी) की नवीनतम रिपोर्ट में एक बार फिर महिलाओं के प्रति बढ़ते अपराधों की चिंताजनक तस्वीर उभरकर सामने आई है। इस रिपोर्ट के अनुसार देशभर में 2022 में महिलाओं के विरुद्ध आपराधिक घटनाओं के 4,45,256 मामले दर्ज किए गए जबकि 2021 में यह आंकड़ा 4,28,278 और 2020 में 3,71,503 था। महिलाओं के विरुद्ध आपराधिक घटनाओं के ये मामले 2021 की तुलना में करीब चार प्रतिशत ज्यादा हैं। आंकड़ों से स्पष्ट है कि 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' तथा ऐसे ही कई अन्य नारों के जरिए भले ही सरकार महिला सशक्तिकरण का कितना ही दंभ क्यों न भरे, परन्तु वास्तविकता यही है कि महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराधों के मामलों में कोई सुधार नहीं आया है। उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र और राजस्थान में महिलाओं के खिलाफ अपराध सबसे ज्यादा बढ़े हैं, जबकि दिल्ली में महिलाओं के खिलाफ अपराध की दर सर्वाधिक बताई गई है। दूसरे राज्यों के मुकाबले उत्तर प्रदेश में महिलाओं के खिलाफ अपराधों के मामलों में सर्वाधिक प्राथमिकी दर्ज हुई।

हालांकि महिलाओं के खिलाफ अपराध के मामले में दिल्ली सबसे ऊपर है, जो लगातार तीसरे साल भी 19 महानगरों में सबसे आगे है। प्रायः सभी राजनीतिक दल चुनावों के दौरान घोषणा करते हैं कि सत्ता में आने के बाद वे महिलाओं की सुरक्षा हर स्तर पर सुनिश्चित करेंगे, लेकिन हकीकत इससे कोसों दूर है। महिलाओं के प्रति अपराधों को लेकर हर साल सामने आते एनसीआरबी के आंकड़े हर बार बेहद अफसोसनाक तस्वीर प्रस्तुत करते हैं, जिनसे साफ पता चलता है कि महिलाएं स्वयं को कहीं भी सहज और सुरक्षित महसूस नहीं करतीं। देश में शायद ही कोई ऐसा राज्य हो, जहां महिलाओं के खिलाफ अपराधों में बढ़ोतरी न हुई हो। एनसीआरबी की रिपोर्ट के मुताबिक देश में 2022 में कुल 58,24,946 आपराधिक मामले दर्ज हुए, जिनमें से 4,45,256 मामले महिलाओं के खिलाफ अपराध के हैं। हैरान करने वाली बात है कि महिलाओं पर अपराध के मामलों में अधिकतर पति, प्रेमी, रिश्तेदार या कोई अन्य करीबी शख्स ही आरोपी निकले। इन मामलों में महिलाओं के पति या रिश्तेदारों द्वारा 31.4 फीसदी क्रूरता, 19.2 फीसदी अपहरण, 18.7 फीसदी बलात्कार की कोशिश और 7.1 फीसदी बलात्कार करने के मामले शामिल हैं। रिपोर्ट के मुताबिक देश में बलात्कार के कुल 31,516 मामले दर्ज किए गए, जिनमें सर्वाधिक 5399 मामले राजस्थान में, 3690 मामले उत्तर प्रदेश, 3029 मध्य प्रदेश, 2904 महाराष्ट्र और 1787 मामले हरियाणा में दर्ज किए गए। महिलाओं के प्रति अपराध के मामले में देश की राजधानी दिल्ली सबसे आगे है, जहां 2022 में महिलाओं के खिलाफ अपराध के 14247 मामले दर्ज किए गए। यहां 2021 में 14277 और 2020 में 10093 ऐसे मामले दर्ज हुए थे। दिल्ली में अपराध की उच्चतम दर 144.4 दर्ज की गई है, जो देश की औसत अपराध दर 66.4 से बहुत ज्यादा है। उत्तर प्रदेश में दहेज के लिए 2138 और बिहार में 1057 महिलाओं की हत्या कर दी गई जबकि मध्य प्रदेश में 518, राजस्थान में 451 और दिल्ली में 131 महिलाओं की





हत्या दहेज के लिए की गई। एनसीआरबी की रिपोर्ट के अनुसार प्रति एक लाख जनसंख्या पर महिलाओं के खिलाफ अपराध की दर 2021 में 64.5 फीसदी से बढ़कर 2022 में 66 फीसदी हो गई, जिसमें से 2022 के दौरान 19 महानगरों में महिलाओं के खिलाफ अपराध के कुल 48,755 मामले दर्ज किए गए, जो 2021 के 43,414 मामलों की तुलना में 12.3 फीसदी ज्यादा हैं। महिलाओं के प्रति बढ़ते अपराधों को लेकर अब सबसे बड़ा सवाल यही है कि तमाम दावों, वादों और नारों के बाद भी आखिर देश में ऐसे अपराधों पर लगाम क्यों नहीं लग पा रही है? यह कितनी बड़ी विडंबना है कि भारत जैसे धार्मिक और सांस्कृतिक मूल्यों को महत्त्व देने वाले देश में भी महिलाओं को भय के वातावरण में जीना पड़ता है। वे न अपने परिवार में, न आस-पड़ोस में और न ही बाहर के वातावरण में खुद को पूरी तरह सुरक्षित महसूस करती हैं।

राष्ट्रीय महिला आयोग के आंकड़े देखें तो इस साल 19 सितंबर तक ही आयोग में महिलाओं के खिलाफ अपराध की कुल 20,693 शिकायतें मिलीं, जो इस वर्ष के अंत तक काफी बढ़ने की संभावना है 2022 में आयोग को 30,957 शिकायतें मिली थीं, जो 2014 के बाद सर्वाधिक थी। 2014 में 30,906 शिकायतें दर्ज की गई थी। 2021 में महिलाओं के खिलाफ अपराध की 30 हजार से ज्यादा शिकायतें मिली थी। आयोग ने तेजाब हमले, महिलाओं के खिलाफ साइबर अपराध, दहेज हत्या, यौन शोषण और दुष्कर्म जैसी कुल 24 श्रेणियों में शिकायत दर्ज की। सर्वाधिक शिकायतें गरिमा के साथ जीने के अधिकार को लेकर दर्ज की गई, उसके बाद घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न, महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार, छेड़खानी और बलात्कार की शिकायतें हैं। दिल्ली में निर्भया कांड के बाद महिलाओं के प्रति अपराधों पर लगाम कसने के लिए जिस प्रकार कानून सख्त किए गए थे, उससे लगा था कि समाज में संवदेनशीलता बढ़ेगी और ऐसे कृत्यों में लिप्त असामाजिक तत्त्वों के हौसले पस्त होंगे, पर विडंबना है कि समूचे तंत्र को झकझोर देने वाले ऐसे कई मामले सामने आने के बाद भी हालात ऐसे हैं कि शायद ही कोई दिन ऐसा बीतता हो, जब महिला हिंसा से जुड़े अपराधों के मामले सामने न आते हों। ऐसे अधिकांश मामलों में प्रायः पुलिस-प्रशासन का भी गैरजिम्मेदाराना और लापरवाही भरा रवैया ही सामने आता रहा है। यह निश्चित रूप से कानून-व्यवस्था और पुलिस-प्रशासन की उदासीनता का ही नतीजा है कि महिलाओं के खिलाफ अपराध करने वालों में शायद ही कभी खौफ दिखता हो। सवाल यह है कि कानूनों में सख्ती, महिला सुरक्षा के नाम पर कई तरह के कदम उठाने और समाज में आधी दुनिया के आत्मसम्मान को लेकर बढ़ती संवेदनशीलता के बावजूद आखिर ऐसे क्या कारण हैं कि बलात्कार के मामले हों, छेड़छाड़, मर्यादा हनन या फिर अपहरण, क्रूरता, आधी दुनिया के प्रति अपराधों का सिलसिला थम नहीं रहा है? इसका सबसे बड़ा कारण तो यही है कि कड़े कानूनों के बावजूद असामाजिक तत्त्वों पर अपेक्षित कड़ी कार्रवाई नहीं होती। स्पष्ट है कि केवल कानून कड़े कर देने से महिलाओं के प्रति हो रहे अपराधों पर लगाम नहीं कसी जा सकेगी। इसके लिए जरूरी है कि सरकारें प्रशासनिक मशीनरी को चुस्त दुरुस्त करने के साथ उसकी जबाबदेही सुनिश्चित करें। ऐसे मामलों में कोताही बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएं। पुलिस किस प्रकार ऐसे अनेक मामलों में पीड़िताओं को ही परेशान करके उनके जले पर नमक छिड़कने का काम करती रही है, ऐसे उदाहरण अक्सर सामने आते रहे हैं। ऐसी परिस्थितियों के मद्देनजर अपराधियों के मन में पुलिस और कानून का भय कैसे उत्पन्न होगा और कैसे महिलाओं के खिलाफ अपराधों में कमी की उम्मीद की जाए?

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## धर्म को मनुष्य के भीतरी अनुभवों का हिस्सा होना चाहिए



संकलित

दर्शन

आध्यात्मिकता को धर्म के साथ जोड़ने की हमारी स्वाभाविक प्रवृत्ति है। इसलिए हमें मनुष्य के रूप में अपनी क्षमता और भीतरी रूपांतरण के महत्व को समझना जरूरी है। इसे मानसिक विकास की प्रक्रिया द्वारा प्राप्त किया जा सकता है। मैं, कभी-कभी इसे जीवन का आध्यात्मिक आयाम कहता हूं। आध्यात्मिकता के दो स्तर होते हैं। इसका एक स्तर हमारे धार्मिक विश्वास से जुड़ा है। इस संसार में अनेक तरह के लोग, अनेक तरह की स्थितियां हैं। यहां सात अरब लोग हैं और एक तरह से मुझे लगता है कि हमारे यहां सात अरब धर्म होने चाहिए क्योंकि यहां इतने विभिन्न तरह के विन्यास मौजूद हैं। मेरा मानना है कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने अलग आध्यात्मिक मार्ग पर चलना चाहिए, जो उसके अपने मानसिक विन्यास, स्वाभाविक रुझान, चित्त प्रकृति, मत, परिवार और सांस्कृतिक पृष्ठभूमि के अनुसार हो। उदाहरण के लिए, बौद्ध भिक्षु होने के नाते, मुझे बौद्ध धर्म सबसे अनुकूल लगता है। इसलिए मेरे अपने लिए, बौद्ध धर्म सबसे अच्छा है। परंतु इसका यह अर्थ नहीं है कि बौद्ध धर्म सबके लिए सर्वश्रेष्ठ है। यह साफ बात है। यह निश्चित भी है। यदि मैं सोचूं कि बौद्ध धर्म ही सबके लिए अच्छा है तो यह मूर्खता होगी, क्योंकि अलग-अलग लोगों की सोच अलग होती है। इसलिए विभिन्न लोगों के लिए विभिन्न धर्मों की जरूरत है। धर्म का उद्देश्य लोगों को लाभ पहुंचाना है और मुझे लगता है, यदि एक ही धर्म होगा तो वह कुछ समय के बाद अधिक लोगों को लाभ नहीं दे सकेगा।

## बच्चों को राम और कृष्ण की कहानी सुनाएं



संकलित

प्रेरणा

जया किशोरी कहती हैं कि बेड टाइम स्टोरी में आज के पैरेंट्स सिंड्रेला और स्नोबेल की कहानियां सुनाते हैं. लेकिन हमारे पास खुद इतनी कहानियां है. अपने बच्चों को बचपन से श्री राम और श्री कृष्ण की कथाएं सुनाएं. प्रभु की लीलाएं बताएं. इन लीलाओं का अर्थ बच्चों को बताएं. तभी बच्चे भगवान से प्रेम कर सकेंगे. सुंदरता का प्रेम कुछ समय का होता है. असली प्रेम स्वभाव से होता है. जब हमें किसी का स्वभाव पता चलता है, जब हम व्यक्ति के बारे में जानना शुरू करते हैं. तो हम उससे प्रेम करने लगते हैं. भगवान से प्रेम करने के लिए कथाओं के जरिए उनके स्वभाव का पता चलता है. तब जाकर ही भगवान से प्रेम होगा. राम के जन्म की बात करते हैं तो श्री राम के अवतार का ही नाम है मर्यादा पुरुषोत्तम. श्रीराम के लिए कई बार कहा जाता है, कि वह ये कर सकते थे, वो कर सकते थे. लेकिन ऐसा नहीं है. वो अपनी मनमानी नहीं कर सकते थे. इसलिए उनके अवतार का नाम मर्यादा पुरुषोत्तम हैं. वह मर्यादित रूप में आए थे. जो मर्यादा में बनाई गई हैं, जो नियम बनाए गए हैं. उसके अंदर रहकर ही उन्होंने काम किया. वह नियम तोड़ नहीं सकते थे. रावण को मारने के लिए वह तत्काल सेना बुला सकते थे. उन्हें वानरों की सेना बुलाने की जरूरत ही नहीं पड़ती. जिस दिन सीता माता का हरण हुआ, उसी दिन वह सेना बुला सकते थे. उस समय भी उन्होंने मर्यादाओं को नहीं तोड़ा. वनवास में आए हैं, तो एक बनवासी की तरह ही अपना जीवन जिएं. जो उनके पास है वह उसी की तैयारी करने लगे.

## सटाका





## आज की पाती

### जैविक खेती की ओर

पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य को देखते हुए हमें अब जैविक कृषि पर पर्याप्त जोर देना चाहिए। अभी स्थिति यह है कि चाहकर भी आम आदमी रासायनिक खाद से मुक्त जैविक शाक-सब्जी सुलभता से नहीं खरीद सकता। आज जिस तरह से बीमारियां बढ़ रही हैं, सेहत को लेकर हर कोई सावधान रहना चाहता है। ऐसे में, सभी लोग जैविक खाद्य उत्पादों का सेवन करना चाहते हैं। इसी वजह से बजट में जैविक कृषि पर जोर देने की वकालत की गई थी। जब तक किसानों को जैविक कृषि के लिए सुविधाएं नहीं दी जाएंगी, या विपणन व्यवस्था दुरुस्त करते हुए उनको सरकारी सहायता नहीं दी जाएगी, तब तक रासायनिक खाद का प्रयोग उनके लिए अनिवार्य रहेगा। **-शाहीन बेगम**, रायपुर

## करंट अफेयर

### गलती से निलंबन सूची में शामिल सांसद का नाम हटाया गया

संसद की सुरक्षा में हुई चूक मामले में सदन में हंगामा करने को लेकर कांग्रेस समेत विपक्ष के कई सांसदों को गुरुवार को संसद के शीतकालीन सत्र से निलंबित कर दिया गया। इसमें एक ऐसे विपक्षी सांसद को भी सस्पेंड किया गया, जोकि संसद में थे ही नहीं। वे चेन्नई में मौजूद थे। हालांकि, बाद में सरकार ने साफ किया कि गलती से डीएमके सांसद एसआर पार्थिबन का नाम सस्पेंड किए गए सांसदों की लिस्ट में चला गया था। बाद में उनके नाम को हटा दिया गया, जिसके बाद कुल सस्पेंड किए गए सांसदों की संख्या 13 हो गई। इन सभी को सदन में अनियंत्रित आचरण के लिए निलंबित किया गया है। सस्पेंड किए गए सांसदों की लिस्ट में पार्थिबन का नाम आने के बाद डीएमके सांसदों ने इसकी शिकायत की थी। उन्होंने कहा था कि एसआर पार्थिबन सदन में भी नहीं थे और वह चेन्नई में हैं। इसके अलावा, कांग्रेस सांसद जयराम रमेश ने भी यह मुद्दा उठाया था। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, ''कल लोकसभा में जो हुआ वह अत्यंत चिंताजनक था। आज लोकसभा में जो हुआ वह बिल्कुल विचित्र है। तमिलनाडु के एक सांसद जो सदन में मौजूद भी नहीं थे और वास्तव में नई दिल्ली से बाहर थे, उन्हें कार्यवाही में बाधा डालने के लिए निलंबित कर दिया गया।



## ऑफ बीट

### भारत-मालदीव के टूट रहे रिश्ते जल सर्वे समझौता भी किया खत्म

करीब एक महीन पहले मालदीव ने भारत को अपने सैनिकों को वापस बुलाने के लिए कहा था। अब वहां के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू की सरकार ने द्वीप के जल का हाइड्रोग्राफिक सर्वे को लेकर भारत के साथ पिछली सरकार के समझौते को रिन्यूअल नहीं करने का फैसला किया है। चुनाव प्रचार के दौरान इनकी पार्टी ने 'इंडिया आउट' का अभियान चलाया था। आपको बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और तत्कालीन राष्ट्रपति इब्राहिम मोहम्मद सोलिह के निमंत्रण पर मालदीव का दौरा किया था। 8 जून 2019 को दोनों देशों के बीच समझौता हुआ था। भारत को मालदीव के क्षेत्रीय जल का हाइड्रोग्राफिक सर्वेक्षण करने के साथ-साथ चट्टानों, लैगून, समुद्र तट, समुद्री धाराओं और ज्वार के स्तर का अध्ययन और चार्ट बनाने की इजाजत दी गई थी। नई सरकार बनने के बाद यह पहला द्विपक्षीय समझौता है जिसे आधिकारिक तौर पर समाप्त किया जा रहा है। गुरुवार को एक संवाददाता सम्मेलन में मालदीव के राष्ट्रपति कार्यालय में सार्वजनिक नीति के अवर सचिव मोहम्मद फिरुज़ुल अब्दुल खलील ने कहा कि मुइज़्ज़ू सरकार ने 7 जून 2024 को समाप्त होने वाले हाइड्रोग्राफी समझौते को रिन्यूअल नहीं करने का फैसला किया है।





## ट्रेंड

### दिल्ली का एम्स लाइट हाउस

दिल्ली का एम्स एक लाइट हाउस है। दिल्ली एम्स के मानक अन्य संस्थान भी फॉलो करें। यहां जो लोग इलाज के लिए आते हैं, उनके लिए यह अंतिम आस्था और श्रद्धा का केंद्र है।

-मनसुख मांडविया, केंद्रीय मंत्री



### गुरु की मौलिक भूमिका

गुरु की मौलिक भूमिका शिक्षा और मार्गदर्शन देना नहीं है, बल्कि आपकी ऊर्जा को एक अलग संभावना में प्रज्वलित करना है।यदि आप हर किसी को और हर चीज को प्रेमपूर्वक देख सकते हैं, तो आपको परम तक ले जाना आसान होगा।

-सदगुरु, आध्यात्मिक गुरु



### अहंकार की पराकाष्ठा

संसद में सुरक्षा चूक पर एक टीवी चैनल से बात करने के लिए गृहमंत्री के पास समय था, लेकिन सदन में बयान देने से इनकार कर रहे हैं। यह अहंकार की पराकाष्ठा है जो उनके व्यक्तित्व को दर्शाता है।

-जयराम रमेश, कांग्रेस नेता



### शास्त्र बड़ा वैज्ञानिक

हमारी सनातन संस्कृति की कथाओं का प्रतीक शास्त्र बड़ा वैज्ञानिक है। उनका विस्तार इतना वृहद है कि हमारी चेतना बहुधा उन कथाओं के प्रतीकों में फंसकर रह जाती है। उनकी सार्थकता प्रतीकों को समझ कर जीवन मंगलमय बनाने में है।

-कुमार विश्वास, कवि



### अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com पर भेज सकते हैं।

## ईओडब्ल्यू ने बैंक अधिकारियों के अलावा 13 अन्य लोगों पर भी दर्ज किया मामला

# किसान क्रेडिट कार्ड और सीएम स्वरोजगार योजना में फर्जीवाड़ा: बैंक अफसरों ने मरे किसानों के नाम पर निकाली रकम, पत्नी को भी बिना नियम दिया लोन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश में बैंक अफसरों ने भ्रष्टाचार का एक नया तरीका खोज निकाला है। मरे हुए बैंक खाता धारकों के नाम से किसान क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाई और लाखों रुपए निकाल लिए। इसी तरह मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना में भी लाखों रुपए बिना नियम के जारी कर दिए साल 2018 से लेकर 21 के बीच में बैंक अधिकारियों ने 98 लाख 39 से अधिक रुपयों का बंदरबांट कर लिया। खास बात है कि कई अधिकारियों ने अपनी पत्नी और रिश्तेदारों के नाम पर मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना के तहत लाखों रुपए जमा करा दिए।

### साल 2018 से साल 2021 तक बैंक को गुमराह करते हुए निकाली रकम




▶ किसानों ने लोन की राशि बढ़ाने से किया इंकार, खुद ही किए फर्जी साइन और लगाए अंगूठे, फिर 98 लाख निकाल कर किया बंदरबांट

इस फर्जीवाड़े की जांच करते हुए ईओडब्ल्यू ने बैंक अधिकारियों के अलावा 13 अन्य लोगों पर भी मामला दर्ज किया है। बैंक के साथ धोखाधड़ी और आर्थिक अनियमिता के तहत एफआईआर दर्ज की है। अधिकारियों ने बताया कि बैतूल के घोड़ा डोंगरी के सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया का मामला है। बैंक की ओर से जांच के बाद अधिकारियों ने हाल ही में रकम जमा कराई है। तत्कालीन बैंक मैनेजर पियूष सोनी ने अपने बचत खाते से 89 लख रुपए जमा किए हैं। इसके अलावा दीपक सोलंकी ने भी 3 लाख से अधिक की रकम जमा कराई है। हालांकि बैंक ने स्पष्ट किया है कि अधिकारियों की वजह से बैंक को 34 लाख 60 हजार रुपए का नुकसान हुआ है। इसके साथ ही अधिकारियों ने बैंक के नियमों का भी पालन नहीं किया।

### ऐसे चला फजीर्वाड़े का सिलसिला

शिकायत की जांच में ईओडब्ल्यू ने पाया कि 81 खातों में से 17 किसने की मौत हो चुकी थी। 64 किसानों ने किसान क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने से इनकार कर दिया था। इसके बाद भी अधिकारियों ने बिना सहमति किसान क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाई। इसके बाद किसने के किसानों के अंगूठे लगा कर रकम को निकाल लिया गया, जबकि नियम है कि बैंक में अंगूठे की जगह साइन से ही पैसे निकाले जा सकते हैं। जांच में यह भी पाया गया कि जिन मोबाइल नंबरों के जरिए रकम निकाली गई है। अधिकांश एक ही नंबर पर रजिस्टर्ड थे और फर्जी अंगूठे को लगाकर बैंक के साथ अधिकारियों ने ही धोखाधड़ी की है। वहीं उन्होंने अब फर्जी साइन भी किसानों की जगह किए। इसके लिए अधिकारियों ने अतिरिक्त चेक बुक इशू करके रकम को ट्रांसफर कराया। वहीं मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना के जरिए खातों में लोन की रकम जारी की गई।

### इन बैंक अधिकारियों के खिलाफ दर्ज किया मामला

ईओडब्ल्यू ने तत्कालीन बैंक मैनेजर पियूष सैनी, सहायक प्रबंधक दीपक सोलंकी, कैशियर राजेश, दिलीप यादव बैंक कॉरस्पॉडेंट सहित 13 लोगों को बैंक के साथ धोखाधड़ी और नियमों के उल्लंघन के मामले में आरोपी बनाया है। अधिकारियों ने बताया कि सहायक शाखा प्रबंधक दीपक सोलंकी ने लोन की राशि को सेंट्रल बैंकिंग सिस्टम में दर्ज नहीं किया। इसके अलावा चेक बुक में खाता धारक का नाम और खाता नंबर भी दर्ज नहीं किया। फिर दूसरे अकाउंट नंबर की एंट्री कर बैंक से रकम ट्रांसफर कर ली।

### राजस्थान पुलिस ने नारायणगढ़ टीआई, एसआई सहित सात पर दर्ज की एफआईआर

भोपाल। मध्यप्रदेश के मंदसौर जिले के पुलिसकर्मियों पर राजस्थान पुलिस ने केस दर्ज किया है। इन पर आरोप है कि टीम दबिश देने पहुंची थी और घर में मौजूद महिलाओं से अभद्र व्यवहार किया साथ ही एक सदस्य को छोड़ने के एवज में 50 लाख रुपयों की मांग की थी। नहीं देने पर एनडीपीएस एक्ट का झूठा केस दर्ज कर दिया था।राजस्थान के प्रतापगढ़ की थाना हथुनिया पुलिस ने मंदसौर जिले के नारायणगढ़ थाना प्रभारी जितेन्द्र सिसौदिया, एसआई संजयप्रताप सिंह, एसआई राकेश चौधरी, एसआई भारत चावड़ा, एएसआई अर्जुनसिंह, अमित कुशवाह और जितेन्द्र मालोट खिलाफ धारा 451, 330, 343, 365, 384, 389, 506, 120 बी के तहत केस दर्ज किया है। पुलिसकर्मियों के खिलाफ पीड़िता फिजा मेवाती ने अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की कोर्ट में परिवाद लगाया था। जिले के पुलिस अधिकारी पर इस तरह का ये दूसरा मामला है। इससे पहले उत्तरप्रदेश पुलिस भी एनडीपीएस के एक मामले में मुकदमा दर्ज कर चुकी है।

---

## खबर संक्षेप



### बाबा बर्फानी सेवादल ने पटेल को दी श्रद्धांजलि

**औबेदुल्लागंज।** देश के प्रथम गृहमंत्री लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 73वीं पुण्यतिथि पर शुक्रवार को बाबा बर्फानी सेवादल ने श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर सर्वेश गौर आंखखेड़ी ने कहा कि बारडोली सत्याग्रह का नेतृत्व कर रहे पटेल को सत्याग्रह की सफलता पर वहां की महिलाओं ने 'सरदार' की उपाधि दी थी। गृहमंत्री के रूप में उनकी पहली प्राथमिकता देसी रियासतों को भारत में मिलाना था। इस काम को उन्होंने बिना खून बहाए कर दिखाया। भारत के एकीकरण में उनके महान योगदान के लिए उन्हें भारत का 'लौहपुरुष' के रूप में जाना जाता है। इस अवसर पर रुपसिंह राजपूत, राजेश राजपूत, बलवान सिंह नागर, राजेश सैनी, दिलीप मेघानी, अजय गौर मौजूद थे।

### वैश्य महासम्मेलन की बैठक आयोजित

**मंडीदीप।** समाज के युवा कार्यकर्ता पंकज जैन को वैश्य महासम्मेलन के बेगमगंज तहसील का अध्यक्ष नियुक्त किया है। प्रदेश अध्यक्ष उमाशंकर गुप्ता तथा संभाग अध्यक्ष बीके गुप्ता की अनुशंसा पर समाज के जिला अध्यक्ष विनोद जैन द्वारा उनकी नियुक्ति की गई है। महासम्मेलन के जिला अध्यक्ष विनोद जैन द्वारा शुक्रवार को जिले की रायसेन तहसील, गैरतगंज तहसील, बेगमगंज तहसील तथा सिलवानी तहसील में प्रवास किया। इस दौरान उन्होंने सामाजिक बंधुओं से बैठक कर 17 दिसंबर को वैश्य सम्मेलन के कैलेंडर विमोचन पर चर्चा की।

### सुमित पचौरी का जन्मदिन केक काटकर मनाया



**औबेदुल्लागंज।** कांग्रेस नेता सुमित पचौरी का जन्मदिन बड़े ही हर्षोल्लास के साथ केक काटकर मनाया। इस अवसर पर सुरेश पचौरी, केशव पचौरी, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र सिंह राजू, वरिष्ठ रमेश गौर, राजेश खटीक, बसंत साहू, विनोद इरपाचे, मनोज खटीक, अमर पेठारी, सुरजीत सिंह बिल्ले, निलेश गौर, पंकज नागरानी, महेश जैन, रेवा शंकर राय, सुनील गुप्ता सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बधाई दी।

### सगे पिता ने किया तेरह साल की बेटी से दुष्कर्म

**भोपाल।** खजूरी सड़क थाना क्षेत्र स्थित एक कस्बे में सगे पिता द्वारा तेरह साल की बेटी से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। घटना बुधवार-गुरुवार की दरमियानी रात की है। बेटी की चीख सुनकर मां की नींद खुली तो मां ने आरोपी की पिटाई लगा दी थी। इसके बाद गुरुवार को थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी पिता पर बलात्कार, दैहिक शोषण, पाक्सो समेत अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार 13 साल की नाबालिग मूलतः रायसेन की रहने वाली है। वह अपने माता-पिता के साथ खजूरी इलाके के एक कस्बे में रहती है।

---

## सीएम डॉ. यादव ने प्राध्यापकों और विद्यार्थियों से किया संवाद

# पीएम उत्कृष्टता महाविद्यालय करेगा विद्यार्थियों के व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास: मुख्यमंत्री

▶ देश के विकास का आधार बनेगी नई शिक्षा नीति

▶ एमवीएम कॉलेज का निरीक्षण भी किया

### हर जिले में जिला महाविद्यालयों को पीएम उत्कृष्टता महाविद्यालय के रूप में उन्नयन किया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि पीएम उत्कृष्टता महाविद्यालय के विद्यार्थियों के व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास करेंगे। हर जिले में जिला महाविद्यालयों को पीएम उत्कृष्टता महाविद्यालय के रूप में उन्नयन किया जाएगा। सभी सुविधाओं से युक्त महाविद्यालय का निर्माण किया जाएगा। मुख्यमंत्री यादव मोतीलाल विज्ञान महाविद्यालय में विद्यार्थियों और प्राध्यापकों से संवाद कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि महाविद्यालयीन शिक्षा को प्रदेश में उच्चतम स्तर तक ले जाने के लिए पीएम उत्कृष्टता महाविद्यालय निर्मित करने का निर्णय लिया गया है। इन महाविद्यालयों में सभी संकायों से संबंधित कोर्स संचालित किए जाएंगे। विद्यार्थियों के लिए सर्व सुविधा युक्त कक्षाएं, खेल मैदान, ऑडिटोरियम, प्लेसमेंट सेल, ट्रेनिंग सेंटर आदि की सुविधा होगी।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि नई शिक्षा नीति को क्रियान्वित करने में मप्र अग्रणी राज्य रहा है। इस नीति के अनुसार महाविद्यालयीन शिक्षा के साथ वोकेशनल सब्जेक्ट, व्यक्तित्व विकास, योग शिक्षा और संगीत सहित विभिन्न विषयों की शिक्षा दी जाएगी। योग्य प्राध्यापक और ट्रेनर की नियुक्ति की जाएगी। प्लेसमेंट सेल के जरिए विद्यार्थियों को उनकी योग्यता अनुसार रोजगार प्राप्त होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्राध्यापकों और विद्यार्थियों से संवाद करते हुए प्रोत्साहित किया। मुख्यमंत्री ने नई शिक्षा नीति, डिजिलॉकर, जैसे विषयों पर संवाद किया।

**मुख्यमंत्री** - नई शिक्षा नीति में विद्यार्थियों के विकास के लिए क्या-क्या प्रावधान है?

**प्राध्यापक** - नई शिक्षा नीति विद्यार्थियों के समेकित विकास पर केंद्रित है। इसमें सभी संकायों का समावेश किया गया है। प्राचार्य ने नई शिक्षा नीति को क्रियान्वित करने की जानकारी देते हुए बताया कि विद्यार्थियों को संकाय के विषय के साथ उद्यमिता, योग, कला संकाय के विषय, संगीत भी संवाद, ग्रुप डिस्कशन और विचार मंथन आदि माध्यमों से पढ़ाया जाता है। इसके साथ ही पिछले लोकरंग उत्सव में विद्यार्थियों के ग्रुप को जनजातीय संस्कृति को जानने और समझने के लिए ले जाया गया था।

**मुख्यमंत्री-** लोकरंग में क्या अनुभव किया?

**विद्यार्थी-** लोकरंग में जनजातीय संस्कृति को करीब से जानने और समझने का अवसर मिला। जनजातीय जीवन को करीब से जाना। किताबों की दुनिया से बाहर निकलकर जनजातीय संस्कृति को महसूस करने का यह पहला अवसर मिला।

**मुख्यमंत्री-** डिजिलॉकर के बारे में क्या जानते हैं?

**विद्यार्थी-** मंत्री परिषद ने छात्रों की डिग्री, मार्कशीट भी डिजिलॉकर में अपलोड करने का निर्णय लिया है। डिजिलॉकर में डिग्री, मार्कशीट वेरिफाइड डॉक्यूमेंट होंगे। इससे पहले मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने एमवीएम कॉलेज का निरीक्षण किया। उन्होंने भू-विज्ञान प्रयोगशाला के नमूनों को देखा और जानकारी प्राप्त की। पत्थरों की संरचना, उनका काल और निर्माण की प्रक्रिया के संबंध में भी जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने प्रयोगशाला के रखरखाव संबंधी आवश्यक निर्देश भी दिए। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव उच्च शिक्षा केसी गुप्ता, प्रभारी प्राचार्य एमवीएम कॉलेज डॉ. गीता मोदी सहित बड़ी संख्या में प्राध्यापक और विद्यार्थी उपस्थित रहे।



---

## आलोक शर्मा कार्यकर्ताओं के साथ कमिश्नर कार्यालय पहुंचे

### भाजपा कार्यकर्ता से बदमाश ने मारपीट कर ब्लेड मारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गौतम नगर थाना क्षेत्र गली में हुई कहासुनी के बाद बदमाश सोनू बच्चा उर्फ अफताब ने अपने साथी वकार के साथ मिलकर भाजपा कार्यकर्ता से मारपीट करते हुए ब्लेड से हमला कर दिया। गौतम नगर पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ सामान्य धारा में प्रकरण दर्ज किया था।

इस बात से नाराज आलोक शर्मा कार्यकर्ताओं के साथ पुलिस कमिश्नर कार्यालय पहुंचे और आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास की एफआईआर दर्ज करने की बात कही। कमिश्नर हरिनारायण चारी मिश्र ने आरोपियों के खिलाफ धारा-307 का इजाफा कराया है। अभी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। विजय अहिरवार कारपेंटर है। घटना 13-14 की दरमियानी रात है। विजय ने आरोप लगाया कि उसने करीम बख्स कॉलोनी में इस गणेश पंडाल लगाया था।

आरोपी सोनू आफताब ने तोड़फोड़ की थी। तब से दोनों के बीच विवाद चल रहा है। 13-14 की रात वह अपने दोस्त के पास छोला मरघट के पास बैठा था। तभी आरोपी ने उस पर पुरानी रंजिश को लेकर हमला कर दिया। इधर घटना के बाद आरोपी सोनू बच्चा ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल किया है। उसका कहना है कि उसे झूठा फंसाया जा रहा है। मरघट के पास जुआ चल रहा था और उसे वहां बुलाया गया था। वह पहुंचा तो पहले से ही विवाद चल रहा था। विवाद में वह मौजूद नहीं था।

### कार ने मारी टक्कर, युवक की मौत, साथी गंभीर, पुलिस ने दर्ज किया प्रकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बैरसिया थाना क्षेत्र स्थित ग्राम सोनकच्छ पेट्रोल पंप के सामने कार की टक्कर से घायल हुए दो युवकों में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरे का निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने कार चालक पर मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार जितेंद्र मेहर पिता रमेश मेहर (27) गांव दिल्लौद, गुनगा में रहता था और प्राइवेट काम करता था। गत 11 दिसंबर की दोपहर करीब डेढ़ बजे वह बैरसिया से अपने गांव दिल्लौद जा रहा था। इस दौरान उसकी बाइक पर रिश्तेदार दीपक मेहर भी था। दोनों बाइक से ग्राम सोनकच्छ स्थित पेट्रोल पंप के सामने पहुंचे ही थे कि सामने से आ रही कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में दोनों को गंभीर चोट आई थी। एंबुलेंस से दोनों को भोपाल स्थित निजी अस्पताल पहुंचाया गया, वहां इलाज के दौरान शुक्रवार दोपहर उसकी मौत हो गई।

---



### योजनाएं सुचारू चलाने को लेकर विधायक खत्री ने किया आभार

**बैरसिया।** जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत सचिव और सहायक सचिव संघ की ओर से विधायक विष्णु खत्री की हैट्रिक जीत पर स्वागत समारोह का आयोजन शुक्रवार को जनपद पंचायत सभागार में किया। आयोजन में सभी सचिव और सहायक सचिवों ने विधायक विष्णु खत्री का पुष्प गुच्छ से स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान खत्री ने कहा कि लोकतंत्र के इस महापर्व में आपकी महत्वपूर्ण भागीदारी रही। आप लोगों का शांतिपूर्ण ढंग से चुनाव कराने में योगदान रहा है। उन्होंने कहा कि मेरी जीत का श्रेय भी मैं आपको देता हूँ, क्योंकि आप लोगों ने सरकार की योजनाओं को अपनी-अपनी पंचायत में धरातल तक पहुंचाया। मोदी सरकार और हमारे प्रदेश सरकार की जनहितैषी योजनाओं का पात्र लोगों को लाभ पहुंचाया। उसी का नतीजा है कि आज हमारी जीत हुई है। उन्होंने कहा कि आज केंद्र सरकार की जितनी भी योजनाएं है। यह बड़ी जनहितैषी है। चाहे जल जीवन मिशन हो चाहे पीएम आवास योजना हो और या फिर अन्य योजनाएं हो। इन सभी योजनाओं से लोगों का जीवन स्तर में बड़ा परिवर्तन हुआ है।

## कैंसर जागरुकता कार्यक्रम का आयोजित

### गलत तरीके से खानपान कैंसर होने का प्रमुख कारण : डॉ.गणेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

संत हिरदाराम प्राकृतिक चिकित्सा एवं योग विज्ञान चिकित्सा महाविद्यालय में जवाहर लाल नेहरू कैंसर हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर, भोपाल के संयुक्त तत्वावधान में कैंसर जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें जवाहर लाल नेहरू कैंसर हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर, भोपाल से डॉ. एन. गणेश, कंसलटेन्ट ऑन्कोलॉलिस्ट, डिपार्टमेंट ऑफ रिसर्च एंड क्लीनिकल जैनेटिक्स, डॉ. अलिभा रावत, जैनेटिक काउन्सलर, हारिस असलम एवं संजय श्रीवास्तव उपस्थित थे।

महाविद्यालय के निदेशक हीरो ज्ञानचंदानी ने मुख्य अतिथि डॉ. एन. गणेश तथा उनकी टीम का परिचय देते हुए उनके द्वारा किए जा रहे कैंसर जागरूकता कार्यों से छात्राओं को अवगत कराया। डॉ. एन. गणेश ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि आजकल कि तनावपूर्ण दिनचर्या, गलत खानपान तथा मोटापा इत्यादि के कारण कैंसर एक बहुत ही आम बीमारी हो चुकी है। किन्तु आज भी इसका उपचार काफी महंगा है। यदि खानपान में सावधानी रखी जाएं तथा हमारी दिनचर्या संयमित हो तो हम कैंसर को प्रारंभिक अवस्था (इनिशियल स्टेज) में ही रोक सकते हैं।





### विधायक पटवा ने कोठारी को दी जन्मदिवस की बधाई

**औबेदुल्लागंज।** भाजपा के मीडिया प्रभारी पंकज विजय कोठारी का जन्मदिन शुक्रवार को बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया। देर शाम दर्जनों भर मित्रों और समर्थकों ने पंकज कोठारी को फूल माला पहना कर केक काटा। इस अवसर पर विधायक सुरेंद्र पटवा, कन्हैया नंदवंशी, रविंद्र विजय, सोनू चौकसे ,वागीश अग्रवाल, नपा अध्यक्ष लक्ष्मी चौकसे, मनोज चौरसिया, पुरुषोत्तम शर्मा, कांता पटेल, नंदू शर्मा, दीपू परमार, व्यापार संघ के अध्यक्ष अशोक मित्तल, विक्रम धाड़ी, नीरज चावला, गिरीश चावला अन्य लोगों ने बधाई दी। पंकज कोठारी स्वर्गीय सुंदर लाल पटवा के साथी एवं वरिष्ठ नेता स्वर्गीय विजय कोठारी के पुत्र हैं।



### शिक्षिका सीमा तारे को मिला संत अफजल साहब सम्मान

**संतनगर।** मिठी गोविंदराम स्कूल संत हिरदाराम नगर भोपाल की वरिष्ठ संगीत शिक्षिका एवं संगीत विभाग प्रमुख सीमा तारे को संत अफजल साहब सम्मान-2023 से सम्मानित किया गया। उन्हें यह सम्मान निमाड़ी लोकगीत गायन एवं निमाड़ी लोकनृत्य निर्देशन के लिए दिया गया है। स्व. बाबूलाल सेन महेश्वर की स्मृति में अखिल निमाड़ लोक कला परिषद यह सम्मान देती है।

सीमा तारे को यह सम्मान खरगोन जिले के ठीकरी में आयोजित एक कार्यक्रम में अखिल निमाड़ लोक परिषद की शालिनी बड़ोले ने प्रदान किया। सीमा तारे को इस उपलब्धि पर संस्था के अध्यक्ष सिद्ध भाऊ, हीरो ज्ञानचंदानी, एसी साधवानी, केएल रामनानी, उप प्रचार्या आशा चंगलानी समेत समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं विद्यार्थियों ने शुभकामनाएं दी हैं।

---

## मप्र मानव अधिकार आयोग ने भोपाल जिले के 10 मामलों में संज्ञान लिया

# बिना सुरक्षा इंतजाम के विद्युतकर्मी कर रहे काम, सुरक्षा उपायों की व्यवस्था संबंधी सीएमडी से मांगा जवाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र मानव अधिकार आयोग ने भोपाल जिले के 10 मामलों में संज्ञान लिया हैं। भोपाल जिले के चार बत्ती चैराहे से काली मंदिर की ओर जाने वाले मार्ग पर विद्युत लाइन के मेंटेनंस का काम कर रहे कर्मचारी, बिना सुरक्षा इंतजाम के ही खंभे पर चढ़कर काम करने के मामले में आयोग ने संज्ञान लेते हुए सीएमडी, म.प्र. मध्यक्षेत्र विद्युत वि.क.लि. भोपाल को जांच के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही त्रुटिकर्ता अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई एवं कर्मचारियों के लिए ऐसे जोखिमपूर्ण कार्य के दौरान सभी आवश्यक सुरक्षा उपायों की व्यवस्था एवं सख्ती से पालन के संबंध में तीन सप्ताह में प्रतिवेदन मांगा है।

### जेपी में टीएमटी मशीन खराब, आयुक्त को जांच के निर्देश




राजधानी के जेपी अस्पताल में 6 साल से टीएमटी मशीन खराब होने से हृदय रोगियों के परेशान होने के मामले में आयोग ने आयुक्त स्वास्थ्य सेवाएं (म.प्र.), भोपाल को जांच के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही जेपी अस्पताल की स्वास्थ्य सुविधाओ के संबंध में प्रभावी कार्रवाई कर की गई कार्रवाई के संबंध में तीन सप्ताह के भीतर प्रतिवेदन मांगा है।

### रैन बसेरा का महिला हॉल बंद होने सहित अन्य मामलों में भी मंगाई रिपोर्ट

आयोग ने भोपाल के हलालपुर बस स्टैंड स्थित रैन बसेरा का महिला हॉल पिछले एक साल से बंद होने और रात के वक्त यहां कर्मचारियों के नहीं होने के मामले में आयोग ने नगर निगम आयुक्त को जांच के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही कोलार स्थित दानिश कुंज, डीके-सेक्टर 5 का मुख्य सीवेज चैंबर दो दशक से क्षतिग्रस्त हालत में पड़े होने, कोलार क्षेत्र के वार्ड 83 के राजहर्ष कॉलोनी बी-8 के पास केरवा पाइपलाइन से कई लीटर पीने का पानी बर्बाद होने, बैरसिया थानाक्षेत्र में एक युवक की कुए में डूबने से मौत, बैरागढ़ सिविल अस्पताल में बने दवाई काउंटर में बुजुर्ग-दिव्यांगों के लिए अलग से कोई व्यवस्था नहीं होने, जेपी अस्पताल में सुपरवाइजर द्वारा महिला सिक्युरिटी गार्ड के साथ अभद्रता करने सहित अन्य मामलों में भी आयोग ने संज्ञान लिया है।

## कायस्थ बंधु पत्रिका समिति ने घर जाकर दिया चित्रगुप्त सम्मान

### दहेज, मांसाहार, नशा मुक्त अभियान में शामिल हुए परिवार को घर जाकर देते हैं यह सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

कायस्थ समाज को मांसहार,नशा मुक्त बनाने को लेकर पिछले तीन साल से भोपाल सहित अन्य जिलों में महाअभियान चलाया जा रहा है। अभियान की लोकप्रियता मिलने से अभी तक हजारों की संख्या में कायस्थ समाज के लोग अभियान से जुड़ चुके हैं।

इसी कड़ी में गुरुवार को महावीर कालोनी वार्ड 13 में अभियान समर्थक अर्पणा अमित श्रीवास्तव के घर पर चित्रगुप्त सम्मान कार्यक्रम रखा गया है। इस कार्यक्रम में श्रीवास्तव परिवार के अन्य सदस्य भी शामिल हुए है। समिति के अध्यक्ष गिरीश श्रीवास्तव ने सभी को दहेज, मांसहार,नशा मुक्त अभियान में शामिल होने पर पीले गमछा पहना कर प्रशस्ति पत्र और श्री चित्रगुप्त भगवान की तस्वीर भेंट की। समिति के अध्यक्ष गिरीश श्रीवास्तव ने बताया कि यह परिवार लंबे समय से इस अभियन का समर्थन है।



# एएसआई से एसआई के 15 दिन में होंगे प्रमोशन, धार्मिक मेलों में बेहतर हों बंदोबस्त

## सीएम ने कहा- अपराधों पर सख्ती से नियंत्रण हो, पुलिसकर्मियों की दक्षता बढ़ाने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने दायित्व संभालने के बाद पहली पुलिस मुख्यालय पहुंचे। उन्होंने पुलिस मुख्यालय में वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों की बैठक में चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पुलिसकर्मियों की दक्षता बढ़ाने के लिए मौजूदा संसाधनों में बेहतर कार्य के प्रयास करें। प्रत्येक तरीके के अपराधों पर सख्ती से नियंत्रण हो। मध्य प्रदेश को अपराध नियंत्रण में वर्तमान स्तर को दुरुस्त करना है। ओरछा उज्जैन और अन्य नगरों में धार्मिक मेलों पर भीड़ नियंत्रण की व्यवस्थाओं को बेहतर बनाना है। जिला स्तर पर भी पुलिस बैंड हो। पुलिस बैंड से कार्यक्रमों की गरिमा बनती है ,इस नाते इसके लिए आवश्यक प्रशिक्षण भी दिया जाए। पुलिसकर्मियों सहित होमगार्ड जवानों और स्कूल के विद्यार्थियों को भी प्रशिक्षण दिया जा सकता है।



### रोजाना तैयार करें अपराध समीक्षा रिपोर्ट

बैठक में सीएम मोहन यादव ने अफसरों ने जिलेवार समीक्षा रिपोर्ट मांगी। उन्होंने कहा कि रोजाना अपराध की समीक्षा रिपोर्ट तैयार की जाए। अपराधिक घटनाओं के रोकथाम के लिए बेहतर साबित होगा। डीजीपी ने चर्चा के बाद कहा कि जल्द ही एसपी और आईजी के साथ बैठक होगी। इससे पहले जिल स्तर पर नवाचार और अपराधों की समीक्षा की रिपोर्ट सीएम सचिवालय को भेजी जाए। जिससे आने वाले दिनों में जिन जिलों में अपराध का ग्राफ बढ़ा है। उस पर एक्शन टेकन रिपोर्ट तैयार हो सके।



### फारेंसिक लैब, पदों की भर्ती करने के निर्देश

भारत विकास यात्रा को लेकर भी सुरक्षा व्यवस्था को लेकर निर्देश दिए गए है। यात्रा की शुरुआत से लेकर सुरक्षा के संबंध में अफसरों के साथ चर्चा की गई है। इसके अलावा फारेंसिक लैंब, पदों की भर्ती और जरूरतों को पूरा करने के लिए डीजीपी से चर्चा की गई है। मध्य प्रदेश में पुलिस ने कल ही नक्सली का एनकाउंटर किया है। बालाघाट में अतिरिक्त बटालियन की जरूरत होगी। उसे भी पूरा किया जाएगा। पुलिसभर्ती के संबंध में भी रिव्यू किया गया है। पुलिसकर्मियों की पारिवारिक समस्याओं को भी ध्यान में रखते हुए फैसले लेने के लिए निर्देश दिए है। पुलिस के वाहनों की कमी को पूरा करने के लिए भी चर्चा की गई है। बजट से लेकर प्रस्तावों पर मंथन किया गया है।



### 25 साल का टास्क

पीएम मोदी ने आजादी का अमृत महोत्सव मनाने का फैसला किया है। मध्य प्रदेश में पुलिस को 25 साल की प्लानिंग करने के लिए कहा गया है। आने वाले सालों में क्या-क्या सुधार किए जा सकते हैं। इस संबंध में डीजीपी को निर्देश दिए गए हैं। जो भी जरूरतें हैं, उन्हें सरकार पूरा करेगी।

### डीजी स्तर के अधिकारियों को सीएम ने यह भी दिए निर्देश

- हॉक फोर्स में केवल निरीक्षक तक ही क्यों आउट ऑफ़ टर्न प्रमोशन, आगे भी मिलना चाहिए।
- कंपनियां रेंज में ही होना चाहिए।
- अनुकम्पा नियुक्ति तत्काल दें।
- पदोन्नति में देरी नहीं करें।
- निजी आवास बनाने में जवानों को सरकारी सब्सिडी की योजना बनाएं।

## सीएम ने की प्रदेश के अनेक जिला कलेक्टर्स, विधायक और जन प्रतिनिधियों से चर्चा

# विकसित भारत संकल्प यात्रा कर्मकांड नहीं, सभी जिलों में अधिक से अधिक लाभार्थियों को जोड़ें

- पीएम मोदी मप्र सहित पांच राज्यों की यात्राओं के शुभारंभ में वर्चुअली जुड़ेंगे
- स्वस्थ प्रतिस्पर्धा हो, तैयारी मैदान में भी दिखे, श्रेष्ठ कार्य पर पुरस्कृत करेंगे
- सीएम डॉ. यादव आज उज्जैन के शुभारंभ कार्यक्रम में होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार 16 दिसंबर को विकसित भारत संकल्प यात्रा के शुभारंभ कार्यक्रम को वर्चुअली संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी यात्रा के शुभारंभ अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर मार्गदर्शन भी देंगे। केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का फायदा हर पात्र हितग्राही तक पहुंचाने के उद्देश्य से निकाली जा रही यात्राओं के शुभारंभ कार्यक्रम को 16 दिसम्बर को सायं 4 बजे प्रधानमंत्री संबोधित करेंगे।

मध्यप्रदेश सहित अन्य चार राज्यों - राजस्थान, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और मिजोरम में भी विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रमों से प्रधानमंत्री जुड़ेंगे। मुख्यमंत्री यादव ने वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक में कहा कि यह यात्रा कर्मकांड न होकर, आमजन के हित के लिए उठाया गया महत्वपूर्ण कदम है। कल्याणकारी योजनाओं से लाभार्थियों को जोड़ने के लिए सभी जिलों में यात्रा की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जाए। यात्रा से संबंधित श्रेष्ठ कार्य करने वाले अमले को प्रोत्साहित और पुरस्कृत भी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस यात्रा को शानदार स्वरूप दिया जाए, जिलों में भी स्वस्थ प्रतिस्पर्धा हो, जिससे यात्रा की कल्पना मैदान में दिखे।




### केंद्र सरकार ने की 366 रथ की व्यवस्था

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंत्रालय से वीसी के जरिए विकसित भारत संकल्प यात्रा की तैयारियों, यात्रा के स्वरूप और यात्रा की गतिविधियों पर प्रदेश के जिलों में मौजूद जन प्रतिनिधियों, कलेक्टर्स से चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिए। मप्र में यात्रा का शुभारंभ 16 दिसंबर को उज्जैन से हो रहा है। यात्रा के लिए 366 रथ (वैन) की व्यवस्था केंद्र सरकार की ओर से की गई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव उज्जैन में यात्रा के शुभारंभ कार्यक्रम में शामिल रहेंगे और हरी झंडी दिखाकर यात्रा को रवाना करेंगे। जिलों में सांसद, विधायक, जिला पंचायत अध्यक्ष और महापौर आईइसी वैन को रवाना करेंगे। यह यात्राएं आगामी 26 जनवरी 2024 तक संचालित होंगी। प्रदेश के जिलों में नवाचार भी किए जा रहे हैं। यात्रा में ग्रामीण क्षेत्रों के लिए किसानों को उन्नत कृषि के लिए प्रेरित करने, हर घर जल, पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, जनधन योजना सहित 19 योजनाओं और शहरी क्षेत्रों में पीएम स्वनिधि योजना सहित 16 योजनाओं के विषय में जनता को विशेष रूप से जानकारी देकर हितलाभ प्रदान किए जाएंगे। भोपाल में अपरान्ह 3 बजे से विकसित भारत संकल्प यात्रा का कार्यक्रम होगा।

### प्रशासनिक अमला पूर्ण रूप से रहे सजग

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आज प्रदेश के अनेक जिला कलेक्टर्स, विधायकगण और अन्य जन प्रतिनिधियों से जिलों में की जा रही तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र की योजनाओं से बड़ी संख्या में नागरिक लाभान्वित हों, इसके लिए उत्साह का वातावरण तैयार किया जाए। प्रशासनिक अमला सजग रहकर कार्य करे। पंचायतों और स्थानीय निकायों की ओर से यह सुनिश्चित किया जाए कि लाभार्थियों को योजना का लाभ पहुंचाने में कोई कठिनाई न आए। मुख्य सचिव श्रीमती वीरा राणा और अपर मुख्य सचिव राजेश राजौरा ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के लिए गठित समितियों, आयुष्मान भारत योजना से अधिकतम हितग्राहियों को जोड़ने और स्थानीय कलाकारों, स्व-सहायता समूहों और विद्यार्थियों की भागीदारी के प्रयासों की जानकारी दी।*

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा- प्रदेश के लिए पीएम मोदी की गारंटी है संकल्प पत्र-2023

### संकल्प पत्र-2023 के क्रियान्वयन के लिए सात दिन में रोड मैप बनाने के मुख्यमंत्री के निर्देश

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि यह संकल्प पत्र प्रदेश के लिए प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी है। उन्होंने सभी विभागों को संकल्प पत्र-2023 के अनुसार संकल्पों और घोषणाओं के क्रियान्वयन के लिए सात दिन में रोड मैप बनाने के निर्देश दिए हैं। यह मध्यप्रदेश के भविष्य का विजन है। इसका क्रियान्वयन मिशन मोड में करें। संकल्प पत्र-2023 की संकल्पों और घोषणाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की नियमित समीक्षा मुख्य सचिव स्तर से की जाएगी। ंकल्प पत्र-2023 में समृद्ध किसान, जनजातीय कल्याण, उत्तम शिक्षा एवं सक्षम युवा, सबका साथ विकास, सुदृढ़ आधारभूत संरचना, स्वस्थ प्रदेश, प्रगतिशील अर्थ व्यवस्था और औद्योगिक विकास, सुशासन एवं कानून व्यवस्था, महिला सशक्तिकरण तथा सांस्कृतिक धरोहर एवं विकसित पर्यटन के बिन्दुओं के अंतर्गत विकास और जनकल्याण के लिए किए जाने वाले कार्यों का लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं। खासकर किसानों के लिए संकल्प पत्र में गेहूं और धान के लिए समर्थन मूल्य पर बोनस की गारंटी दी गई है। इसके तहत 2700 रुपए प्रति क्विंटल पर गेहूं तथा 3100 रुपए प्रति क्विंटल पर धान की खरीदी होगी। पीएम किसान सम्मान निधि एवं मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना के तहत 12 हजार रुपए वार्षिक वित्तीय सहायता जारी रहेगी।

### जनजातियों के लिए यह कार्य होंगे

*जनजातीय समुदाय के लिए अगले 5 वर्ष में स्वास्थ, शिक्षा और सामाजिक सशक्तिकरण पर 3 लाख करोड़ रुपए व्यय किए जाएंगे। तेंदुपत्ता संग्रहण की दर 4 हजार रुपए प्रति बोरा रहेगी। प्रत्येक एसटी ब्लाक में एकलव्य विद्यालय की स्थापना की जाएगी। एसटी बहुल जिलों- मंडला, खरगोन, धार, बालाघाट और सीधी में मेडिकल कॉलेजों का निर्माण होगा। जनजातीय श्रृद्धा स्थल संरक्षण मिशन के तहत पूजा स्थलों के विस्तार और नवीनीकरण पर 100 करोड़ रुपए का निवेश किया जाएगा।*

### गरीब परिवारों के छात्रों को मिलेंगे 1200 रुपए

*शिक्षा एवं सक्षम युवा के लिए- गरीब परिवारों के छात्रों को कक्षा एक से 12 तक मुफ्त शिक्षा और स्कूल बैग, किताबों एवं यूनिफार्म के लिए 1200 रुपए की वार्षिक सहायता दी जाएगी। सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले सभी छात्रों को मध्यान्ह भोजन के साथ पौष्टिक नाश्ता भी दिया जाएगा। प्रत्येक संभाग में मप्र इन्सटीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी बनेगा। प्रत्येक परिवार में कम से कम एक रोजगार अथवा स्व-रोजगार का अवसर दिया जाएगा। युवाओं को कौशल प्रशिक्षण के लिए मुख्यमंत्री सीखो-कमाओ योजनाओं के तहत 10 हजार रुपए तक का स्टाइपेंड दिया जाएगा। प्रत्येक जिले में एक स्पोटर्स कॉम्पलेक्स बनाया जाएगा।सबके विकास के लिए- सभी गरीब परिवारों को मुफ्त राशन के लिये प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना का 5 वर्षों के लिये विस्तार होगा। प्रदेश का कोई भी परिवार बेघर नहीं रहेगा। इसके लिये प्रधानमंत्री आवास योजना के साथ मुख्यमंत्री जन आवास योजना शुरू होगी। वरिष्ठ एवं दिव्यांग नागरिकों को 1500 रुपए की मासिक पेंशन का लाभ दिया जाएगा। गिग वर्कर्स कल्याण बोर्ड की स्थापना होगी। 18 पारंपरिक कारिगर समूहों को पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत 15000 रुपए की वित्तीय सहायता दी जाएगी। असंगठित श्रमिकों का ई-श्रम पोर्टल और आयुष्मान भारत के तहत 100 प्रतिशत पंजीकरण किया जाएगा।*

### 100 रुपए में 100 यूनिट बिजली का मिलेगा लाभ

*बुंदेलखंड, विन्ध्य और महाकौशल तीन विकास बोर्ड गठित होंगे। अटल गृह ज्योति योजना के तहत सभी घरों को 100 रुपए में 100 यूनिट बिजली का लाभ दिया जाएगा। 6 नए एक्सप्रेस-वे - विन्ध्य एक्सप्रेस-वे, नर्मदा पथ, अटल प्रगति पथ, मालवा निमाड़ पथ, बुंदेलखंड पथ और मध्य भारत विकास पथ का निर्माण होगा। 80 रेलवे स्टेशनों का विश्व स्तरीय आधुनिकीकरण, वंदे मेट्रो एवं वंदे भारत स्लीपर ट्रेन तथा रीवा, सिंगरौली एवं शहडोल में हवाई अड्डे बनाए जाएंगे। भोपाल, इंदौर, ग्वालियर और जबलपुर में मेट्रो लाइनों का निर्माण होगा।,वस्थ प्रदेश के लिए - आयुष्मान भारत की सभी लाभार्थियों के लिए 5 लाख रुपए से ज्यादा व्यय होने पर भी प्रदेश सरकार खर्चा उठाएगी। बीस हजार करोड़ रुपए के निवेश से प्रत्येक संभाग में एम्स की तर्ज पर मप्र इन्सटीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस, अटल मेडिसिटी और हॉस्पिटल और आईसीयू में बिस्तरों की संख्या को दोगुना किया जाएगा। प्रत्येक लोकसभा क्षेत्र में मेडिकल कॉलेज स्थापित कर अगले पांच वर्षों में 2 हजार सीट बढ़ाएंगे। प्रत्येक जिले में नर्सिंग कॉलेज स्थापित किया जाएगा। औद्योगिक विकास के लिए - मप्र की अर्थव्यवस्था को देश की शीर्ष 3 अर्थव्यवस्थाओं में लाकर अगले 7 वर्ष में 45 लाख करोड़ रुपए की बनाएंगे। प्रदेश में प्रति व्यक्ति आय को दोगुना करेंगे। साथ ही 20 लाख करोड़ के निवेश (एफडीआई) को आकर्षित करेंगे। एक्सप्रेस-वे के पास औद्योगिक कॉरिडोर का निर्माण किया जाएगा।*

### छात्राओं को केजी से पीजी तक मुफ्त शिक्षा

*सभी बीपीएल परिवारों की छात्राओं को केजी से पीजी तक मुफ्त शिक्षा का लाभ दिलाया जाएगा। पीएम उज्ज्वला योजना में महिलाओं को 450 रुपए में सिलेंडर दिया जाएगा। पन्द्रह लाख ग्रामीण महिलाओं को लखपति योजना के तहत कौशल प्रशिक्षण दिया जाएगा। एक करोड़ 30 लाख से अधिक महिलाओं को आर्थिक सहायता के साथ आवास का लाभ मिलेगा। सभी बीपीएल परिवारों की बालिकाओ को जन्म से 21 वर्ष तक कुल 2 लाख रुपए का लाभ दिया जाएगा।सांस्कृति धरोहर और पर्यटन के लिए - शिरोमणि गुरूदेव रविदास के स्मारक का निर्माण तथा 150 करोड़ रुपए के निवेश से धरोहर संरक्षण मिशन शुरू किया जाएगा। बघेली, बुंदेली, गोंडी एवं भीली साहित्य अकादमी की स्थापना जाएगी। सभी जनजातीय नायकों के भव्य स्मारकों का निर्माण किया जाएगा तथा चौगान किला, देवगढ़ किला, मंडला किला, चौरागढ़ किला और मदनमोहन किला का नवीनीकरण किया जाएगा। प्रदेश में 13 सांस्कृतिक लोकों का निर्माण किया जाएगा। मैहर में शारदा माता मंदिर, अमरकंटक में नर्मदा देवी, शोणदेश शक्तिपीठ और उज्जैन में हरसिद्धी माता शक्तिपीठ का नवीनीकरण किया जाएगा। दो लाख युवाओं को पर्यटन के क्षेत्र में प्रशिक्षण, रोजगार तथा स्व-रोजगार के लिए 7500 करोड़ रुपए का निवेश किया जाएगा।*

## दो एसपी समेत अन्य अमला रहेगा तैनात

# सीएम डॉ. यादव को मिली जेड प्लस सिक्योरिटी

- 36 एनएसजी के कमांडो सहित काफिले में 14 से 17 वाहन शामिल रहेंगे
- सीएम डॉ. यादव की सुरक्षा में 24 घंटे कड़ी सुरक्षा का घेरा रहेगा।
- दो एएसपी, चार डीएसपी, विसुब के जवान और राज्य पुलिस के हथियारबंद जवान तैनात रहेंगे



### पहले ही फैसले से चचाएओं में

*बता दें मध्य प्रदेश के नए मुखिया के रूप में उज्जैन दक्षिण से विधायक डॉ. मोहन यादव ने 13 दिसंबर को मुख्यमंत्री पद की शपथ ली है। मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के बाद डॉ. मोहन यादव महाकाल के दर्शन करने के लिए उज्जैन गए थे। उज्जैन से लौटने के बाद उन्होंने मंत्रालय में बैठकी की और पहली बैठक में एक बड़ा आदेश दिया। बीजेपी के मुख्यमंत्री ने अपने निर्णय में मध्य प्रदेश में मांस और मटन की खुले में बिक्री को बंद करने का आदेश दिया. उनके इस आदेश के बाद सीएम मोहन यादव चर्चा में आ गए हैं।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश के नवागत मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव देश के उन चुनिंदा लोगों में शामिल हो गए हैं, जिन्हें जेड प्लस सुरक्षा प्रदान की गई है। वर्तमान में जेड प्लस सिक्योरिटी देश के चुनिंदा लोगों के पास ही है। जिसके बाद ये साफ हो गया कि मध्य प्रदेश के सीएम डॉ. मोहन यादव की सुरक्षा में 24 घंटे कड़ी सुरक्षा का घेरा रहेगा। सीएम डॉ. यादव की सुरक्षा में हमेशा 36 एनएसजी के कमांडो तैनात रहेंगे।

सीएम मोहन यादव को मिली जेड प्लस सिक्योरिटी के तहत अब उनकी सुरक्षा में दो एसपी, दो एएसपी, चार डीएसपी, विशेष सुरक्षा बल के जवान और राज्य पुलिस के हथियारबंद जवान तैनात रहेंगे। मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव के काफिले में 14 से 17 वाहन शामिल रहेंगे। इस काफिले में एक बुलेटप्रूफ कार भी शामिल रहेगी, जिसमें मुख्यमंत्री मोहन यादव सफर करेंगे। मध्य प्रदेश के 29 वें सीएम यादव हैं, जिन्हें जेड प्लस सिक्योरिटी दी गई है। अबतक किसी भी मध्य प्रदेश के सीएम रह चुके नेताओं को इस श्रेणी की सुरक्षा नहीं दी गई।

### शिवराज की सुरक्षा में 34 जवान रहे

*तत्कालीन सीएम शिवराज सिंह चौहान की सुरक्षा में 34 जवानों की ड्यूटी लगाई जाती थी। इसमें एमपी पुलिस के साथ हाकफोर्स के जवान होते थे। डीएसपी, इंस्पेक्टर, एसआई और एएसआई सहित 34 जवान सुरक्षा में शामिल रहते थे। वहीं उनकी काफिले में वानर, पायलट, ई-1 और ई-2 (दो गाड़ियों में किसी एक भी सीएम बैठते थे। ) दो अन्य वाहन में रहते थे। इसके साथ फालो वाहन भी शामिल होते थे।*

### सीएम के उज्जैन के घर की बढ़ी सुरक्षा,24 घंटे तैनात रहेगी पुलिस

*प्रदेश के नए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव उज्जैन के रहने वाले हैं। उनका उज्जैन में भी बंगला है। मुख्यमंत्री बनने के बाद उनके उज्जैन वाले घर की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। यहां 24 घंटे सुरक्षाकर्मी तैनात रहेंगे। सीएम मोहन यादव के अब्दालपुरा स्थित बंगले पर मेटल डिटेक्टर मशीन लगा दी गई है। उनके आवास पर हर आने जाने वाले व्यक्ति को कड़ी जांच के बाद ही घर में प्रवेश दिया जा रहा है।*

## मोहन-वीडी बना रहे संभावित मंत्रियों की सूची, सभी बड़े नेताओं की राय को दी जाएगी तवज्जो

# कवायद: मंत्रिमंडल गठन के लिए खरमास की चिंता नहीं करेगी भाजपा

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव और उप मुख्यमंत्री द्वय राजेंद्र शुक्ला एवं जगदीश देवड़ा की शपथ के बाद अब मंत्रिमंडल के गठन का इंतजार है। शपथ को लेकर आशंका इसलिए है क्योंकि शनिवार 16 दिसंबर से खरमास लग रहा है। आमतौर पर खरमास में कोई शुभ कार्य नहीं होते। भाजपा सूत्रों का कहना है कि पार्टी मंत्रिमंडल के गठन के लिए खरमास की चिंता नहीं करेगी। जिस तरह भाजपा ने आलोचना की परवाह किए बगैर पितृपक्ष में भाजपा ने प्रत्याशियों की पहली सूची जारी कर दी थी, उसी तर्ज पर खरमास में नए मंत्रियों को शपथ दिलाई जाएगी। मंत्रिमंडल गठन को लेकर मुख्यमंत्री पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के संपर्क में हैं।



### दिन भर उड़ी सूची दिल्ली भेजने की अफवाह

सोशल मीडिया में शुक्रवार सुबह से ही एक खबर फैली कि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने संभावित मंत्रियों की सूची दिल्ली भेज दी है। खबर यह भी थी की कल यानि शनिवार को नए मंत्रियों को शपथ दिला दी जाएगी लेकिन इस खबर की किसी भी स्तर पर पुष्टि नहीं हुई। यह महज अफवाह निकली। मंत्रिमंडल के गठन पर अभी काम चल रहा है। सूत्रों का कहना है कि सूची भेजना तो दूर, अभी उस पर काम ही नहीं हुआ है। इसमें अभी और समय लग सकता

### मंत्रियों को लेकर चल रहा है मंथन

मंत्रिमंडल में शामिल किए जाने वाले चेहरों को लेकर तीन स्तर पर मंथन चल रहा है। सीएम और डिप्टी सीएम की तर्ज पर केंद्रीय नेतृत्व मंत्रियों के नामों की सूची तैयार कर रहा है। दूसरा, मुख्यमंत्री डॉ यादव वरिष्ठ नेताओं की राय लेकर सूची बना रहे हैं। इसके अलावा प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा अपने स्तर पर सूची तैयार कर रहे हैं। मुख्यमंत्री यादव और वीडी शर्मा मिलकर एक सूची फाइनल कर रहे हैं। यह सूची दिल्ली केंद्रीय नेतृत्व के पास भेजी जाएगी।

### केंद्रीय नेतृत्व फाइनल करेगा नाम

अंतिम निर्णय केंद्रीय नेतृत्व को लेना है। इसलिए डॉ यादव और वीडी द्वारा तैयार सूची पर डिस्कशन होगा। नेतृत्व उसमें काट- छांट करेगा। इसके बाद अनुमोदित सूची राज्यपाल के पास शपथ के लिए भेजी जाएगी। माना जा रहा है कि नेतृत्व इस बार वरिष्ठों की सिफारिश को नजरअंदाज कर नए विधायकों को ज्यादा मौका दे सकता है। ऐसा नया नेतृत्व तैयार करने के उद्देश्य से ही किया जाएगा। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा पहले ही कह चुके हैं कि नए क्षमतावान चेहरों को मौका दिया जाएगा।

पीएम मोदी, गृहमंत्री शाह, भाजपाध्यक्ष नड्डा समेत कई दिग्गज रहे मौजूद

# राजस्थान के नए 'लाल' बने भजनलाल, सीएम पद की ली शपथ

## दीया कुमारी और प्रेमचंद बैरवा ने ली उप मुख्यमंत्री पद की शपथ

एजेंसी ▶▶ जयपुर

भाजपा विधायक दल के नेता भजन लाल शर्मा ने शुक्रवार को राजस्थान के 14वें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली।



राज्यपाल कलराज मिश्र ने जयपुर के ऐतिहासिक अल्बर्ट हॉल पर शर्मा को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी और प्रेमचंद बैरवा ने उप मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। इस अवसर पर पीएम नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा समेत अनेक केंद्रीय मंत्री और कई राज्यों के मुख्यमंत्री मौजूद रहे।

### प्रधानमंत्री की गारंटी को पूरा करेंगे

भाजपा नेता भजनलाल शर्मा शुक्रवार को राजस्थान के मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ ग्रहण की। उन्होंने शपथ ग्रहण से पहले कहा कि राजस्थान हमारा अग्रणी राज्य बने। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जो गारंटी दी है, उसे पूरा किया जाएगा।



### सरपंच से बन गए प्रदेश के मुखिया

भजनलाल अपने सार्वजनिक और राजनीतिक जीवन की शुरुआत राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) से की थी। एक कार्यकर्ता के रूप में वह 1992 में श्रीराम जन्मभूमि भूमि आंदोलन के दौरान जेल भी जा चुके हैं।वह पहली बार विधायक बने हैं। इससे पहले वे लंबे समय भाजपा में पार्टी के प्रदेश महासचिव रहे।



**भजनलाल सरकार में संभावित मंत्री**

6 विधायकों को संभावित सूची में रखा गया है। इनमें डॉ. किरोड़ीलाल मीणा, सिद्धि कुमारी, महंत प्रतापपुरी, बाबा बालकनाथ,ताराचंद जैन और फूलसिंह मीणा को बताया है।

### पीएम मोदी ने दी बधाई

भाजपा सरकार विकास में जी-जान से जुटी रहेगी

पीएम मोदी ने कहा कि शर्मा के साथ ही दीया कुमारी और प्रेमचंद को बहुत-बहुत बधाई! मुझे विश्वास है कि वीर-वीरांगनाओं का यह प्रदेश आपके नेतृत्व में सुशासन, समृद्धि और विकास के नित-नए मानदंड स्थापित करेगा। लोगों के विश्वास पर खरा उतरने के लिए भाजपा सरकार जी-जान से जुटी रहेगी।



**भजनलाल को मिला बर्थडे गिफ्ट**

भजनलाल शर्मा का आज ही जन्मदिन भी है। पीएम मोदी ने उन्हें बधाई दी है। पीएम ने कहा भजनलाल शर्मा को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं।

## खबर संक्षेप

### मोइत्रा के निष्कासन पर 3 जनवरी को सुनवाई

**नई दिल्ली।** तृणमूल कांग्रेस नेता महुआ मोइत्रा की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई 3 जनवरी के लिए टल गई है। महुआ ने लोकसभा सदस्यता खत्म होने के खिलाफ कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है।



सुनवाई शुरू होते ही बेंच के अध्यक्ष जस्टिस संजीव खन्ना ने कहा कि उन्होंने याचिका को नहीं पढ़ा है। वे इसे पढ़ने के बाद ही सुनवाई करना चाहेंगे। इस तरह फैसला टल गया है।

### ड्राइवर ने बस में युवती के साथ किया दुष्कर्म

**जयपुर।** राजस्थान की राजधानी जयपुर में दिल दहला देने वाला एक मामला सामने आया है। चलती बस में ड्राइवर ने एक युवती के साथ दुष्कर्म किया है।



कंडक्टर बस चलाता रहा और ड्राइवर स्पीकर की तेज आवाज के बीच युवती के साथ दुष्कर्म करता रहा। पुलिस जांच कर रही है। दुष्कर्म का मामला 9 दिसंबर की शाम का है। पीड़िता यूपी के कानपुर की रहने वाली है। पुलिस जांच कर रही है।

### नागपुर से 28 को चुनावी शंखनाद करेगी कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस 28 दिसंबर को अपना 139वां स्थापना दिवस समारोह नागपुर में आयोजित करने जा रही है। पार्टी नागपुर में एक बड़ी रैली का आयोजन भी करेगी।



माना जा रैली से कांग्रेस लोकसभा चुनाव-2024 का शंखनाद भी करेगी। महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा, अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी भी रैली में शामिल होंगे।

### धमकी देने के मामले में मुख्तार को कैद, जुर्माना

**आगरा।** कोयला व्यवसायी नंद किशोर रुंगटा के भाई महावीर प्रसाद रुंगटा को धमकाने के मामले में मुख्तार अंसारी को कोर्ट ने दोषी करार दिया है।



मुख्तार को 5 साल 6 माह की सजा सुनाई है। 10 हजार जुर्माना भी लगाया है। यह फैसला अपर सिविल जज सीनियर डिवीजन प्रथम/एमपी एमएलए अदालत के प्रभारी उज्ज्वल उपाध्याय की अदालत ने सुनाया। जुर्माना न देने पर अतिरिक्त सजा होगी।

### बेटे की गवाही ने पिता को दिलाई उम्रकैद

**कानपुर।** यहां 5 साल पहले सिपाही पत्नी की हत्या करने वाले पति को उम्रकैद की सजा सुनाई गई है। जिला जज प्रदीप कुमार सिंह ने उस पर 20 हजार जुर्माना भी लगाया है।



इस मामले में 10 गवाह पेश किए गए, लेकिन बेटे की गवाही अहम रही। वह हत्या का चश्मदीद गवाह था और उसी ने पिता के खिलाफ रिपोर्ट भी दर्ज कराई थी। बताया जा रहा है कि नौबस्ता क्षेत्र के खाड़ेपुर का यह मामला है।

---

संसद की सुरक्षा में सेंध पर विपक्ष का वार- गृहमंत्री शाह बयान क्यों नहीं देते?

# अनुराग ने कहा- विपक्ष के सुझाव लिए सुरक्षा में सुधार का भी दिया आश्वासन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

संसद की सुरक्षा में चूक को लेकर आक्रामक विपक्षी दलों का लगातार दूसरे दिन लोकसभा और राज्यसभा में हंगामा जारी रहा। हंगामे की वजह से दोनों सदनों में कोई अहम विधायी कामकाज नहीं हो सका और दिनभर के लिए कार्यवाही स्थगित कर दी गई।

विपक्षी दलों के सदस्य गृहमंत्री अमित शाह के बयान और चर्चा की मांग कर रहे हैं। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा के इस गंभीर विषय पर आवाज उठाना हमारा कर्तव्य है, संसदीय धर्म है। विपक्ष की मांग पर भाजपा का कहना है कि जांच के आदेश दिए गए हैं और इसपर राजनीति नहीं करनी चाहिए। खरगे ने कहा, संसद और सांसदों की सुरक्षा पर जो भारी चूक हुई है उस पर विपक्ष के सांसदों को ग़ैरक़ानूनी ढंग से सस्पेंड करना किस तरह का न्याय है ? गृहमंत्री, टीवी पर इंटरव्यू दे सकते हैं पर संसद के पटल पर बयान नहीं दे सकते। विपक्ष की मांग है कि शाह वक्तव्य दें और फिर दोनों सदनों में इस पर चर्चा हो।

## विपक्ष ने कहा- गंभीर विषय पर आवाज उठाना हमारा कर्तव्य

### भाजपा सांसद पर कार्रवाई करें

कुछ विपक्षी सांसद भाजपा के सांसद प्रताप सिम्हा के खिलाफ कार्रवाई की भी मांग कर रहे हैं। सिम्हा के 'पास' पर ही उत्पात मचाने वाले दो युवक संसद में घुसे थे। बुधवार दोपहर में करीब एक बजे दो युवक लोकसभा में भीतर दर्शक दीर्घा से फ्लोर पर कूद गए थे। इस दौरान एक ने केन के जरिए पीले और लाल रंग का धुआं फैला दिया। इसके बाद से सुरक्षा पर सवाल उठ रहे हैं।



**अनुराग ने दिया जवाब**

### गंभीर विषय पर राजनीति न करें और बहाने न ढूंढें

केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि राज्यों में चुनाव हारने के बाद विपक्ष सदन की कार्यवाही रोकने के लिए बहाने ढूंढ रहा है। वे बाधाएं पैदा कर रहे हैं, जबकि सदन के अध्यक्ष ने विपक्षी दलों के प्रतिनिधियों से बात की, उनके सुझाव लिए और सुरक्षा में सुधार का आश्वासन भी दिया। यह स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है। वे राजनीति करने की कोशिश कर रहे हैं।



### विपक्ष ने शुक्रवार को भी किया प्रदर्शन

विपक्षी दलों ने इसके विरोध में शुक्रवार को भी संसद परिसर में प्रदर्शन किया। इसमें कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी भी शामिल हुईं। निलंबित टीएमसी के राज्यसभा सांसद डेरेक ओब्रायन भी प्रदर्शन में शामिल हुए। डेरेक ने टी-शर्ट पहन रखी थी जिस पर साइलेंट प्रोटेस्ट (मौन प्रदर्शन) लिखा हुआ था।

**विपक्ष की मांग पर बोले गिरिराज**

### हर बात का जवाब देंगे गृहमंत्री शाह

इसको लेकर केंद्रीय मंत्री और भाजपा के दिग्गज नेता गिरिराज सिंह ने कहा है कि समय आने दीजिए वो हर एक चीज का जवाब देंगे। विपक्ष के लोग तो संसद को गिरवी रखना चाहते हैं। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, टुकड़े-टुकड़े गैंग गृह मंत्री से जवाब मांग रहा है। जांच पूरी होने दीजिए, टुकड़े-टुकड़े गैंग को करारा जवाब मिलेगा। पटना में पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा, टीएमसी और कांग्रेस वाले संसद नहीं चलने देना चाहते हैं। यह टूलकिट है सब सच सामने आएगा। आतंकवादी और उग्रवादी का कोई जात नहीं होता है।



**दुबे ने कांग्रेस को सुनाई खरी-खरी**

### डूब मरो कांग्रेसियों....

भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने कांग्रेस को निशाने पर लेते हुए कहा कि डूब मरो कांग्रेसियों। 11 अप्रैल 1974 में पिस्तौल के साथ घुसने वाले शख्स की कहानी को भाजपा जनसंघ या तत्कालीन विपक्ष ने इसे राजनीतिक मुद्दा नहीं बनाया। लोकसभा अध्यक्ष का इस्तीफा नहीं मांगा? प्रधानमंत्री और गृहमंत्री का तो जिक्र तक नहीं किया, क्योंकि संसद की सुरक्षा केवल लोकसभा सचिवालय का है। इस पर भी विपक्ष को विचार करना चाहिए। इस तरह का प्रदर्शन ठीक नहीं है।



### राज्यसभा में हंगामा कर रहे चड्ढा को धनखड़ ने फटकारा



संसद का शीतकालीन सत्र भी हंगामेदार बीत रहा है। राज्यसभा में सभापति जगदीप धनखड़ ने हंगामा कर रहे आम आदमी पार्टी (आप ) के सांसद राघव चड्ढा की क्लास लगा दी। धनखड़ ने उन्हें सदन में इशारा करने की जगह बोलने की नसीहत दी। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि आपने अगर ऐसा नहीं किया तो हो सकता है कि कुछ देर में आप डांस करने लगें।

**लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही सोमवार तक स्थगित**

संसद सत्र के 10वें दिन की शुरुआत में राज्यसभा में भी हंगामा हुआ, जिसके बाद सदन की कार्रवाई स्थगित कर दी गई। लोकसभा और राज्यसभा में भी जमकर हंगामा हुआ। इसके बाद सदन की कार्रवाई सोमवार तक के लिए स्थगित कर दी गई।

---

ईडी ने की 12 जगहों पर कार्रवाई

# फार्मास्युटिकल कंपनी और प्रमोटरों के यहां मारा छापा





एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रवर्तन निदेशालय ने शुक्रवार को चंडीगढ़ की एक फार्मास्युटिकल कंपनी और उसके प्रमोटरों के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग के तहत छापा मारा है।

दिल्ली-एनसीआर और पंजाब में लगभग 12 जगहों पर छापेमारी की है। यह छापेमारी कथित बैंक धोखाधड़ी के मामले में हो रही है। अक्टूबर में भी छापेमारी की थी। केंद्रीय एजेंसी पहले ही पैराबोलिक ड्रग्स के प्रमोटरों विनीत गुप्ता और प्रणव गुप्ता और सीए सुरजीत कुमार बंसल को गिरफ्तार कर चुकी है। ये जाली और मनगढ़ंत दस्तावेजों के आधार पर ऋण या वित्तीय सुविधाएं प्राप्त करके बैंकों को धोखा देने में शामिल थे। दोनों ने जानबूझकर ऋण निधि का रंग देनदारियों से परिसंपत्तियों में बदल दिया और अपने समूह की कंपनियों के मंच का उपयोग करके सर्किट लेनदेन से उक्त धनराशि को हटा दिया।

**जोधपुर का धनकुबेर!**

### छापेमारी में निकला 20 करोड़ का सोना और कैश

**जोधपुर।** राजस्थान के जोधपुर जिले में इनकम टैक्स की छापेमारी की कार्रवाई तीसरे दिन भी जारी रही। यह छापेमारी टेक्सटाइल और पैकेजिंग से जुड़े व्यापारी के यहां की गई है।



अब तक 3 करोड़ कैश और 20 करोड़ का सोना बरामद हुआ है। इस कार्रवाई में लगभग आयकर विभाग के सैकड़ों कर्मचारी शामिल हैं। नामचीन व्यापारी गोगड़ के शास्त्री सर्किल में बने घर पर इनकम टैक्स के अधिकारी पहुंचे। व्यापारी के पाली के पिपलिया कलां गांव में बने उद्योग इकाई पर छापेमारी की। उमा पॉलिमर के साथ ब्यावर और जोधपुर के ग्रामीण इलाकों में बनी टेक्सटाइल और पैकेजिंग से जुड़ी उद्योग इकाई पर भी इनकम टैक्स की टीम ने छापेमारी की गई है।

### साहू के यहां अब तक मिले 351 करोड़ रु.



कांग्रेस के राज्यसभा सांसद और कारोबारी धीरज साहू के ठिकानों पर आयकर विभाग की कार्रवाई चल रही है। 5 दिन पहले झारखंड, ओडिशा और पश्चिम बंगाल में 9 ठिकानों पर एक साथ छापा मारा गया था। अब तक 351 करोड़ रुपए मिले हैं। किसी भी एजेंसी द्वारा एक ही ऑपरेशन में अब तक की सबसे ज्यादा नकदी बरामद की गई है।

---

आम आदमी पार्टी को पड़ी 'दोहरी मार'

# अब गुजरात में एक साथ 43 पदाधिकारियों ने दिया इस्तीफा

एजेंसी ▶▶ भरूच

मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में चुनावी नतीजों में आप का उतना अच्छे परिणाम नहीं ला सकी जितना पार्टी की तरफ से दावा किया जा रहा था।



3 राज्यों में विधानसभा चुनाव में आप को नोटा से भी कम वोट मिले। लोकसभा चुनावों की तैयारियों में जुटने ही वाली थी कि गुजरात से पार्टी से एक साथ 40 से ज्यादा पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने सामूहकि रूप से इस्तीफा दे दिया है। इस्तीफे गुजरात के भरूच जिले से आए हैं। आप के गुजरात प्रमुख इशुदान गढ़वी और आप अल्पसंख्यक विंग के अध्यक्ष अमजद खान पठान ने यह जानकारी दी है।

### विधायक बयानी ने गुरुवार को ही किया था 'टाटा'

यह इस्तीफा विसावदर विधानसभा क्षेत्र से आप विधायक भूपत भयानी के विधानसभा से इस्तीफा देने के ठीक एक दिन बाद आए हैं। भरूच में आप के जिला अध्यक्ष पीयूष पटेल ने इस्तीफों पर कहा कि इस्तीफा देने वाले कार्यकर्ता विधानसभा चुनाव के बाद पार्टी में निष्क्रिय थे। नतीजतन, उन्हें नए संगठनात्मक ढांचे में समायोजित नहीं किया गया। पटेल ने कहा कि ये इस्तीफे पार्टी के लेटर हेड का दुरुपयोग करके दिए गए थे। मामले की सूचना राज्य स्तर पर दी गई है और प्रतिक्रिया में उचित कार्रवाई की जाएगी।

# कुलपति की मदद करने वाले दोनों छात्रों को नहीं मिली जमानत

**ग्वालियर।** डकैती मामलों के स्पेशल जज संजय गोयल ने एबीवीपी के ग्वालियर सचिव हिमांशु श्रोत्रिय (22) और उप सचिव सुकृत शर्मा (24) की जमानत याचिका यह कहते हुए खारिज कर दी कि कोई भी व्यक्ति विनम्रता से मदद मांगता है, बलपूर्वक नहीं।



अतिरिक्त सरकारी अभियोजक सचिन अग्रवाल के अनुसार श्रोत्रिय और शर्मा को सोमवार को गिरफ्तार किया गया था और उन पर मप्र डकैती और व्यापार प्रभाव क्षेत्र अधिनियम डकैती विरोधी कानून के तहत आरोप लगाया गया था, क्योंकि उन्होंने अपने कुलपति को अस्पताल ले जाने के लिए ग्वालियर रेलवे स्टेशन पर हाईकोर्ट जस्टिस के ड्राइवर से एक कार की चाबी छीन ली थी।

# पहाड़ी राज्यों में बर्फबारी



### दिल्ली में शिमला से ज्यादा सर्दी

**नई दिल्ली।** उत्तर भारत में कड़ाके की ठंड शुरू हो गई है। उत्तर भारत के कई इलाकों में तापमान शून्य डिग्री सेल्सियस से नीचे पहुंच गया है। देश के कई पहाड़ी राज्यों में बारिश और बर्फबारी भी हो रही है। उत्तर प्रदेश, बिहार, असम, मेघालय और त्रिपुरा के अलग अलग इलाकों में हल्का कोहरा देखने को मिला। पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, उत्तरी राजस्थान और उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों में कोहरा छाया रहा। रनई दिल्ली में पारा लगातार गिर रहा है और सर्दी का सितम शुरू हो चुका है। शुक्रवार की सुबह दिल्ली के सफदरजंग इलाके में न्यूनतम तापमान 4.9 डिग्री दर्ज हुआ है।

---

संस्कृति मंत्रालय छात्रों सहित आमजन के लिए दे रहा सुविधाएं

# देश में विज्ञान संस्कृति को बढ़ावा देने नए विज्ञान संग्रहालय खोल रहे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

संस्कृति मंत्रालय विज्ञान की संस्कृति को बढ़ावा देने की स्कीम के तहत देश भर में नए विज्ञान केंद्र और संग्रहालय विकसित कर रहा है। सभी विज्ञान केंद्र स्कूल और कॉलेज के छात्रों सहित आम जनता के लिए खुले हुए हैं।

केंद्रीय संस्कृति, पर्यटन और पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री जी.किशन रेड्डी ने राज्यसभा में यह जानकारी दी। संस्कृति मंत्रालय ने बताया कि विशेष दिनों में स्थानीय स्कूलों के छात्रों को विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों, प्रतियोगिताओं, हेरिटेज वॉक आदि में भाग लेने के लिए भी आमंत्रित किया जाता है। 15 वर्ष से कम उम्र के छात्रों को संग्रहालयों में निशुल्क प्रवेश मिलता है।

सभी विज्ञान केंद्र स्कूल और कॉलेज के छात्रों सहित आम जनता के लिए खुले हैं। केंद्रीय संस्कृति, पर्यटन मंत्री रेड्डी ने राज्यसभा में जानकारी दी।

### राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय परिषद एक स्वायत्त संगठन



राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय परिषद, संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के तहत एक स्वायत्त संगठन है। भारत सरकार, एसपीओसीएस योजना के तहत विज्ञान केंद्र, शहर, संग्रहालय, नवाचार केंद्र विकसित करने के लिए कार्यान्वयन एजेंसी है। यह संगठन समाज में वैज्ञानिक सोच को प्रोत्साहित करना, पूरे देश में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन करना, साइंस सिटीज, साइंस सेंटर्स, इनोवेशन हब, मोबाइल साइंस एग्जीबिशन (एमएसई) आदि जैसी सुविधाएं देना, साइंस सेमिनार, साइंस ड्रामा और साइंस एंड साइंस आउटरीच कार्यक्रम स्थापित करने के काम में लगा हुआ है।

### बढ़ावा देने के सतत प्रयास कर रहे

मंत्रालय ने बताया कि विभिन्न एनसीएसएम विज्ञान केंद्र स्कूल और कॉलेज के छात्रों के लिए विज्ञान मेले, विज्ञान संगोष्ठी, विज्ञान नाटक, विज्ञान प्रदर्शन व्याख्यान, यात्रा विज्ञान प्रदर्शनी आदि जैसे कई वार्षिक कार्यक्रम भी आयोजित करते हैं।

### 4 वर्ष में देशभर में खोले गए कई विज्ञान संग्रहालय

पिछले 4वर्षों के दौरान एनसीएसएम द्वारा स्थापित किए गए विज्ञान संग्रहालय और विज्ञान केंद्र एनसीएसएम के प्रशासनिक नियंत्रण में कार्य कर रहे हैं। इनमें से पालमपुर विज्ञान केंद्र, पालमपुर (हिमाचल प्रदेश), जिसकी स्थापना 14 मई, 2022 को की गई थी, एनसीएसएम के प्रशासनिक नियंत्रण में कार्यरत है, जबकि इनमें तीन विज्ञान संग्रहालय और विज्ञान केंद्र, राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों के द्वारा निर्देशित किये जाते हैं, जिनमें बरगढ़ विज्ञान केंद्र, बरगढ़ (ओडिशा) 21 जनवरी 2020 में स्थापना की गई। उदयपुर विज्ञान केंद्र, त्रिपुरा - 28 फरवरी 2021में स्थापित किया गया और उप-क्षेत्रीय विज्ञान केंद्र, बोधगया (बिहार)- 20 जुलाई 2023 को स्थापित किया गया।

---

शिवसेना विधायकों की अयोग्यता पर सवाल

# सुप्रीम कोर्ट ने स्पीकर को दी 10 जनवरी तक की मोहलत



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर को मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे सहित शिवसेना विधायकों के खिलाफ अयोग्यता याचिकाओं पर फैसला सुनाने के लिए 10 जनवरी तक का समय दिया है।

शीर्ष अदालत ने अपने आदेश में कहा कि एकनाथ शिंदे के खेमे के विधायकों और खुद महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री को अयोग्य ठहराने की मांग वाली याचिकाओं पर अंतिम फैसला महाराष्ट्र स्पीकर को लेना होगा।

### उद्धव गुट कर रहा जल्द फैसला लेने की मांग

उद्धव ठाकरे गुट अपने बागी विधायकों की अयोग्यता पर जल्द फैसला लेने की लगातार मांग स्पीकर से कर रहा है। सुप्रीम कोर्ट के दखल के बाद स्पीकर ने दोनों पक्षों की तरफ से पेश किए गए दावों के बाद कुल 54 विधायकों को नोटिस जारी किए थे। इसके बाद विधानसभा में सुनवाई शुरू की थी। खास बात यह है कि इसमें सीएम एकनाथ शिंदे का नाम भी शामिल है।

आसियान-जापान सहयोग के 50 वर्ष पूरे

# शिखर सम्मेलन में समुद्री सुरक्षा और ऊर्जा के खुलेंगे रास्ते

*आसियान-जापान मित्रता और सहयोग की 50वीं वर्षगांठ पर दो दिवसीय शिखर सम्मेलन 16 से 18 दिसम्बर के बीच जापान के टोक्यो शहर में होगा। शिखर सम्मेलन में आसियान-जापान संबंधों की उपलब्धियों जिक्र किया जाएगा।*

एजेंसी ⏭ टोक्यो

आसियान-जापान मित्रता और सहयोग के 50वीं वर्षगांठ पर दो दिवसीय शिखर सम्मेलन 16 से 18 दिसम्बर के बीच जापान के टोक्यो शहर में आयोजित किया जाएगा। जापान के प्रधानमंत्री किशिदा फुमियो ने आसियान के महासचिव डॉ. काओ किम होर्न को सम्मेलन में आमंत्रित किया है। शिखर सम्मेलन में आसियान-जापान संबंधों में पिछले 50 वर्षों की उपलब्धियों जिक्र किया जाएगा। यह सम्मेलन आसियान-जापान व्यापक रणनीतिक साझेदारी की दिशा तय करेगा। दक्षिण पूर्व एशिया और जापान के नेता सुरक्षा संबंधों को बढ़ावा देने के साथ ऊर्जा सहयोग पर पर भी बातचीत होगी। बीजिंग लगभग पूरे दक्षिण चीन सागर पर अपना दावा करता है, जो एक महत्वपूर्ण व्यापार गलियारा है, दक्षिण पूर्व एशियाई देशों द्वारा दावा किए जाने वाले क्षेत्रों में चीन के बढ़ते प्रभाव ने क्षेत्रीय तनाव को बढ़ा दिया है। सम्मेलन में इसे भी एक महत्वपूर्ण मुद्दे के रूप में शामिल किया जाएगा।

**खास बातें**

- जापान के टोक्यो शहर में आज शुरू हुआ शिखर सम्मेलन
- आसियान-जापान संबंधों की उपलब्धियों का होगा जिक्र
- आसियान-जापान व्यापक रणनीतिक साझेदारी की दिशा तय करेगा

### विवादों के शांतिपूर्ण समाधान पर जोर

*इस शिखर सम्मेलन में जापान और दक्षिण पूर्व एशियाई देशों का संगठन (आसियान) समुद्री सुरक्षा सहयोग सहित नियम-आधारित इंडो-पैसिफिक क्षेत्र जो स्वतंत्र और खुला हो और विवादों के शांतिपूर्ण समाधान व क्षेत्रीय अखंडता पर जोर दिया जाएगा। सितंबर में आसियान देशों की सेनाओं ने अपना पहला संयुक्त अभ्यास आयोजित किया। मेजबान इंडोनेशिया ने जोर देकर कहा कि वे गैर-लड़ाकू अभ्यास थे।*

#### एशियाई नेट जीरो कार्बन उत्सर्जन समुदाय

एशियाई नेट जीरो कार्बन उत्सर्जन समुदाय मंच की बैठक ऑस्ट्रेलियाई पीएम एंथनी अल्बानीज के साथ वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से होने वाली है। ब्रुनेई, कंबोडिया, इंडोनेशिया, लाओस, मलेशिया, फिलीपींस, सिंगापुर, थाईलैंड और वियतनाम शामिल हैं।

### आसियान के बारे में जानिए



दक्षिणपूर्व एशियाई देशों का संगठन (आसियान) एक क्षेत्रीय समूह है, जिसका उद्देश्य अपने 10 सदस्यों: ब्रुनेई, कंबोडिया, इंडोनेशिया, लाओस, मलेशिया, म्यांमार, फिलीपींस, सिंगापुर, थाईलैंड और वियतनाम के बीच आर्थिक और सुरक्षा सहयोग को बढ़ावा देना है। आसियान देशों की कुल आबादी 662 मिलियन है और संयुक्त सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) 3.2 ट्रिलियन डॉलर है। समूह ने एशियाई आर्थिक एकीकरण में केंद्रीय भूमिका निभाई है।

## भारत की पहली राजकीय यात्रा पर आज आएंगे ओमान के सुल्तान



ओमान के सुल्तान हैथम बिन तारिक भारत की तीन दिवसीय राजकीय यात्रा पर 16 दिसंबर को नई दिल्ली पहुंचेंगे। विदेश मंत्रालय के मुताबिक, ओमान के राष्ट्राध्यक्ष के साथ वरिष्ठ मंत्रियों और अधिकारियों का उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल भी भारत दौरे पर आएगा। बताना चाहेंगे ओमान के सुल्तान की भारत की पहली राजकीय यात्रा है, जो भारत और ओमान के बीच राजनयिक संबंधों में नए आयाम को दर्शाती है। विदेश मंत्रालय ने बताया कि ओमान के सुल्तान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के निमंत्रण पर भारत आ रहे हैं। राष्ट्रपति भवन में पीएम मोदी और राष्ट्रपति मुर्मु उनका औपचारिक स्वागत करेंगे।

### भारत के ओमान के साथ सदियों पुराने संबंध

उल्लेखनीय है कि भारत के ओमान के साथ सदियों पुराने संबंध हैं। भारत और ओमान के बीच ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और आर्थिक संबंधों पर आधारित दीर्घकालिक मित्रता है। साल 2018 में, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओमान यात्रा ने दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों में एक महत्वपूर्ण अध्याय को जोड़ा।

## खबर संक्षेप

### पन्नू केस में निखिल के परिवार को झटका



**नई दिल्ली।** खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश रचने के आरोप में चेक गणराज्य की जेल में बंद भारतीय नागरिक निखिल गुप्ता के परिवार को भारत के सुप्रीम कोर्ट ने वहीं जाने का निर्देश दिया। सुप्रीम कोर्ट ने निखिल के परिवार को कहा कि चेक गणराज्य के सर्वोच्च न्यायालय से ही गुहार लगानी चाहिए।

### जम्मू-कश्मीर में पढ़ाई जाएगी जोरावर की कहानी



**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने जम्मू विश्वविद्यालय में कहा कि जनरल जोरावर सिंह, ब्रिगेडियर राजिंदर सिंह और मकबूल शेरवानी जैसे "स्थानीय महान लोगों के जीवन संघर्ष" को जल्द ही राज्य के स्कूली पाठ्यक्रम में शामिल किया जाएगा। जोरावर डोगरा शासक महाराजा गुलाब सिंह की सेना के जनरल थे।

### चीन की लद्दाख पर नजर हिंद महासागर पर निशाना



**लद्दाख।** 5 अगस्त, 2019 को भारत की संसद ने जम्मू-कश्मीर में 1949 से लागू अनुच्छेद 370 को समाप्त कर दिया। इस निर्णय से पाकिस्तान और चीन बौखला गया है। पाक ने खीज मिटाने के लिए मुस्लिम देशों को खरी खोटी सुनाई कि मोदी सरकार द्वारा एकतरफा कारवाई के बावजूद मुस्लिम देश भारत का साथ दे रहे हैं।

### इस्लाम की बातें दरकिनार कर यूएई बनाएगा शराब



**अबू धाबी।** इस्लामिक राष्ट्रों में प्रमुख संयुक्त अरब अमीरात ने देश में शराब बनाने की इजाजत दी। जबकि इस्लाम में शराब को हराम माना जाता है। सरकार ने एक कमर्शियल कंपनी को अबू धाबी में शराब बनाने का लाइसेंस दिया है। मुस्लिम राष्ट्रों में ये पहली बार है जब कंपनी को शराब के उत्पादन का लाइसेंस दिया जा रहा है।

मालदीव समेत 5 देशों में हाहाकार

# भारत ने 5 देशों पर प्याज निर्यात पर लगाया प्रतिबंध



एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

देश में प्याज की उपलब्धता और इसकी कीमत को नियंत्रण में रखने के लिए भारत सरकार ने मार्च 2024 तक प्याज के निर्यात पर रोक लगा दी है। भारत के इस कदम का पड़ोसी देशों पर भी असर पड़ा है। भारत द्वारा प्याज के निर्यात पर लगाए गए प्रतिबंध के बाद पड़ोसी देश बांग्लादेश, नेपाल, भूटान, श्रीलंका और मालदीव में प्याज की कीमत आसमान छू रही है। 8 दिंसबर को विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) की ओर से जारी आदेश के अनुसार, 31 मार्च 2024 तक प्याज के निर्यात पर प्रतिबंध रहेगा। अगस्त में भारत ने त्योहारी सीजन को देखते हुए प्याज निर्यात पर 40 फीसदी का शुल्क लगा दिया था। अक्टबूर में भारत ने प्याज निर्यात के लिए न्यूनतम मूल्य 800 डॉलर प्रति टन कर दिया था।

- **पांचों देशों में प्याज की कीमत छू रही आसमान**

### मालदीव भी प्याज के लिए भारत पर निर्भर

भारत द्वारा बैन लगाने से पहले मालदीव में जो प्याज 200 से 350 रूफिया प्रति पैकेट बिक रहा था। वही प्याज अब 500 रूफिया प्रति बोरी से लेकर 900 रूफिया प्रति बोरी बिक रहा है। मालदीव के आर्थिक मंत्री मोहम्मद सईद ने जनता को आश्वस्त किया है कि भारत द्वारा लगाए गए प्याज निर्यात बैन के कारण मालदीव को प्याज खरीद में व्यवधान का सामना नहीं करना पड़ रहा है। दरअसल, भारत ने मालदीव सहित कुछ देशों को छूट भी दी है, लेकिन वर्तमान में मालदीव प्याज के लिए पाकिस्तान और चीन पर ज्यादा निर्भर है। मालदीव के नए राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू और उनकी पार्टी को चीन समर्थक के रूप में देखा जाता है। मुइज्जू की पार्टी ने पूर्व राष्ट्रपति सोलिह को सत्ता से हटाने के लिए चुनाव में 'इंडिया-आउट' कैंपेन का नारा दिया था।

### बांग्लादेश में प्याज 200 टका किलो

बांग्लादेश में प्याज की कीमत 200 टका प्रति किलोग्राम तक पहुंच गई है। जबकि बैन से एक ही दिन पहले प्याज की कीमत 130 टका प्रति किलोग्राम थी। भूटान में प्याज 150 नगुल्ट्रम प्रति किलोग्राम बिक रहा है। यही प्याज पहले 50 से 70 नगुल्ट्रम प्रति किलो बिक रहा था। नेपाल में प्याज की कीमतें लगभग दोगुनी हो गई है। जो प्याज 100-100 रुपए प्रति किलोग्राम बिक रहा था, जो अब प्याज 200 रुपए प्रति किलोग्राम बिक रहा है। नेपाल और मालदीव प्याज आयात के लिए लगभग पूरी तरह से भारत पर निर्भर है। मालदीव में जो प्याज 200 से 350 रूफिया प्रति पैकेट बिक रहा था।

अंतर्राष्ट्रीय फिल्म परियोजनाओं को आकर्षित करने सरकार का बड़ा कदम

# भारत में विदेशी फिल्म बनाने पर मिलेगी 30 करोड़ रुपए तक की प्रोत्साहन राशि

*केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्री की घोषणा के बाद बड़े बजट की अंतर्राष्ट्रीय फिल्म परियोजनाओं को आकर्षित करने के लिए प्रोत्साहन की अधिकतम सीमा को पहले के 2.5 करोड़ रुपए से बढ़ाकर 30 करोड़ रुपए कर दिया गया है। इस वर्ष नवंबर 2023 तक 35 विदेशी फिल्म परियोजनाओं को भारत में फिल्म निर्माण की अनुमति दी गई।*

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने भारत में शूटिंग के लिए अधिक विदेशी फिल्म निर्माताओं को आकर्षित करने के लिए नई प्रोत्साहन योजना की घोषणा की है। जिसमें इस वर्ष नवंबर 2023 तक 35 विदेशी फिल्म परियोजनाओं को भारत में फिल्म निर्माण की अनुमति दी गई। संसद में एक तारांकित प्रश्न का उत्तर देते हुए कहा कि वर्ष 2022 के लिए स्वीकृत फिल्मों की संख्या 28 और वर्ष 2021 के लिए स्वीकृत फिल्मों की संख्या 11 थी। उन्होंने संसद को बताया कि बड़े बजट की अंतर्राष्ट्रीय फिल्म परियोजनाओं को आकर्षित करने के लिए इस प्रोत्साहन की अधिकतम सीमा को पहले के 2.5 करोड़ रुपए से बढ़ाकर 30 करोड़ रुपए कर दिया गया है, वहीं प्रोत्साहन का अधिकतम प्रतिशत 35% से बजाय बढ़ाकर 40% कर दिया गया है।

**खास बातें**

- 2.5 करोड़ रुपए से बढ़ाकर 30 करोड़ रुपए
- 2022 के लिए स्वीकृत फिल्मों की संख्या 28 को अनुमति
- 2021 के लिए स्वीकृत फिल्मों की संख्या 11 को अनुमति
- 2023 में अब तक 35 विदेशी फिल्म को अनुमति



### प्रोत्साहन योजना अप्रैल 2022 से है प्रभावी

संसद में जानकारी देते हुए अनुराग ठाकुर ने कहा कि ऑडियो-विजुअल सह-निर्माण संधि के तहत फिल्मों के सह-निर्माण के लिए और भारत में विदेशी फिल्मों के निर्माण के लिए प्रोत्साहन योजना 01 अप्रैल 2022 से प्रभावी है। इस योजना का जिसका उद्देश्य भारत को अंतर्राष्ट्रीय फिल्मों के निर्माण के लिए एक पसंदीदा डेस्टिनेशन बनाना है, और इसके साथ ही रोजगार सृजित करना और भारत में विदेशी मुद्रा का प्रवाह बढ़ाना है।



### भारतीय कंटेंट होना जरूरी

यही नहीं विदेशी फिल्मों की लाइव शूटिंग के दौरान 15% या अधिक भारतीय क्रू को रोजगार देने पर 5% बोनस लिया जा सकता है। शूटिंग और पोस्ट-प्रोडक्शन के लिए ऐसी फिल्म अतिरिक्त 5% का दावा कर सकती है जिसमें भारतीय संस्कृति, प्रतिभा और पर्यटन स्थलों को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण भारतीय कन्टेंट हो। बड़े बजट की परियोजनाओं इस प्रोत्साहन की अधिकतम सीमा को पहले के 2.5 करोड़ रुपए से बढ़ाकर 30 करोड़ रुपए कर दिया गया है।

वहीं प्रोत्साहन का अधिकतम प्रतिशत 35% से बजाय बढ़ाकर 40% कर दिया गया है।

### परियोजनाएं आकर्षित करने प्रोत्साहन योजना को बढ़ाया और अधिक सरल बनाया गया

*उन्होंने बताया कि ज्यादा अंतर्राष्ट्रीय परियोजनाएं आकर्षित करने के लिए मंत्रालय द्वारा इस प्रोत्साहन योजना को बढ़ाया और सरल बनाया गया है। 20 नवंबर 2023 को घोषित संशोधित प्रोत्साहन योजना के अनुसार, विदेशी फिल्म निर्माण की सभी पात्र परियोजनाएं और ऑडियो विजुअल सह-निर्माण संधि के तहत बनाई जा रही सब फिल्में, भारत में किए गए योग्य खर्च पर 30% का नकद प्रोत्साहन ले सकती हैं।*

### और अधिक दी गई हैं सुविधाएं

*मंत्रालय ने बयान में कहा कि फिल्म सुविधा कार्यालय (एफएफओ) ने विदेशी फिल्म निर्माताओं के लिए एक ऑनलाइन सिंगल विंडो सुविधा एवं मंजूरी तंत्र स्थापित करने के उद्देश्य से नवंबर 2018 में अपने वेब पोर्टल की शुरूआत की। एफएफओ वेब पोर्टल को उसके बाद से भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के पोर्टल और रेल मंत्रालय के साथ एकीकृत किया गया है। ज्ञात हो कि भारत में फिल्म बनाने के लिए अंतर्राष्ट्रीय फिल्म निर्माताओं, कलाकारों और फिल्म निर्माण दल से जुड़े अन्य सदस्यों के लिए एक वर्ष की अवधि के लिए वैध एक से अधिक बार प्रवेश की सुविधा के साथ फिल्म वीजा की शुरूआत की गई है।*

अब दोनों देशों में यात्रा करना हो गया आसान

# केन्या और ईरान में भारतीयों से नहीं मांगा जाएगा 'वीजा'

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

केन्या के राष्ट्रपति विलियम रुटो ने 12 दिसंबर को घोषणा की कि जनवरी 2024 से विदेशी आगंतुकों को देश में प्रवेश करने के लिए वीजा की आवश्यकता नहीं होगी। विदेश यात्रा पर जाने वाले भारतीय लोगों को अब केन्या और ईरान के लिए वीजा की जरूरत नहीं पड़ेगी।




दोनों देशों ने खुद को वीजामुक्त देश बनाने का ऐलान कर दिया है। ईरान ने भी अपने देश में आने वाले 33 देशों के यात्रियों के लिए वीजा की जरूरत को खत्म कर दिया है। इनमें भारत भी शामिल है। यह पर्यटन और अंतरराष्ट्रीय संबंधों को बढ़ावा देने की दिशा में एक बड़ा कदम होगा। सरकार की योजना है कि देश में प्रवेश प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए डिजिटल प्लेटफॉर्म का उपयोग किया जाए।

### इन देशों में भी यात्रा वीजामुक्त

श्रीलंका, थाईलैंड और मलेशिया ने भारतीयों को वीजा-मुक्त प्रवेश देने का फैसला किया था। भारतीय पासपोर्ट धारक अब 57 देशों की यात्रा बिना वीजा की समस्या के कर सकते हैं। इस सूची में वीजा-मुक्त यात्रा, वीजा-ऑन-अराइवल सुविधाएं और इलेक्ट्रॉनिक ट्रैवल ऑथराइजेशन की पेशकश करने वाले देश शामिल हैं।

बर्फबारी बनी हादसे की वजह

# चीनः दो ट्रेनों की भीषण टक्कर 515 घायल, 102 की टूटी हड्डियां

एजेंसी ⏭ बीजिंग

चीन की राजधानी बीजिंग में इन दिनों भारी बर्फबारी हो रही है। भारी हिमपात के बीच दो सबवे ट्रेन में भिड़ंत होने से 515 लोग घायल हो गए और 102 लोगों की हड्डियां टूट गईं। घायलों को भर्ती कराया गया है। बीजिंग के चांगपिंग लाइन पर एक सबवे ट्रेन के डिब्बे अलग हो गए। दुर्घटना गुरुवार शाम 7 बजे हुई। पटरियों पर फिसलन के कारण आगे चल रही ट्रेन खुद रुक गई। पीछे से आ रही ट्रेन समय रहते ब्रेक नहीं लगा पाई और वह फिसल गई।

### बीजिंग में हो रही भारी बर्फबारी, स्कूल बंद



बीजिंग में बुधवार से भारी बर्फबारी शुरू हो गई थी, जिससे कुछ ट्रेनों का संचालन रोकना पड़ा और स्कूल बंद करने पड़े। हिमपात की चेतावनी जारी की गई है। रात भर पारा शून्य से 11 डिग्री सेल्सियस नीचे रहा। उत्तरी चीन में आए बर्फीले तूफान से अभी किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। भारी बर्फबारी से कई ट्रेनें रद्द कर दी गई।

सेल्फ-ड्राइविंग ट्रैक्टरों का चमत्कार

# रूस की बड़ी पहल, एआई तकनीक से कर रहा खेती



एजेंसी ⏭ मॉस्को

रूस में किसानों को आर्टिफिशियल इंजीनियरिंग का सीधा फायदा मिल रहा है। यहां आर्टिफिशियल इंजीनियरिंग का फायदा लेते हुए किसानों ने सेल्फ-ड्राइविंग ट्रैक्टरों का इस्तेमाल करना शुरू कर दिया है। इस नई तकनीक से किसानों को सीधा फायदा मिल रहा है। रूसी कृषि-औद्योगिक क्षेत्र में एआई-आधारित (कृत्रिम बुद्धिमत्ता) स्वायत्त ट्रैक्टरों का बड़े पैमाने पर परिचय शुरू हो गया है।

### 312 ट्रैक्टर कर रहे रूसी खेतों में काम

*रूसी अधिकारियों के मुताबिक, स्मार्ट मशीनरी ने कुल मिलाकर 2.3 मिलियन हेक्टेयर से अधिक भूमि की जुताई की। कुल मिलाकर, कॉग्निटिव एग्रो पायलट से लैस 312 ट्रैक्टर मार्च से नवंबर तक रूसी खेतों पर काम कर रहे हैं। प्रणाली का उपयोग करने से किसानों को 1,000 हेक्टेयर क्षेत्रफल वाले प्रति खेत से औसतन 2.6 मिलियन रूबल (28,700) या कुल मिलाकर 5 बिलियन रूबल (56 मिलियन) से अधिक की बचत करने में मदद मिली है।*

### इस सिस्टम का दुनिया में कोई एनालॉग नहीं

एआई टेक्नोलॉजीज पर आधारित कृषि मशीनरी के लिए कॉग्निटिव एग्रो पायलट ऑटोनॉमस ड्राइविंग सिस्टम का उत्पादन करन वाली कंपनी के मुताबिक, इस सिस्टम का दुनिया में कोई एनालॉग नहीं है। डेवलपर इस बात पर जोर देता है कि स्व-चालित ट्रक द्वारा स्वचालित जुताई से खेती की उत्पादकता 25% तक बढ़ सकती है और उर्वरक और बीज जैसी 20-40% अधिक सामग्री को संरक्षित करने में मदद मिल सकती है।

संसद की सुरक्षा में सेंध लगाने के पीछे ललित झा का दिमाग

# लखनऊ में बनवाया जूता के सोल, मुंबई से खरीदा था कनस्तर

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

संसद की सुरक्षा में सेंध लगाने के मामले में गिरफ्तार हुए पांचवें आरोपी ललित झा को शुक्रवार (15 दिसंबर) को दिल्ली की एक अदालत ने सात दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया। दिल्ली पुलिस ने बताया कि ललित झा ने खुद थाने आकर सरेंडर किया, जिसके बाद उससे पूछताछ शुरू की गई।



पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश करते हुए उसकी 15 दिन की रिमांड मांगी थी। दिल्ली पुलिस की ओर से पेश हुए लोक अभियोजक अखंड प्रताप सिंह ने कहा कि गुरुवार को अपनी गिरफ्तारी के बाद आरोपी झा ने इस मामले में अपनी संलिप्तता के बारे में खुलासा किया और बताया कि वह कैसे पूरी साजिश का 'मास्टरमाइंड' था। पुलिस ने कहा कि आरोपी के मोबाइल फोन की बरामदगी जरूरी है। पूछताछ में पता लगा कि आरोपियों ने जूते लखनऊ से और कनस्तर मुंबई से खरीदे थे।

### अभियोजक बोले विस्तार से हो जांच

लोक अभियोजक ने आरोपी ललित झा के लिए 15 दिनों की पुलिस रिमांड की मांग करते हुए कहा कि जिस तरह से साजिश रची गई, उसका पर्दाफाश करने की जरूरत है और विस्तार से जांच होना जरूरी है। उन्होंने यह भी कहा कि मामले में आरोपी अलग-अलग जगहों के हैं, इसलिए उन्हें अलग-अलग जगहों पर ले जाना होगा। उन मोबाइल फोन को भी बरामद करना होगा जिन्हें आरोपी झा ने कथित तौर पर नष्ट कर दिया।

### रैकी प्लानः प्रवेश के दौरान जूतों की नहीं होती जांच

साल 2022 में ललित, सागर, मनोरंजन की मुलाकात हुई और संसद में घुसने का प्लान बना। फिर नीलम और अमोल भी साजिश का हिस्सा बनें। 4 साल तक मौके का इंतजार कर रहे आरोपियों ने इस साल संसद की रेकी की और पता लगा कि संसद में घुसने के वक्त जूतों की जांच नहीं की जाती है। फिर लखनऊ से जूते और मुंबई से कनस्तर खरीदने के बाद आरोपी गुरुग्राम पहुंचे और विशाल शर्मा के घर पर रुके। इसके बाद प्रताप सिम्हा से पास लेने के बाद आरोपी संसद भवन में दाखिल हुए। दोपहर करीब 1 बजे सागर दर्शक दीर्घा से कूदा।

### मुंबई से लाए कनस्तर से निकली पीली गैस

बता दें कि बुधवार (13 दिसंबर) को लोकसभा में जब शून्यकाल चल रहा था तब दो आरोपी सार्वजनिक गैलरी से लोकसभा कक्ष में कूद गए थे। दोनों की पहचान सागर शर्मा और मनोरंजन डी के रूप में की गई। सोशल मीडिया पर सामने आई तस्वीरों और वीडियो में दोनों को कैनिस्टर पकड़े हुए देखा गया, जिससे पीली गैस निकल रही थी। आरोपी नारे भी लगा रहे थे। अमोल शिंदे और नीलम देवी के रूप में पहचाने गए दो अन्य आरोपियों ने भी संसद परिसर के बाहर इसी तरह के कैनिस्टरों से रंगीन गैस उड़ाई थी।

### लखनऊ में बने जूते पहनकर आए थे आरोपी

दिल्ली पुलिस ने नए संसद भवन की सुरक्षा में सेंध लगाने के जुर्म में गिरफ्तार किए गए चार आरोपियों को सात दिन की रिमांड पर लिया है। आरोपियों को अदालत के सामने पेश करते हुए पुलिस ने कहा कि आरोपियों ने हमले के लिए लखनऊ से खास तरह के जूते लिए थे। उन्होंने धुएं का कैन अपने जूतों में छिपा रखा था। अदालत को बताया गया कि खास तरीके के जूते लखनऊ में बनाए गए थे, जिनकी जांच की जानी है। पुलिस उन्हें मुंबई, मैसूर और लखनऊ ले जाना चाहती है।

## खबर संक्षेप



### अहलावत सऊदी ओपन में 22वें स्थान पर

**रियाद।** वीर अहलावत ने पहले दौर में एक अंडर 70 का कार्ड खेला, जिससे वह 10 लाख डॉलर इनामी सऊदी ओपन गोल्फ टूर्नामेंट के पहले दौर के बाद संयुक्त 22वें स्थान पर हैं जो भारतीयों में सर्वश्रेष्ठ है। भारत के ही एस चिक्कारंगप्पा और युवराज संधू ने इवन पार 71 का कार्ड खेला और यह दोनों संयुक्त 32वें स्थान पर हैं। थाईलैंड के चैपचाई नीरत सात अंडर 64 का स्कोर बनाकर पहले दौर के बाद बढ़त पर हैं। भारत के अन्य खिलाड़ियों में अजितेश संधू दो ओवर 73 का कार्ड खेलकर हनी बैसोया और करणदीप कोचर के साथ संयुक्त 60वें स्थान पर हैं।

### अफ्रीका की पिचें स्पिनरों के अनुकूल

**जोहानिसबर्ग।** भारतीय स्पिनर कुलदीप यादव ने कहा कि अपनी तेजी और उछाल के लिए मशहूर रहे दक्षिण अफ्रीका के विकेट



वर्तमान दौरे में स्पिनरों के भी अनुकूल हैं। कुलदीप ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीसरे और अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में 17 रन देकर 5 विकेट लिए। वह भुवनेश्वर कुमार के बाद दूसरे भारतीय गेंदबाज हैं जिन्होंने टी20 में अंतरराष्ट्रीय मैचों में दूसरी बार 5 विकेट लेने का कारनामा किया। अपना 29वां जन्मदिन मना रहे कुलदीप की शानदार गेंदबाजी से भारत ने यह मैच 106 रन से जीत कर तीन मैच की श्रृंखला 1-1 से बराबर की।

### भारत फीफा रैंकिंग में 65वें पायदान पर

**ज्यूरिख।** भारतीय टीम शुक्रवार को जारी फीफा रैंकिंग में चार स्थान के नुकसान के साथ 65वें पायदान पर लुढ़क गई है। महिला विश्व कप विजेता स्पेन यूएफा नेशंस लीग के




अंतिम चार में पहुंचने के बाद एक स्थान के सुधार के साथ शीर्ष पर पहुंच गया। स्वीडन महिला विश्व कप के बाद अगस्त में जारी पिछली फीफा रैंकिंग में शीर्ष पर था लेकिन अब पांचवें स्थान पर खिसक गया है। स्पेन इस महीने नेशंस लीग में अपने ग्रुप में शीर्ष पर रहा। चार टीमों के इसी ग्रुप में स्वीडन तीसरे स्थान पर था। स्पेन पहली बार महिला फुटबॉल में शीर्ष रैंकिंग पर पहुंचा है। फीफा ने बताया कि 211 सदस्यों में से इस रैंकिंग में 192 को जगह मिली है।

### मानवजीत, अंजुम राष्ट्रीय टीम में करेंगे वापसी

**नई दिल्ली।** अनुभवी निशानेबाज मानवजीत सिंह संधू और अंजुम मौदगिल अगले महीने क्रमशः



जकार्ता और कुवैत सिटी में होने वाले एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर के लिए राष्ट्रीय टीम में वापसी करेंगे। राइफल और पिस्टल स्पर्धाओं के लिए क्वालीफायर पांच से 18 जनवरी तक जकार्ता तो वही शॉटगन क्वालीफायर 12 से 23 जनवरी तक कुवैत सिटी में होंगे। भारत ने 20 सदस्यीय राइफल और पिस्टल टीम को मैदान में उतारा है। इसके अलावा 12 निशानेबाज शॉटगन क्वालीफायर में देश का प्रतिनिधित्व करेंगे।

### पाकिस्तान को भारत से सीख लेने की जरूरत

**कराची।** पूर्व टेस्ट कप्तान सलमान बट का मानना है ऑस्ट्रेलिया को उसकी सरजमीं पर शिकस्त देने के लिए पाकिस्तान को पड़ोसी भारत से सीख



लेनी चाहिए। पाकिस्तान मौजूदा समय में तीन मैचों की टेस्ट श्रृंखला के लिए ऑस्ट्रेलिया का दौरा कर रहा है। श्रृंखला का पहला टेस्ट गुरुवार को पर्थ में शुरू हुआ। भारत 2016-17 सत्र से लगातार चार बार दोनों देशों के बीच खेली जाने वाली टेस्ट मैचों की श्रृंखला बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी का विजेता रहा है।

# जोकोविच ने आठवीं बार जीता आईटीएफ वर्ल्ड चैंपियन अवार्ड



*लंदन। नोवाक जोकोविच और आर्यना सबालेंका को इस सत्र में चारों ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट के एकल वर्ग में कम से कम सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए अंतरराष्ट्रीय टेनिस महासंघ के 2023 के विश्व चैंपियन पुरस्कार से सम्मानित किया गया। जोकोविच ने रिकॉर्ड आठवीं बार एटीपी रैंकिंग में नंबर एक पर काबिज रहते हुए सत्र का अंत किया। उन्होंने इस सत्र में ऑस्ट्रेलियाई ओपन, फ्रेंच ओपन और अमेरिकी ओपन के खिताब जीतकर अपने कुल ग्रैंडस्लैम खिताब की संख्या 24 पर पहुंचाई। वह विंबलडन में उपविजेता रहे थे। जोकोविच ने आठवीं बार आईटीएफ विश्व चैंपियन का पुरस्कार हासिल किया और यह भी रिकॉर्ड है।*



### सबालेंका को पहला खिताब

सबालेंका ने पहली बार यह पुरस्कार हासिल किया। उन्होंने इस साल ऑस्ट्रेलियाई ओपन के रूप में अपना पहला ग्रैंडस्लैम खिताब जीता था। वह अमेरिकी ओपन में उपविजेता रही जबकि फ्रेंच ओपन और विंबलडन के सेमीफाइनल में पहुंची थी। वह सितंबर में पहली बार अपने करियर में डब्ल्यूटीए रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंची थी। उन्होंने सत्र का अंत इगा स्वियातेक के बाद दूसरे नंबर पर रहते हुए किया।

# मेसी की छह जर्सी 78 लाख डॉलर में बिकी



**न्यूयॉर्क।** अर्जेंटीना के दिग्गज फुटबॉलर लियोनेल मेसी की पिछले साल विश्व कप के दौरान पहनी गई छह जर्सी नीलामी में 78 लाख डॉलर में बिकी। नीलामी करने वाली संस्था सोथबी ने यह घोषणा की। सोथबी ने बताया कि मेसी ने इन शर्ट को कतर में 2022 में खेले गए फीफा विश्व कप के पहले चरण के मैचों में पहना था। इस साल खेल से जुड़ी वस्तुओं की नीलामी में यह सर्वाधिक कीमत पर बिकने वाली वस्तु रही। अर्जेंटीना ने विश्व कप फाइनल में फ्रांस को पेनल्टी शूटआउट में हराकर अपना तीसरा खिताब जीता था। निर्धारित समय तक दोनों टीम 3-3 से बराबरी पर थी जिसके बाद पेनल्टी शूटआउट का सहारा लिया गया था। मेसी की इन शर्ट के लिए विजेता बोली लगाने वालों के बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई है।

## क्रिकेट : महिला टीम ने पहली पारी में 428 और दूसरी पारी में बनाए 186/6 का स्कोर

# दीप्ति के पंजे में इंग्लैंड के बल्लेबाज भारत के पास 478 रन की बड़ी बढ़त

एजेंसी ▶▶| नवी मुंबई

दीप्ति शर्मा के हरफनमौला खेल से भारतीय महिला टीम इंग्लैंड के खिलाफ एकमात्र महिला टेस्ट के दूसरे दिन शुक्रवार को अपनी स्थिति बेहद मजबूत कर ली। अभी दो दिन का खेल बचा है और दूसरी पारी में अब तक 478 रन की बढ़त बनाने के बाद भारत के पास घरेलू सरजमीं पर पहली बार इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट जीतने का मौका है। भारत ने पहली पारी में 428 रन और दूसरी पारी में छह विकेट पर 186 रन बनाए। इंग्लैंड की पहली पारी महज 136 रन पर सिमट गई।

दीप्ति ने भारतीय टीम की पहली पारी में 113 गेंद में 67 रन बनाकर टीम के स्कोर को 428 रन तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाने के बाद अपनी शानदार फिरकी से इंग्लैंड की बल्लेबाजी क्रम को झकझोर दिया। उन्होंने 5.3 ओवर में चार मेडन और सात रन देकर पांच विकेट चटकाए जिससे इंग्लैंड की पहली पारी महज 136 रन पर सिमट गई। इंग्लैंड की टीम एक समय तीन विकेट पर 108 रन बनाकर अच्छी स्थिति में थी लेकिन इसके बाद दीप्ति के कहर से उसकी पारी सस्ते में निपट गयी। टीम ने 10 रन के अंदर आखिरी छह विकेट गंवा दिए। स्नेह राणा ने 25 रन देकर दो जबकि रेणुका सिंह और पूजा वस्त्राकर ने एक-एक विकेट चटकाए।



### दूसरे दिन गिरे 19 विकेट

दिन का खेल आगे बढ़ने के साथ पिच से स्पिनरों को अधिक मदद मिल रही थी। असामान्य उछाल के कारण बल्लेबाजों को परेशानी कर सामना करना पड़ रहा था। भारत को दूसरी पारी में स्मृति मंधाना (26) और शेफाली वर्मा (33) ने 61 रन की साझेदारी कर अच्छी शुरुआत दिलाई लेकिन इंग्लैंड की स्पिन गेंदबाजों ने इसके बाद भारतीयों को परेशान किया। चार्ली डीन (68 रन पर चार विकेट) और अनुभवी सोफी एक्लेस्टोन (76 रन पर दो विकेट) ने विकेट लिए। जेमिमा रोड्रिग्स ने भी बल्ले से 27 रन का योगदान दिया। मैच के दूसरे दिन कुल 19 विकेट गिरे जिसमें भारत की पहली पारी के तीन विकेट शामिल है। इसमें से 15 विकेट स्पिनरों के नाम रहे।

### भारत के चार विकेट शेष

भारत ने पहली पारी में 292 रन की बड़ी बढ़त लेने के बाद इंग्लैंड को फालोऑन करने की जगह दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने का फैसला किया। टीम ने दिन का खेल खत्म होने तक अपनी दूसरी पारी में छह विकेट पर 186 रन बना लिए।

**स्कोर बोर्ड**

| भारत पहली पारी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| स्मृति मंधाना बो बेल | 17 | 12 | 3 | 0 |
| शेफाली वर्मा बो क्रॉस | 19 | 30 | 4 | 0 |
| शुभा का ब्रंट बो एक्सेलेटन | 69 | 76 | 13 | 0 |
| जेमिमा रौड्रिग्स बो बेल | 68 | 99 | 11 | 0 |
| हरमनप्रीत कौर रन आउट | 49 | 81 | 6 | 0 |
| यास्तिका का बेल बो डीन | 66 | 88 | 10 | 1 |
| दीप्ति का एक्लेस्टोन बो बेल | 67 | 113 | 10 | 1 |
| स्नेह राणा बो ब्रंट | 30 | 73 | 5 | 0 |
| पूजा वस्त्राकर नाबाद | 10 | 45 | 2 | 0 |
| रेणुका सिंह बो एक्लेस्टोन | 01 | 07 | 0 | 0 |
| राजेश्वरी का डंकली बो एक्लेस्टोन | 0 | 5 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 32, कुल : 104.3 ओवर में 428/10
गेंदबाजी : क्रॉस 14-0-64-1, बेल 19-3-67-3, ब्रंट 11-4-25-1, फिलेर 15-1-84-0, डीन 19-1-67-1, एक्लेस्टोन 26.3-5-91-3.

| इंग्लैंड पहली पारी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| टैमी ब्यूमोंट रन आउट | 10 | 35 | 1 | 0 |
| सोफिया डंकली बो रेणुका | 11 | 10 | 2 | 0 |
| नाइट पगबाधा वस्त्राकर | 11 | 23 | 1 | 0 |
| नेट स्किवेर ब्रंट बो स्नेह | 59 | 70 | 10 | 0 |
| डेनी व्याट का जेमिमा बो दीप्ति | 19 | 24 | 4 | 0 |
| एमी जोन्स का शेफाली बो दीप्ति | 12 | 19 | 2 | 0 |
| सोफी एक्लेस्टोन बो दीप्ति | 00 | 02 | 0 | 0 |
| चार्ली डीन बो स्नेह | 00 | 09 | 0 | 0 |
| केट क्रॉस का एवं बो दीप्ति | 01 | 08 | 0 | 0 |
| लौरेन फिलर बो दीप्ति | 05 | 07 | 1 | 0 |
| लौरेन बेल नाबाद | 00 | 06 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 08, कुल : 35.3 ओवर में 136/10
गेंदबाजी : रेणुका 9-1-32-1, स्नेह राणा 6-0-25-2, वस्त्राकर 9-1-39-1, राजेश्वरी 6-0-25-0, दीप्ति 5.3-4-7-5.

# आई-लीग : इंटर काशी ने दिल्ली को 2-0 से हराया




**कल्याणी।** मोहम्मद आसिफ और जोर्डन लामेला के गोल के दम पर इंटर काशी ने आई-लीग फुटबॉल टूर्नामेंट में शुक्रवार को यहां दिल्ली एफसी को 2-0 से हराया। आसिफ ने मैच के 14वें जबकि लामेला ने 36वें मिनट में गोल कर मैच के पहले हाफ में टीम का दबदबा कायम किया। स्पेन के लामेला का मौजूदा सत्र में टीम के लिए चौथा गोल है जबकि 22 साल के आसिफ का यह सत्र का दूसरा गोल था। कल्याणी म्यूनिसिपल स्टेडियम में इस जीत के बाद इंटर काशी की टीम 10 मैचों में 14 अंक के साथ तालिका में छठे स्थान पर पहुंच गयी है। दिल्ली की टीम इतने ही मैचों में 13 अंक के साथ आठवें पायदान पर है।

# प्रियंका को ऑस्ट्रेलिया में अभ्यास की मिली मंजूरी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

*खेल मंत्रालय के मिशन ओलंपिक सेल ने पैदल चाल की एथलीट प्रियंका गोस्वामी के ऑस्ट्रेलिया में कोच ब्रेंट वालेस की निगरानी में अभ्यास करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर चुकी*




*प्रियंका ऑस्ट्रेलिया के कैनबरा के निकट स्थित प्रशिक्षण केंद्र में अभ्यास करेगी। उनको मिलने वाली वित्तीय सहायता में हवाई किराया, भोजन-आवास की लागत, खेल विज्ञान सहायता के लिए व्यय, कोचिंग शुल्क सहित अन्य खर्च शामिल होंगे।*

# आईडब्लएफ ग्रां प्री दो में 12वें स्थान पर रहे गुरदीप

*दोहा। राष्ट्रमंडल खेलों के पदक विजेता भारतीय भारोत्तोलक गुरदीप सिंह ने यहां आईडब्लूएफ ग्रां प्री दो में पुरुषों के 109 किग्रा भार से अधिक के वर्ग में 12वें स्थान पर रहकर निराशाजनक प्रदर्शन किया। पंजाब के इस 28 वर्षीय खिलाड़ी ने कुल मिलाकर 340 किग्रा भार उठाया जो पिछले साल बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में उठाए गए वजन से 50 किग्रा कम था। गुरदीप ने राष्ट्रमंडल खेलों में 390 किग्रा भार उठाकर कांस्य पदक जीता था। कलाई की चोट के कारण इस साल अधिकतर प्रतियोगिताओं में नहीं खेल पाने वाले गुरदीप ने स्नैच वर्ग में 145 किग्रा और इसके बाद क्लीन एवं जर्क में 195 किग्रा वजन उठाया।*

# जमाल के छह विकेट से ऑस्ट्रेलिया 487 पर आउट, संभला पाकिस्तान

एजेंसी ▶▶| पर्थ

तेज गेंदबाज आमिर जमाल ने अपने पदार्पण टेस्ट मैच में ही पारी में छह विकेट लेने का कारनामा करके ऑस्ट्रेलिया को पहले टेस्ट क्रिकेट मैच में शुक्रवार को यहां 500 रन तक पहुंचने से रोका। इसके बाद पाकिस्तान ने सतर्क शुरुआत करते हुए दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक 53 ओवर में दो विकेट पर 132 रन बनाए। ऑलराउंडर मिशेल मार्श ने 90 रन की शानदार पारी खेली, लेकिन जमाल ने 111 रन देकर छह विकेट लिए, जिससे पाकिस्तान ने ऑस्ट्रेलिया को पहली पारी में 487 रन ही बनाने दिए।

ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी का आकर्षण सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर का शतक रहा। उन्होंने पहले दिन 211 गेंद पर 164 रन की पारी खेली थी। पाकिस्तान की टीम अभी ऑस्ट्रेलिया से 355 रन पीछे है। उसके बल्लेबाजों ने किसी तरह का जोखिम नहीं लिया। अब्दुल्ला शफीक (42) और इमाम उल हक (नाबाद 38) ने पहले टिकट के लिए 36.2 ओवर में 74 रन जोड़कर पाकिस्तान को सधी शुरुआत दिलाई। ऑफ स्पिनर नाथन लियोन ने शफीक को वॉर्नर के हाथों कैच कराकर ऑस्ट्रेलिया को पहली सफलता दिलाई। पाकिस्तान के आउट होने वाले दूसरे बल्लेबाज कप्तान शान मसूद (30) थे जिन्हें तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क ने विकेट के पीछे कैच कराया। स्टंप उखड़ने के समय इमाम 38 और नाइट वॉचमैन खुर्रम शहजाद सात रन पर खेल रहे थे।



### अनोखे रिकार्ड की बराबरी

जमाल ने अपना पांचवा विकेट लेने के बाद पिच को चूमा। यह 1967 के बाद पहला अवसर है जबकि किसी विदेशी खिलाड़ी ने ऑस्ट्रेलिया में पदार्पण करते हुए पारी में पांच या इससे अधिक विकेट लिए। जमाल से पहले भारत के आबिद अली ने 1967 में एडिलेड ओवल में 55 रन देकर 6 विकेट लिए थे।

**पांच मैचों की श्रृंखला में 2-0 से बढ़त बनाई**

# वेस्टइंडीज ने टी20 में बनाई 2-0 की बढ़त, इंग्लैंड को 10 रन से दी मात

एजेंसी ▶▶| सेंट जॉर्ज

*ब्रैंडन किंग के नाबाद अर्धशतक और अलजारी जोसेफ की शानदार गेंदबाजी के दम पर वेस्टइंडीज ने दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में इंग्लैंड को 10 रन से हराकर पांच मैचों की श्रृंखला में 2-0 से बढ़त बनाई।*

*इंग्लैंड ने टॉस जीत कर वेस्टइंडीज को पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया और जल्द ही उसका स्कोर 4 विकेट पर 54 रन कर दिया। सलामी बल्लेबाज किंग ने ऐसे में 52 गेंद पर नाबाद 82 रन बनाए जबकि कप्तान रोवमैन पावेल ने 28 गेंद पर तीन चौकों और पांच*



*छक्कों की मदद से 50 रन बनाए जिससे वेस्टइंडीज ने 7 विकेट पर 176 रन का चुनौती पूर्ण स्कोर खड़ा किया। इसके जवाब में इंग्लैंड की टीम 7 विकेट पर 166 रन ही बना पाई। उसकी तरफ सैम कुरेन ने सर्वाधिक 50 रन का योगदान दिया। वेस्टइंडीज की तरफ से जोसेफ ने 39 रन देकर तीन और अकील हुसैन ने 24 रन देकर दो विकेट लिए। ऑलराउंडर आंद्रे रसेल काफी महंगे साबित हुए। उन्होंने चार ओवर में 66 रन दिए और उन्हें कोई विकेट नहीं मिला। इंग्लैंड को अंतिम ओवर में 28 रन की जरूरत थी और उसने रसेल के इस ओवर में 17 रन बनाए।*

# स्पेन ने भारतीय महिला टीम को 3-2 से हराया

एजेंसी ▶▶| वालेंशिया

*भारतीय महिला हॉकी टीम को शुक्रवार को यहां पांच देशों के टूर्नामेंट के शुरुआती मैच में बढ़त बनाने के बावजूद स्पेन से 2-3 से हार का सामना करना पड़ा। भारत के लिए गुरजीत कौर (13वें मिनट) और संगीता कुमारी (14वें मिनट) ने एक-एक गोल किए। स्पेन के लिए सारा बैरियोस नवारो (दूसरे), पेट्रीसिया अल्वारेज नार्डिज (30वें) और जूलिया स्ट्रैपाटो गैरेटा (53वें) ने गोल दागे। स्पेन की टीम ने मैच की शुरुआत आक्रामक तरीके से की जिसका फायदा उन्हें दूसरे मिनट में ही मिल गया। नवारो के गोल से टीम में अपना खाता खोला। भारत ने*



*हालांकि इसके बाद समय गंवाये बिना जवाबी हमला कर पेनल्टी कॉर्नर अर्जित किया। गुरजीत कौर गोलकर इस अवसर को भुनाने में सफल रही। इसके तुरंत बाद संगीता कुमारी ने स्पेन की रक्षापंक्ति में सेंध लगाकर भारत को बढ़त दिला दी। पहला क्वार्टर भारत के पक्ष में 2-1 से समाप्त हुआ। स्पेन ने दूसरे क्वार्टर के आखिरी क्षणों के खेल में नार्डिज के गोल से बराबरी हासिल की।*

## जूनियर पुरुष हॉकी विश्व कप : मजबूत स्पेन से सामना आज

# कांस्य पदक मैच में पूरा दमखम दिखाएगा भारत

एजेंसी ▶▶| कुआलालंपुर

अब तक मौकों का फायदा उठाने में नाकाम रही भारतीय टीम को अगर जूनियर पुरुष हॉकी विश्व कप के शनिवार को होने वाले कांस्य पदक के मैच में मजबूत स्पेन को हराना है तो उसे जल्द से जल्द अपने खेल में सुधार करना होगा।

भारत ने गुरुवार को जर्मनी के खिलाफ सेमीफाइनल में 12 पेनल्टी कॉर्नर गंवाए जिससे इस मैच में उसे 1-4 से हार का सामना करना पड़ा। इस पराजय से भारतीय टीम का मनोबल गिरा होगा, लेकिन अगर उसे पोडियम पर पहुंचना है तो स्पेन के खिलाफ अवसरों को भुनाना होगा। पूल चरण के मैच में स्पेन ने




भारत को 4-1 से हराया था। स्पेन की टीम भी दूसरे सेमीफाइनल में फ्रांस के हाथों 1-3 से हार के कारण आहत होगी लेकिन वह कांस्य पदक जीतने के लिए किसी तरह की कसर नहीं छोड़ेगी। भारतीय टीम भी इस प्रतियोगिता में चौथी बार पोडियम पर पहुंचने की कोशिश करेगी। उसने इस टूर्नामेंट में दो बार (होबार्ट में 2001 और लखनऊ में 2016) स्वर्ण पदक और 1997 में इंग्लैंड के मिल्टन केंस में रजत पदक जीता था। लेकिन उत्तम सिंह की अगुवाई वाली टीम को अगर इस सूची में शामिल होना है तो उसे अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। भारत के लिए यह प्रतियोगिता मिश्रित सफलता वाली रही है।

उसने क्वार्टर फाइनल में विश्व की नंबर चार टीम नीदरलैंड को 4-3 से हराया था लेकिन छह बार के चैंपियन जर्मनी के खिलाफ उसके खिलाड़ी यह लय बरकरार नहीं रख पाए। भारतीय कप्तान उत्तम ने स्वीकार किया कि उन्होंने कई मौके गंवाए लेकिन साथ ही कहा कि उनके पास अब भी पोडियम पर पहुंचने का मौका है और वह इसके लिए अपनी तरफ से कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।

### स्पेन का पलड़ा भारी

*जहां तक स्पेन की बात है तो उसकी टीम अभी तक इस टूर्नामेंट के फाइनल में जगह नहीं बना पाई है। उसका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 2005 में रहा था जब उसकी टीम ने कांस्य पदक जीता था। भारत और स्पेन ने पुरुष जूनियर विश्व कप में अभी तक एक दूसरे के खिलाफ आठ मैच खेले हैं। इनमें से स्पेन ने पांच मैच में जीत दर्ज की है। इस बीच 2021 में भुवनेश्वर में उप विजेता रही जर्मनी की टीम फाइनल में फ्रांस का सामना करेगी। फ्रांस ने पिछली बार कांस्य पदक जीता था।*





जान बचाने के पवित्र उद्देश्य के साथ किया गया अपराध है: शिवराज

# पूर्व मुख्यमंत्री ने छात्रों पर डकैती की एफआईआर दर्ज होने पर चीफ जस्टिस से माफी देने के लिए पत्र लिखकर किया आग्रह



## कुलपति की जान बचाने छात्रों ने ड्राइवर से कार छीन पहुंचाया था अस्पताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हाई कोर्ट के जज की कार छीनकर कुलपति की जान बचाने के लिए अस्पताल ले जाने वाले छात्रों को कहीं से राहत नहीं मिल रही है। पुलिस ने जहां छात्रों के खिलाफ डकैती का अपराध पंजीबद्ध कर लिया है, वहीं जिला अदालत ने उन्हें जमानत देने से इंकार कर दिया है। मामले के तूल पकड़ने के बाद पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान भी एक्शन में आ गए हैं। उन्होंने जबलपुर हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस को पत्र लिखकर छात्रों को माफी देने का आग्रह किया है। शिवराज ने पत्र में लिखा है कि छात्रों द्वारा किया गया कृत्य की जान बचाने के पवित्र उद्देश्य के साथ किया गया अपराध है। युवकों का भाव किसी तरह का द्वेष या आपराधिक कार्य करने का नहीं था। सीएम शिवराज ने उच्च न्यायालय से स्वतः संज्ञान लेने का अनुरोध किया है।

### दर्ज प्रकरण वापस लेने की कृपा करें

महोदय, चूंकि यह एक अलग तरह का मामला है, जिसमें पवित्र उद्देश्य के साथ अपराध किया गया है। इस मामले में दोनों छात्र हिमांशु और सुकृत ने मानवीय आधार पर सहयोग एवं जान बचाने के अभिप्राय से यह अपराध किया है। छात्रों का भाव किसी तरह का द्वेष या अपराधिक कार्य करने का नहीं था। चूंकि यह एक अपराध है, लेकिन क्षमायोग्य कृत्य भी है। अतः मेरा निवेदन है कि, माननीय उच्च न्यायालय स्वतः संज्ञान लेकर दोनों छात्रों के भविष्य को देखते हुए दर्ज प्रकरण को वापस लेकर छात्रों को क्षमा करने की कृपा करें।

## कुलपति की जान बचाने के प्रयास में छात्रों से अज्ञानतावश हुआ अपराध: विष्णुदत्त शर्मा

### भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने अभिभावकों को मदद का दिया भरोसा



**भोपाल।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने ग्वालियर रेलवे स्टेशन पर एक निजी विवि के कुलपति को अस्पताल पहुंचाने के लिए वाहन ले जाने के मामले में छात्रों को आरोपी बनाए जाने के मामले पर संज्ञान लिया है।

### की जाएगी मदद

शर्मा ने छात्र एवं उनके अभिभावकों को हर संभव मदद का आश्वासन दिया है। शर्मा ने कहा कि दोनों छात्रों ने मानवीय आधार पर कुलपति की जान बचाने के लिए हर संभव प्रयास किए, छात्रों का उद्देश्य मानवतावादी था। छात्रों के परिजनों को भरोसा दिलाया है कि उन पर दर्ज प्रकरण को लेकर मानवता के आधार पर हर संभव मदद की जाएगी।

## लौह पुरुष की पुण्यतिथि पर श्रद्धासुमन किए अर्पित



**भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने शुक्रवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में देश की एकता व अखण्डता के सूत्रधार, भारत रत्न से सम्मानित 'लौह पुरुष' सरदार वल्लभ भाई पटेल की पुण्यतिथि पर उनके चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर नमन किया। शर्मा ने कहा कि देश के नवनिर्माण तथा एकता को बनाए रखने में सरदार पटेल का योगदान युगों-युगों तक याद किया जाएगा। इस दौरान प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद, प्रदेश कार्यालय प्रभारी व विधायक भगवानदास सबनानी, प्रदेश कार्यालय मंत्री डॉ. राघवेन्द्र शर्मा, प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल एवं पूर्व मंत्री व विधायक गोविंद सिंह राजपूत ने भी श्रद्धासुमन अर्पित किए।

## डीके हनी होम्स के पास लगा जाम

**भोपाल।** कोलार रोड के डीके हनी होम्स के पास देर रात इस कदर जाम लग गया कि यहां के रहवासी अपने घरों में फंसे रहे गए।



एक प्रत्याक्षदर्शी ने बताया कि पिछले एक घंटे से जाम लगा है और थाने में फ़ोन करने के बाद भी कोई व्यवस्था नहीं है, लोग परेशान हो रहे हैं। वहीं थाने से पहुंचे पुलिसकर्मी रहवासियों को परेशान करते रहे।

उप मुख्यमंत्री ने किया चित्रकूट में वैदिक एवं संस्कृत विद्यापीठ का लोकार्पण

# सनातन धर्म और संस्कृति के संरक्षण में मील का पत्थर साबित होगा विद्यापीठ: उप मुख्यमंत्री शुक्ल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने कहा कि धैर्य और संयम के साथ अपने कर्तव्यों को पूरा करना ही राजनीति का मूल मंत्र है। उन्होंने कहा कि चित्रकूट की पवित्र धार्मिक नगरी में बलराम देशिक संस्कृत विद्यापीठ की ओर से संचालित प्रियंबदा बिड़ला वैदिक एवं संस्कृत विद्यालय हमारी संस्कृति और सनातन धर्म के संरक्षण में मील का पत्थर साबित होगा।



उप मुख्यमंत्री शुक्ल चित्रकूट के नयागांव में आचार्य आश्रम के समीप नवनिर्मित प्रियंबदा बिड़ला वैदिक एवं संस्कृत विद्यालय के भव्य भवन के लोकार्पण अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। आचार्य आश्रम नयागांव के पूज्य डॉ बदरी प्रपन्नाचार्य महाराज, वरुण प्रपन्नाचार्य महाराज, चित्रकूट के साधु-संतों की उपस्थिति में उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने वैदिक मंत्रो और श्लोक के बीच विधि विधान पूर्वक वैदिक एवं संस्कृत विद्यापीठ का लोकार्पण किया। उन्होंने संस्कृत विद्यालय के प्रत्येक पठन कक्षों में जाकर पठन-पाठन के लिए की गई व्यवस्थाओं का अवलोकन किया।

### मप्र को देश का सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाने का संकल्प

उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि प्रदेश की जनता ने सरकार को इतना बड़ा जनादेश दिया है। यह जनादेश जन आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए है। राज्य सरकार ने मध्यप्रदेश को देश का विकसित और सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाने का संकल्प लिया है। इसके साथ ही विंध्य क्षेत्र को हिंदुस्तान का सबसे बेहतर और समृद्धशाली क्षेत्र बनाने का संकल्प भी पूरा होगा। उन्होंने कहा कि आचार्य आश्रम के स्वामी बदरी प्रपन्नाचार्य जी ने संस्कृत विद्यालय के 1982 में स्थापना काल से अब तक की प्रगति का रेखांकन करते हुए संस्कृत विद्यालय की स्थापना और भवन निर्माण के लिए सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री शुक्ल को संस्कृत भाषा में रचित अभिनंदन पत्र भेंट किया गया।



### मां के दरबार में पहुंचे डिप्टी सीएम शुक्ल

उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने शुक्रवार को मैहर पहुंच कर मां शारदा देवी के दर्शन और पूजा अर्चना की। उन्होंने सपत्नीक मंदिर में हवन पूजन कर प्रदेश वासियों की सुख समृद्धि की कामना की। इस मौके पर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी एवं मैहर और रीवा के स्थानीय जनप्रतिनिधि गण व अन्य उपस्थित रहे।

### शुक्ल रीवा में विकसित भारत संकल्प यात्रा शुभारंभ कार्यक्रम में होंगे शामिल

उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल 16 दिसंबर को रीवा प्रवास में रहेंगे। उप मुख्यमंत्री दोपहर 2 बजे सिरमौर चौराहा सब्जी मंडी, रीवा में विकसित भारत संकल्प यात्रा शुभारंभ कार्यक्रम में शामिल होंगे। केन्द्र सरकार की जनहितैषी योजनाओं, लाभों और सुविधाओं के बारे में जागरूकता सुनिश्चित करने और समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजना की पहुंच को सुगम बनाने के उद्देश्य से विकसित भारत संकल्प यात्रा शुरू की जा रही है।

## पूर्व सीएम शिवराज ने दिखाई मानवता, घायल को कार से पहुंचवाया अस्पताल



**भोपाल।** पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान चुनाव प्रचार से लेकर अब तक शिवराज किसी न किसी कार्य की वजह से चर्चा में बने रहते हैं। शुक्रवार को भी शिवराज का मानवीय रूप एक बार फिर से देखने को मिला। उन्होंने एक घायल शख्स को अस्पताल पहुंचवाया। घायल की मदद करते वक्त शिवराज के हाथों में खून भी लगा, लेकिन उन्होंने कहा कि खून बाद में साफ करूंगा पहले घायल की मदद करो। दरअसल, शिवराज अपने निवास से सीएम हाउस जा रहे थे। इस दौरान रवींद्र भवन के सामने एक युवक डिवाइडर से टकरा जाने के चलते घायल पड़ा था। चौहान तुरंत गाड़ी से उतरे और लोगों की मदद से घायल को उठाया।

- रवींद्र भवन के पास घायल पड़ा था युवक
- शिवराज अपने निवास से जा रहे थे सीएम हाउस

### मामा आप साथ हो ना?

जब शिवराज घायल व्यक्ति की मदद कर रहे थे, तब उसने शिवराज से भावुक होकर पूछा- मामा आप साथ तो हो न? इस पर शिवराज ने जवाब दिया कि वह पूरी तरह से उसके साथ हैं। शिवराज ने कहा कि मेरा आदमी तुम्हारे साथ जा रहा है चिंता मत करना।






## श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी का शहीदी गुरु पर्व कल मनाया जाएगा

**भोपाल।** श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी का शहीदी गुरपुरब पर्व 17 दिसंबर रविवार को गुरुद्वारा गुरु नानक पुरा रायसेन रोड भोपाल में सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक मनाया जा रहा है एवं 17 दिसंबर को ही रात का दीवान 7:30 से 11:30 बजे तक होगा। भव्य कवि दरबार में इंटरनेशनल पंथक कवि करमजीत सिंह नूर जालंधर पंजाब, एवं कवि गुरचरण सिंह चरण पंथक कवि दिल्ली , पंथक कवि राशपाल सिंह जालंधर कीर्तन दरबार में रागी जत्था भाई हरमिंदर सिंह, गुरुद्वारा के ग्रंथी कमलजीत सिंह द्वारा शहीदी पर्व मनाया जाएगा।

## गीता जयंती 23 दिसंबर को, होंगे कई कार्यक्रम, विदेशी भक्त होंगे शामिल

**भोपाल।** राजधानी में गीता जयंती 23 दिसम्बर को मनाई जाएगी। गीता जयंती के पूर्व तुलादान कार्यक्रम का आयोजन भी किया जाएगा। इसके तहत तराजू के एक पलड़े पर भागवत गीता को रखा जाएगा और दूसरी ओर अनुयायी को बिठाया जाएगा। इसके बाद तुलादान करने के बाद गीता वितरण किया जाएगा।

### विदेशों से आए भक्त

इस्कॉन की ओर से चल रही गीता मैराथन में विदेशों से आए अनुयायी भी गीता का वितरण शहर में कर रहे हैं। शहर में अनेक स्थानों पर विदेशी अनुयायियों की ओर से भी हरे कृष्ण, हरे राम संकीर्तन के साथ गीता का वितरण किया।






## बैरसिया पुलिस ने ड्राइवर समेत 4 पर दर्ज किया मामला

# दो लोडिंग वाहनों का पीछा कर रोका, 9 मवेशी किए बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बैरसिया थाना क्षेत्र स्थित रानी खजूरी गांव में पुलिस ने दो लोडिंग वाहनों का पीछा कर उसमें मौजूद 9 मवेशियों को बरामद किया गया। पुलिस वाहन चालकों समेत चार लोगों के खिलाफ गोवंश वध प्रतिषेध अधिनियम की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। सभी मवेशियों को ग्राम सोहाया स्थित गोशाला में रखा गया है।

हेड कांस्टेबल राम निवास ओझा ने बताया कि बुधवार रात उनकी नाइट ड्यूटी थी और वे रात्रि गश्त कर रहे थे। इस दौरान डायल 100 पर सूचना आई कि टाटा मैजिक और एक अन्य लोडिंग वाहन में मवेशी भरकर ले जाए जा रहे हैं। वे दो आरक्षकों के साथ रानी खजूरी जोड़ पर सुबह करीब साढ़े तीन बजे खड़े होकर वाहनों का इंतजार करने लगे। इसी बीच दोनों लोडिंग वाहन वहां पहुंचे। पुलिस ने ड्राइवरों को रुकने के लिए कहा गया तो दोनों ने गाड़ियों की रफ्तार बढ़ा दी। पुलिस ने उनका पीछा कर गांव के रास्ते भागने लगे। गांव में बबूल के पेड़ में मैजिक वाहन फंसने से रुक गया। वाहन रुकने से पीछे वाला वाहन भी रुक गया था। पुलिस की टीम वाहनों के पास पहुंची तो ड्राइवर सीट पर बैठे दो युवकों ने मैजिक से उतरकर खेत की तरफ दौड़ लगा दी, जबकि कंडक्टर साइड में बैठे दो आरोपियों को पुलिस ने पकड़ लिया। लोडिंग वाहनों की तलाशी ली तो उसमें 9 मवेशी भरे मिले, जिन्हें क्रूरतापूर्वक ठूस-ठूसकर भरा गया था। गिरफ्तार आरोपियों ने अपने नाम अर्जुन राजपूत निवासी ग्राम बुदोर, तहसील, नटेरन जिला विदिशा और सुनील जाटव, निवासी रुसल्ली, तहसील शमशाबाद, जिला विदिशा बताया। उक्त मामले में पुलिस को गोलू यादव और छोटू यादव की तलाश कर रही है।






हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्प्लैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930